प्रकाशन का सफलतम 18 वां वर्ष

सुविचार

"मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है. सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन"

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306



10

वर्ष - 18 | अंक 95 | दैनिक | रांची | मंगलवार 19 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

## हिमालय से जैसलमेर पहुंचे 200 दुर्लभ गिद्ध

### सर्दियों में पसंदीदा जगह झुंड में आया मेहमान पक्षी हिमालयन ग्रिफॉन



**जैसलमेर (एजेंसी)।** जैसलमेर जिले में प्रवासी गिद्धों की आवक शुरू हो चुकी है। जिले में कई जगहों पर गिद्धों ने अपना डेरा डाल दिया है। ये पक्षी अब करीब 4 महीने तक जिले में प्रवास करेंगे। चार महीने के बाद गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही वापस लौट जाएंगे। जिले के धोलिया, भादरिया गांवों की ओरण के साथ जैसलमेर के राष्ट्रीय मरु उद्यान (डीएनपी) व फतेहगढ़ के देगराय ओरण में गिद्ध नजर आए हैं।

वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम पेमानी ने बताया- हिमालयन ग्रिफॉन गिद्ध के साथ ही यूरेशियन ग्रिफॉन व सिनेरियस वल्चर प्रजाति के गिद्धों ने जिले का रुख किया है। अब तक 200 से भी ज्यादा गिद्ध पहुंच चुके हैं और इनका आना अब लगातार जारी रहेगा।

### हिमालय से आते हैं जैसलमेर

दरअसल, दुर्लभ प्रजाति के गिद्ध सर्दी के मौसम में हिमालय से जैसलमेर पहुंचते है। ये गिद्ध अक्टूबर महीने के अंतिम हफ्ते व नवंबर महीने के पहले सप्ताह तक यहां पहुंचते है और फरवरी महीने तक यहीं रहते है। इस बार भी हिमालयन ग्रिफॉन के साथ अन्य प्रजातियों के गिद्धों ने जिले में डेरा डाला है। झुंड के रूप में अलग-अलग प्रजाति के 200 से अधिक गिद्ध यहां पहुंचे है। इनमें से कुछ संकटग्रस्त प्रजाति के भी गिद्ध है, जो पर्यावरण को शुद्ध रखने में काफी मददगार होते है। मृत जानवरों का सेवन कर प्रदूषण फैलने से रोकते है और पर्यावरण शुद्ध रहता है। हिमालयन ग्रिफॉन, यूरेशियन ग्रिफॉन व सिनेरियस वल्चर प्रजाति के ये दुर्लभ गिद्ध सर्दियों में जैसलमेर प्रवास करते हैं।

## म.प्र.में खाद की किल्लत, सड़क पर उतरेंगे किसान

### पूरे प्रदेश में आज ज्ञापन सौंपेगा भाकिसं



**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में खाद की किल्लत है। दूसरी ओर, डीएपी-यूरिया की कालाबाजारी भी हो रही है। भोपाल में एक दुकानदार पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। वहीं, भोपाल, टीकमगढ़, सागर समेत कई जिलों में किसान खाद के लिए हंगामा कर चुके हैं। इसी बीच सोमवार को भारतीय किसान संघ प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपेगा।

## सड़क हादसे में दो सगे भाइयों सहित 3 की मौत

**नोखा (एजेंसी)।** बीकानेर के नोखा में दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में 3 युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल से गुजर रहे ग्रामीण ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी, हालांकि अस्पताल ले जाते वक्त गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि वह करीब एक घंटे तक सड़क पर ही तड़पता रहा। मृतकों में दो सगे भाई हैं। दोनों सीकर से नीट की तैयारी कर रहे थे। वहीं तीसरा युवक गांव में अपना मकान बना रहा था। हादसा रविवार रात 9.30 बजे नोखा (बीकानेर) के पांचू थाना क्षेत्र में हुआ।

## लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल अमेरिका में गिरफ्तार, 10 लाख का था इनाम

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्टों के अनुसार, अनमोल को कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया गया। मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस के छोटे भाई के प्रत्यर्पण के लिए अमेरिका को प्रस्ताव भेजा था।



अमेरिकी अधिकारियों ने बताया था कि अनमोल बिश्नोई उनके देश में मौजूद है। अनमोल पर 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।

**बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में नाम-** बाबा सिद्दीकी मर्डर मामले में मुंबई पुलिस को अनमोल की तलाश है। मुंबई पुलिस की जांच में दावा किया गया है कि अनमोल ने एक अन्य आरोपी सुजीत सुशील सिंह के माध्यम से हथियार और वित्तीय मदद उपलब्ध कराई थी। अनमोल ने कथित तौर पर सिद्दीकी और उसके बेटे जीशान की तस्वीरें स्नैपचैट के माध्यम से किराए के शूटरों को भेजीं। शूटरों ने हत्या से एक महीने पहले इलाके की रेकी की थी।

## भारतीय छात्रों के लिए 'गुड न्यूज', यूएस की टॉप यूनिवर्सिटी भारत में खोलेगी कैंपस!

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया की टॉप मेडिकल यूनिवर्सिटी का जब भी जिक्र होता है, तो उसमें अमेरिका की जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के नाम का जिक्र जरूर होता है। ये अमेरिकी यूनिवर्सिटी जल्द ही भारत में अपना कैंपस खोल सकती है।



दरअसल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूनिवर्सिटी के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। जहां दोनों पक्षों ने भारत में जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के एक कैंपस की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा की। 12 सदस्यों वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जेएच के अध्यक्ष रोनाल्ड जे डेनियल ने किया। इस प्रतिनिधिमंडल में 'गुप्ता क्लिंस्की इंडिया इंस्टिट्यूट' के अधिकारी भी शामिल थे।

## हरिनी अमरसूर्या श्रीलंका की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनीं, दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ीं हैं

**कोलंबो (एजेंसी)।** हरिनी अमरसूर्या श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री बनाई गई हैं। इस पद पर पहुंचने वाली वह श्रीलंका की तीसरी महिला नेता हैं। वे 2 महीने पहले श्रीलंका में बनी अंतरिम सरकार में भी प्रधानमंत्री रह चुकी हैं।



प्रधानमंत्री बनाई गईं हरिनी अमरसूर्या की पढ़ाई 1991 से 1994 तक दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से हुई है। उन्होंने 5 साल पहले ही राजनीति में एंट्री ली थी। श्रीलंका में 14 नवंबर को संसदीय चुनाव हुए थे। इसमें राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन एनपीपी को जीत मिली थी।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंचा, सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-

## दिल्ली-एनसीआर से हमारे, अगले आदेश तक नहीं हटेगा ग्रेप -4



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को ग्रेप-4 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सभी एनसीआर राज्यों को ग्रेप-4 के तहत आवश्यक निगरानी कार्यों के लिए तत्काल टीमों का गठन करने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने 12वीं तक के स्कूल बंद करने को कहा।

जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह सुनिश्चित करना सभी राज्यों का संवैधानिक कर्तव्य है कि सभी नागरिक प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहें। पीठ ने कहा, 'हम ग्रेन-4 'के तहत प्रतिबंधों को जारी रखने का निर्देश देते हैं, भले ही एक्यूआई स्तर 450 से नीचे चला जाए।

### 12वीं तक सभी स्कूलों को बंद करने के निर्देश

**प्रदूषण को रोकने के लिए उठाए गए कदमों की दें जानकारी** - सुप्रीम कोर्ट ने सभी एनसीआर राज्य सरकारों और केंद्र को निर्देश दिया कि वे ग्रेप-4 में बताए गए सभी उपायों पर तुरंत विचार करें और सुनवाई की अगली तारीख से पहले उठाए गए सभी कदमों की जनकारी दें। दिल्ली और एनसीआर सरकारों को ग्रेप-4 के उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए एक शिकायत निवारण तंत्र भी स्थापित करने को कहा।

**अगले आदेश तक दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-4 लागू रहेगा** - सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसके अगले आदेश तक ग्रेप-4 दिल्ली और एनसीआर में लागू रहेगा, भले ही एक्यूआई 450 से नीचे चला जाए। सभी राज्य और केंद्र सरकारों को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने को कहा।

मणिपुर हिंसा

## सुरक्षाबलों की गोली से एक प्रदर्शनकारी की मौत

### 2 दिन स्कूल बंद, केंद्र सरकार का सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 50 कंपनियां भेजने का फैसला

**नई दिल्ली/इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में शनिवार रात भड़की हिंसा के बाद स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है। जिरिबाम जिले में रविवार को एक मैतेई प्रदर्शनकारी की पुलिस की गोली से मौत हो गई थी। इसके बाद हालात और खराब हो गए हैं।

इसे देखते हुए राज्य के स्कूलों में में 2 दिन के लिए छुट्टी कर दी गई है। गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को राज्य के सुरक्षा हालात का रिव्यू किया नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी मणिपुर हिंसा से जुड़े 3 मामलों की जांच करेगी।

केंद्र सरकार ने हालात पर काबू पाने के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 50 कंपनियां (5 हजार जवान) मणिपुर भेजने का फैसला लिया है। मणिपुर में लोगों ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और 13 विधायकों के घरों पर हमला किया था। आगजनी भी की गई थी।



- **5000 से अधिक कर्मियों को भेजा जाएगा मणिपुर-** केंद्र सरकार ने मणिपुर में 5,000 से अधिक कर्मियों वाली अतिरिक्त 50 सीएपीएफ कंपनियां भेजने का फैसला किया है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने 20 अतिरिक्त सीएपीएफ कंपनियों, सीआरपीएफ से 15 और बीएसएफ से पांच को राज्य में भेजा है।

## राहुल गांधी ने 'एक हैं तो सेफ हैं' का पोस्टर दिखाया

- धारावी प्रोजेक्ट अडाणी को देने पर कहा- मोदी-अडाणी और शाह एक हैं, ये सेफ हैं




**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से 2 दिन पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने मुंबई के धारावी के रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर भाजपा सरकार की नीति की आलोचना की। उन्होंने एक तिजोरी से 2 पोस्टर निकाले। एक पोस्टर में 'एक हैं तो सेफ हैं' लिखा था। दूसरे पोस्टर में धारावी की तस्वीर लगाई थी।

## जी20 मीटिंग में शामिल होने पीएम मोदी ब्राजील पहुंचे

### संस्कृत मंत्रों से स्वागत हुआ; चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हो सकती है मुलाकात



**रियो डि जेनेरियो (एजेंसी)।** ब्राजील में सोमवार से 19वीं जी20 समिट शुरु हो गई। इसमें शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रियो डि जेनेरियो पहुंच चुके थे। यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने संस्कृत मंत्रों से उनका स्वागत किया।

समिट दो दिन 18 और 19 नवंबर तक चलेगी। इस इकोनॉमिक संगठन में 19 देश और 2 संगठन (यूरोपियन यूनियन और अफ्रीकन यूनियन) शामिल हैं। पिछली बार जी20 समिट का आयोजन भारत में हुआ था। इससे पहले मोदी दो दिन के लिए नाइजीरिया दौरे पर थे। वहां उन्हें सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' से नवाजा गया। मोदी, ब्राजील के बाद गुयाना का दौरा करेंगे।

## खड़गे बोले- भाजपा और आरएसएस जहर की तरह

- ऐसे जहरीले सांपों को मार देना चाहिए, भाजपा बोली- यह भड़काऊ भाषण, ईसी एक्शन ले

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को भाजपा और आरएसएस की तुलना जहरीले सांप से की है। उन्होंने सांगली में चुनाव प्रचार के दौरान कहा- अगर भारत में राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा खतरनाक कोई चीज है तो वो है भाजपा और आरएसएस। वे जहर की तरह हैं। अगर सांप काटता है, तो जिस व्यक्ति (जिसे काटा गया है) की मौत हो जाती है। ऐसे जहरीले सांप को मार देना चाहिए।



## जोधपुर के सरकारी अस्पताल में लगी आग

- महिला मरीज झुलसी, जनरल वार्ड में ऑक्सीजन सपोर्ट पर थी

### अटेंडेंट ने जलाई थी बीड़ी

**जोधपुर (एजेंसी)।** जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में आग लग गई। आगजनी में जनरल वार्ड में भर्ती महिला चपेट में आने से झुलस गई। आग फैलती उससे पहले ही स्टाफ ने काबू पा लिया। वहीं झुलसी महिला आईसीयू में है। हादसे को लेकर जांच कमेटी बनाई गई है।

अधीक्षक डॉ. नवीन किशोरिया ने बताया- घटना रविवार रात ढाई बजे की है। हॉस्पिटल के जनरल वार्ड में पेट संबंधी परेशानी को लेकर महिला मरीज भर्ती थी। महिला ऑक्सीजन सपोर्ट पर थी। महिला के साथ एक अटेंडेंट था, जिसने रात को बीड़ी सुलगाकर डस्टबीन में फेंक दी। इसके बाद वह सो गया।

## देश में ठंड के साथ-साथ कोहरे की दस्तक

- बिहार में कोहरे के कारण 17 ट्रेनें, 6 फ्लाइट लेट ● म.प्र.में स्कूलों की टाइमिंग बदली

### लद्दाख और कश्मीर में बर्फबारी, राजस्थान- 7 जिलों में छाया कोहरा

**नई दिल्ली/ भोपाल/ पटना/श्रीनगर (एजेंसी)।** देश में ठंड के साथ-साथ कोहरे का असर भी लगातार बढ़ते जा रहा है। बिहार में कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटने से 17 ट्रेनें लेट हो गईं। 6 विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग में भी देरी हुई।

मध्य प्रदेश में भी सर्द हवा चलने का दौर लगातार जारी है। अब स्कूलों की टाइमिंग भी बदली जा रही है। भोपाल में कई प्राइवेट स्कूलों ने 30 मिनट तक टाइमिंग बढ़ा दी है। इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर-उज्जैन में भी समय बदलने की तैयारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 20 नवंबर के बाद से म.प्र.में सर्दी फिर बढ़ेगी।

मौसम विभाग ने कहा है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल में सोमवार को तापमान सामान्य से 2 डिग्री रहने की उम्मीद है। देश में दिल्ली सबसे ठंडा प्रदेश है। यहां रविवार को तापमान 11.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।




### तमिलनाडु में भारी बारिश, तंझावुर में स्कूल की छुट्टी

तमिलनाडु के मौसम विभाग ने आज और कल यानी 18 और 19 नवंबर को राज्य में भारी बारिश का अनुमान जताया है। हालांकि, राज्य में राज्य में पहले ही रात भर भारी बारिश हो चुकी है, डेल्टा क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा दर्ज की गई है। तमिलनाडु के कई जिलों में रविवार देर रात से शुरू हुई बारिश सोमवार सुबह तक जारी रही। मौसम विभाग ने बताया कि वेदारण्यम में सबसे ज्यादा 17.5 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई। उसके बाद कोडियाकराई में 13.4 सेमी बारिश हुई।

**बिहार- कोहरे के कारण 17 ट्रेनें और 6 फ्लाइट डिले, 12 घंटे देरी से चल रही**

बिहार में बढ़ते ठंड और कुहासे के कारण ट्रेन के स्पीड पर ब्रेक लगते जा रहा है। कोहरे और शीतलहर से पटना रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनें लेट चल रही हैं। इससे यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है।

## महाराष्ट्र और झारखंड में थमा चुनाव प्रचार, 20 नवंबर को डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र और झारखंड में सोमवार शाम से चुनावी शोर समाप्त हो गया है। अब महाराष्ट्र की सभी विधानसभा सीटों और झारखंड के दूसरे चरण की सीटों के लिए



बुधवार, 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं दोनों राज्यों की सभी सीटों के लिए मतों की गणना 23 नवंबर को होगी। दोनों राज्यों में सभी दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरी ताकत झोंकी है। अब देखना होगा कि जनादेश किसके पक्ष में आता है।

## गुजरात के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र की रैगिंग, मौत

**गुजरात (एजेंसी)** । गुजरात में पाटन जिले के जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज में फर्स्ट ईयर के एमबीबीएस छात्र की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृत छात्र समेत अन्य जूनियर छात्रों की सीनियर्स ने रैगिंग की थी।

# आलमगीर और इरफान को उठाकर गंगा में बहा देंगे : हिमंता बिस्वा शरमा

## विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन एनडीए के स्टार प्रचारक असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा शरमा ने गिरिडीह के डुमरी में चुनावी सभा को संबोधित किया

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के एनडीए स्टार प्रचारक असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा शर्मा ने एनडीए के आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड से भ्रष्टाचारियों को उठाकर गंगा में बहा देंगे। इस क्रम में उन्होंने राज्य के मंत्री आलमगीर आलम और इरफान अंसारी का नाम लिया। उन्होंने कहा कि हिंदू यदि एक नहीं रहेंगे तो सिर्फ नहीं रहेंगे। सोमवार को एनडीए द्वारा डुमरी के केबी हाई स्कूल मैदान में आयोजित सभा में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। असम के मुख्यमंत्री डुमरी विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में जामताड़ा,पाकुड़ में स्कूल शुक्रवार को बंद रहते हैं,क्योंकि एक समाज नमाज पढ़ने जाते हैं तो फिर हिन्दू समाज के लिए मंगलवार को क्यों नहीं बंद रहता है।कहा कि झारखंड में रामनवमी का जुलूस को रोका जाता है,क्यों झारखंड किसी जाति धर्म का है क्या।कहा कि जब हिन्दू एकजुट हुए तो भव्य राम मंदिर बनवाया।झारखंड लुटेरों का नहीं है घुसपैठियों का नहीं है ये झारखंड माटी, बेटी व झारखंडियों का है और रहेगा। कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त इरफान अंसारी एवं आलमगीर आलम को एनडीए की सरकार बनते ही गंगा में डुबाकर पवित्र किया जाएगा।कहा कि सूबे में हेमंत सोरेन की सरकार आज तक किसी को भी नौकरी नहीं दे पाई,साथ ही सीजीएल के नौकरी को



30-30 लाख रुपये में बेचा। कहा कि हेमंत सरकार ने जहां बीते कई महीने से बुजुर्गों का पेंशन बंदकर मईया सम्मान योजना चला रही है।कहा कि मंईया सम्मान के नाम पर हमारी माताओं बहनों को ठगने का काम कर रही है हेमंत सरकार।जबकि अबुआ आवास में 30-30 हजार रुपये लिया जाता है।कहा कि हेमंत सोरेन बालू चोरी करवाता है।कहा कि झारखंड में भाजपा का सरकार आने दीजिए, सहारा इंडिया का पैसा एक एक पाई पाई दिलाएंगे। कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही बुजुर्गों को 25 सौ और माताओं बहनों को 21 सौ रूपये दी जाएगी।कहा कि भाजपा की सरकार बनने दीजिए सीजीएल में पैसा लेकर नौकरी बेचने वाले को जेल भेजना होगा,तभी हमारा और आपका झारखंड का सपना साकार होगा।कहा कि यह चुनाव झारखंड का भविष्य का निर्माण का चुनाव है,सभी उपस्थित जनसमूह से कहा कि आप सब यशोदा देवी का बेटा बेटी पिता अभिभावक बन कर जिताने का काम करें।कार्यक्रम को सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी आजसू केन्द्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, प्रत्याशी के गंभीर बीमारी से ग्रसित पुत्र प्रदीप कुमार आदि ने संबोधित करते हुए वोट के दिन 20 नवंबर को केला छाप में देने की अपील की। इसके पूर्व मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर से पहुंचने पर एनडीए नेताओं ने बुके देकर स्वागत किया।कार्यक्रम के अंत में प्रत्याशी यशोदा देवी ने अपने हजारों समर्थकों के साथ रोड शो कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।संचालन भाजपा नेता हराधन पंडित ने किया।इस दौरान आजसू जिला अध्यक्ष गुड्डु यादव सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो भाजपा नेता प्रदीप साहू,कामाख्या गिरि आजसू के प्रखंड अध्यक्ष सतीश महतो,निर्मल जयसवाल जिप सदस्य प्रदीप मंडल,इम्तियाज अंसारी,सुरेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र यादव,डुमरचंद महतो,महावीर सिंह,बेबी देवी, अंजु देवी,पार्वती देवी,कल्पना देवी, श्रीकांत स्वर्णकार, प्रो अल्लाहउद्दिन अंसारी,प्रमोद मंडल,अशोक दास, मुकेश मंडल,प्रदीप कुमार वर्मा,सुनील महतो,दीपक श्रीवास्तव आदि हजारों लोग उपस्थित थे।

## सिविल कोर्ट में जिला जज ने किया फीडिंग रूम का उद्घाटन



**धनबाद।** सिविल कोर्ट के महिला कर्मचारी को होने वाले असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने सोमवार को सिविल कोर्ट धनबाद में महिला कर्मचारियों के लिए फीडिंग रूम का उद्घाटन किया। फीडिंग रूम में लायंस क्लब के सहयोग से बच्चों को खेलने के लिए खिलौने व अन्य आवश्यक सामान के भी इंतजाम किए गए हैं। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि महिला कर्मचारी जिनके छोटे बच्चे हैं उनकी सुविधा के लिए यह व्यवस्था की गई है। जल्द ही सिविल कोर्ट धनबाद में चिकित्सा की अन्य व्यवस्था भी की जाएगी। इस बावत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रौशन ने बताया कि सीडब्लूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी के पहल पर फिडिंग रूम मे लायंस क्लब ऑफ़ कतरास ने बच्चों से संबंधित सामग्रियों को उपलब्ध कराया है ।लायंस क्लब के डा.मधुमाला, चंदन कुमार आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब के डा.उमाशंकर सिंह, डा.बी.एन.चौधरी ने आगे भी सहयोग देने का आश्वासन दिया हैकोर्ट परिसर में हेल्थ चेक अप कैम्प के आयोजन में भी क्लब मदद करेगा।

## मतदान कर्मियों एवं माईक्रो ऑब्जर्वरों का किया गया अंतिम रेंडमाइजेशन



**धनबाद।** सोमवार दिनांक 18 नवंबर 2024 को एनआइसी कक्ष में मतदान कर्मियों एवं माईक्रो ऑब्जर्वरों का अंतिम रेंडमाइजेशन सभी विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं सभी निर्वाची पदाधिकारी की मौजूदगी में किया गया। विधानसभा क्षेत्र 38-सिंदरी, 39-निरसा, 40-धनबाद, 41-झरिया, 42-टुंडी, 43-बाघमारा हेतु नियुक्त किए जाने वाले सभी मतदान कर्मियों एवं माईक्रो ऑब्जर्वरों का रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आयोग के द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। रेंडमाइजेशन के उपरांत सभी मतदान कर्मियों एवं माइक्रो आब्जर्वर का बूथ निर्धारित किया गया। मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी सादात अनवर, नोडल राम नारायण खालखो, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान मौजूद थे।

## दिव्यांग जनों ने निकाली जागरूकता रैली



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सोमवार को स्वीप कोषांग ने रणधीर वर्मा चौक से नगर निगम कार्यालय तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल दिव्यांग बच्चों ने मतदाताओं से आगामी 20 नवंबर को अपने घरों से निकलकर अवश्य मतदान करने की अपील की। साथ ही मतदाताओं को बताया कि 20 नवंबर को छुट्टी का दिन नहीं है। उस दिन अपने घरों से निकाल कर अपने मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के डीपीएम शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, स्वीप कोषांग व नगर निगम के कर्मी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# ईवीएम की सुरक्षित मूवमेंट सुनिश्चित कराएं कंपनी कमांडर : पुलिस प्रेक्षक

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रेक्षक राजेंद्र कुमार ग.दाभाडे की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के सभी कंपनी कमांडर के साथ बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पुलिस प्रेक्षक ने सभी कंमाडर को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही ईलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की सुरक्षित मूवमेंट सुनिश्चित कराने तथा मतदान केंद्रों के बाहर सतर्क रहने और मुस्तैदी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्रता एवं निर्भीक चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन का लक्ष्य है। इसके लिए




जिला प्रशासन ने पहले से तैयारी कर चाक चौबंद विधि व्यवस्था सुनिश्चित की है। उन्होंने सुरक्षा बलों को समय पर अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर पहुंचने, डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र तक ईवीएम को सुरक्षित पहुंचाने का निर्देश दिया। वहीं मतदान के दिन शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न कराने तथा मतदान संपन्न होने के बाद ईवीएम की स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान के दिन सुरक्षा बलों को अच्छे से कतार मैनेजमेंट करने, वी.आइ.पी. बूथ पर सतर्क रहने, मतदान केंद्र के बाहर किसी गुट के बीच तकरार नहीं होने देने सहित सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप.पी.जनार्दनन ने सुरक्षा बल को मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करने, पोलिंग पार्टी को सुरक्षा प्रदान करने, मतदान केंद्र के बाहर अच्छे से विधि व्यवस्था बनाए रखने, किसी भी मतदाता को मोबाइल फोन लेकर मतदान केंद्र में प्रवेश नहीं करने देने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पुलिस प्रेक्षक राजेंद्र कुमार ग.दाभाडे, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप.पी.जनार्दनन, सीआरपीएफ के कमांडेंट एस.डी.त्रिपाठी, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेंद्र कुमार बंका, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सहित सभी कंपनी कमांडर मौजूद थे।

## सभी प्रतिष्ठानों में 20 नवंबर को रहेगा सवैतनिक अवकाश

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने भारत कोकिंग कोड लिमिटेड, मैथन पावर लिमिटेड, एसीसी लिमिटेड, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, टाटा स्टील लिमिटेड सहित जिले के अन्य सभी सार्वजनिक, निजी व आउटसोर्सिंग संस्थानों को आगामी 20 नवंबर को सवैतनिक अवकाश घोषित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा कि आगामी 20 नवंबर 2024 को धनबाद संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदान निर्धारित है। दी रिप्रेजेंटेशन ऑफ़ द पीपल एक्ट, 1951 की धारा 135 (बी) के अनुसार किसी कारोबार, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान में कार्यरत और लोक सभा या किसी राज्य की विधान सभा के लिए चुनाव में वोट देने का हकदार प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के दिन अवकाश दिया जाना है। सवैतनिक अवकाश स्वीकृत होने के कारण ऐसे किसी व्यक्ति के वेतन में कोई कटौती नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने सभी सार्वजनिक क्षेत्र के एवं निजी प्रतिष्ठानों से अनुरोध किया है कि 20 नवंबर 2024 को सभी कर्मियों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। वहीं मतदान दिवस पर कर्मियों को सवैतनिक अवकाश नहीं दिए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आर.पी. एक्ट के तहत नियम अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




## भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**धनबाद।** भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने सोमवार को भुईफोड़ मंदिर से करकेंद नेहरू पार्क तक रोड़ शो किया। वही राज सिन्हा के रोड शो में भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं। भगवा रंग के झंडा और गले में भारतीय जनता पार्टी का पटा लिए लोग रोड शो शामिल हुए। राज सिन्हा के जयकारे लगाते हुए कार्यकर्ता कोई बाइक से तो कार से सड़को से गुजर रहे थे।बता दे कि केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखण्ड विधानसभा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एवं लोजपा के केंद्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सोमवार को धनबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा के समर्थन में धनबाद के करकेंद्र नेहरू पार्क में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। इसी कड़ी में भूइंफोड़ मंदिर से भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा के नेतृत्व में बाईक रैली निकाली गई। इस बाईक रैली में सैकड़ों की संख्या कार्यकर्ता शामिल हुए। बाईक रैली भूइंफोड़ से प्रारम्भ होकर



सरायढेला, रणधीर वर्मा चौक, बैंक मोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल करकेंद नेहरू पार्क तक गई। इस दौरान राज सिन्हा ने कहा कि राज सिन्हा की पूरी तैयारी है और रोड शो उमड़ा यह जन सैलाब बता रहा है। धनबाद में विकास ही विकास करना ही प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि झारखण्ड को सुधारना है, इस झारखण्ड से भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकना है। राज सिन्हा के जीत के प्रति पूरी तरह से अश्वस्त रोड शो में शामिल पूर्व जिला अध्यक्ष हरिप्रकाश लाटा ने कहा कि इसे आप विजयी जुलूस भी मान सकते हैं। कहा कि राज को कोयलांच की जनता पहनाएगी ताज, यह आज के रोड शो में साबित हो गया।

# जेएमएम और कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को खतरे में डाला : चिराग पासवान

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**धनबाद।** झरिया से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के पक्ष में लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान झरिया पुराना आरएसपी कॉलेज में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया साथ ही रोड शो में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्हें देखने और सुनने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा, मैं अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान के संघर्षो की कसम खाकर कहता हूं कि जब तक चिराग पासवान जिंदा है तब तक आरक्षण और संविधान पर कोई आंच नहीं आएगी। चिराग पासवान ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएमएम और कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के गरीबों का पैसा लूटकर अपने घरों में भरने का काम कर रहे हैं। जेएमएम और कांग्रेस ने राज्य में महिलाओं को असुरक्षित कर दिया है। युवाओं को पांच लाख नौकरी देने के नाम पर पांच सालों तक ठगा। इसलिए झारखंड को भ्रष्टाचार और लूट की सरकार से मुक्त करने के लिए भाजपा की सरकार बनानी जरूरी है। केंदीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी उन्होंने राम मंदिर के बारे



में सोचा तक नहीं। 500 सालों से रामल्ला धूप, धूल, गर्मी, बरसात सहते रहे, कांग्रेस की सरकार के दौरान भगवान राम को टेंट में रहना पड़ा और उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं था।लेकिन देश में भाजपा की सरकार बनते ही भगवान राम भक्तों को भव्य राम मंदिर देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिसका लोकार्पण और राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। चिराग पासवान ने युवाओं से कहा चिराग बन कर घर घर जाकर भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के पक्ष में वोट मांगे और 20 नम्बर को एक एक वोट भाजपा के पक्ष में दिलाकर झरिया से ऐतिहासिक जीत दिलाएं। विजय संकल्प सभा समारोह में भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने केंदीय मंत्री चिराग पासवान को तलवार ओर माला पहना कर स्वागत ओर अभिनंदन किया। साथ ही कई अन्य लोगों ने भी चिराग पासवान का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता को किया संबोधित

## संध्या 5 बजे से चुनावी प्रचार-प्रसार पर रोक, सार्वजनिक सभा या जुलूस, लाउडस्पीकर का प्रयोग प्रतिबंधित, बाहरी लोगों को जिला में रहने की अनुमति नहीं

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता**

**पाकुड़।** जिला में 20 नवम्बर 2024 को मतदान तिथि निर्धारित है। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व 18.11.2024 की संध्या 5 बजे से चुनावी प्रचार-प्रसार पर रोक लागू है । इसी क्रम में समाहरणालय सभागार, पाकुड़ में आयोजत प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित किया। मतदान समाप्ति पूर्व के 48 घंटे के साइलेंस पीरियड को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि 18 नवम्बर की संध्या 5 बजे के बाद निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस, रोड शो, रैली की अनुमति नहीं होगी, लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित रहेगा। वैसे राजनीतिक व्यक्ति या कार्यकर्ता जो पाकुड़ जिला के निवासी नहीं हैं, प्रचार प्रसार के लिए आए हैं तथा पाकुड़ जिला के किसी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता या अभ्यर्थी नहीं है उन्हें भी 18 नवम्बर की संध्या 5 बजे के बाद




जिला में रहने की अनुमति नहीं होगी । किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति जो विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के हकदार है, मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगा। जिले के सभी सरकारी या गैर सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक प्रतिष्ठान 20 नम्वबर को बंद रहेंगे। मतदान क्षेत्र के भीतर, किसी होटल, दुकान में अथवा किसी अन्य लोक या प्राइवेट स्थान में कोई भी स्पिरिटयुक्त किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जाएगा, न दिया जाएगा और न वितरित किया जाएगा। 18 नवम्बर के संध्या 5 बजे से 20 नवम्बर एवं 23 नवम्बर को ड्राई डे घोषित किया गया है। अंतर्राज्यीय व अंतर्जिला चेकनाका में स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल , व्यय निगरानी दल तथा अन्य एजेंसी द्वारा अवैध शराब, ड्रग्स, नगदी तथा उपहार की वस्तु आदि के जांच के क्रम में अबतक 9 करोड़ 50 लाख रूपये से ज्यादा मूल्य का सीजर किया जा चुका है। 20 नवंबर को 1014 मतदान केन्द्रों में जिले के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 19 नवंबर को बाजार समिति पाकुड़ स्थित डिस्पैच सेंटर से तीनो विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएंगी। डिस्पैच सेंटर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 20 नवम्बर को मतदान समाप्ति के पश्चात बाजार समिति पाकुड़ में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम का रिसिविंग होगा। उपायुक्त ने बताया कि पोस्टल बैलेट मतदान एवं होम वोटिंग व मतदाता सूची पर्ची वितरण करने में पाकुड़ जिला अव्वल है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि पूरे जिले में 6000 पुलिस बल/ केंद्रीय सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। छ्क्क्न की 33 कम्पनी बाहर से आ चुकी है। उन्होंने कहा कि सभी बूथों एवं चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। 60 प्रतिशत से अधिक बूथों पर छ्क्क्न लगाये जाएंगे। चुनाव के पारदर्शी, स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के मद्देनजर अंतर्राज्यीय व अंतरजिला चेकनाका पर सघन निगरानी और चेकिंग की जा रही है।

# दोस्त बना दुश्मन, गर्लफ्रेंड के चक्कर में शराब पिलाकर दोस्त की नृशंस हत्या

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के अहीपुरवा स्थित रेलवे फाटक के समीप पिछले चार दिन पूर्व हुए थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव निवासी मुन्नी देवी पति रामानंद पाल के 26 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार उर्फ डब्लू पाल के हत्याकांड मामले में गढ़वा पुलिस की तत्परता से 72 घंटा के भीतर हत्या का मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के अहिपुरवा गांव निवासी जयपाल पासवान के 26 वर्षीय पुत्र मोहन पासवान का नाम शामिल है। इसकी जानकारी गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी है।




**गर्लफ्रेंड के चक्कर में दोस्त की कर दी हत्या-** एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहन पासवान ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि उसकी गर्लफ्रेंड से राहुल कुमार का अवैध संबंध था। मोहन पासवान और राहुल पाल दोनों की गहरी मित्रता थी। मोहन कई बार राहुल को रंगे हाथ भी पकड़ा था और मना करने के बावजूद मोहन की गर्लफ्रेंड से वह लगातार बातचीत करते रहा और चोरी छिपे मिलता था। इसके बाद मोहन पासवान ने योजना बनाकर दिनांक 14/11/24 की रात्रि 11 बजे नगर 39 रेलवे स्टेशन से 500 मीटर दूरी पर पश्चिम दिशा में रेलवे फाटक के समीप शराब पिलाया। इसके बाद नशे की हालत में अपने दोस्त राहुल पाल के गले में टांगी से बेहरमी से काटकर हत्या कर दिया। पुलिस ने नगर ऊंटारी थाना कांड संख्या 231/2024 दिन0 15/11/24 धारा 103 (1) बी0एन0एस के तहत मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी मोहन पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया है।

**दोस्त बना दुश्मन-** बताते चले कि मृतक राहुल कुमार की मां मुन्नी देवी श्री बंशीधर नगर थाने में अज्ञात व्यक्ति पर धारदार हथियार से हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय के नेतृत्व में श्री बंशीधर नगर थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने तत्परता दिखाते हुए मामले की गंभीरता पूर्वक जांच के लिए एक टीम का गठन किया। जिसके फलस्वरुप पुलिस ने आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**आरोपी के पास से कई सामान बरामद-** पुलिस ने आरोपी मोहन पासवान के पास से घटना में प्रयुक्त टांगी,कपड़ा, जूता, डिस्पोजल गिलास, शराब पीने के लिए इस्तेमाल प्लास्टिक का बोतल जप्त किया है। घटना के क्रम में छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि जितेंद्र कुमार, सअनी संजय पासवान, अर्जुन कुमार सिंह एवं पुलिस बल के जवान कौशल कुमार द्विवेदी का नाम शामिल है।

# मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता**

**पाकुड़।** पाकुड़ मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 223/2024, दिनांक 31.10.2024, धारा 126(2)/115(2)/117(2)/303(2)/352/3(5) भारतीय न्याय संहिता-2023, परिवर्तित धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता-2023 के प्राथमिकी अभियुक्त राहुल शेख, उम्र 25 वर्ष, पिता शामा शेख, ग्राम मरूआपहाड़ी (दुबराजपुर पाली), थाना पाकुड़ (मु0), जिला पाकुड़ को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। यह काण्ड दिनांक 29.10.2024 को पाली मोड़ में चाय दुकान के पास आजु शेख, उम्र करीब 70 वर्ष के साथ मारपीट करने के आरोप में दर्ज किया गया है। अभियुक्तों के द्वारा मारपीट करने के कारण आजु शेख गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे तथा ईलाज के क्रम में दिनांक 17.11.2024 को उनकी मृत्यु हो गयी है।

# अवैध लदा दो ट्रैक्टर बालू को बासल थाना ने किया जब्त, तीन को लिया हिरासत में

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**भुरकुंडा।** रामगढ़ जिला अंतर्गत कोयलांचल के बासल थाना पुलिस ने इटरनिटी रिसोर्ट के पास अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। मामले में पुलिस ने एक ट्रैक्टर मालिक सहित दो चालकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली की बासल थाना क्षेत्र अन्तर्गत बिना कागजात के अवैध बालु लदा स्वराज कम्पनी का दो ट्रेक्टर इटरनिटी रिसोर्ट के सामने पुल से गुजर रही है। सूचना पर बासल थाना प्रभारी कैलाश प्रसाद ने पेट्रोलिंग करते पुलिस अवर निरीक्षक निमिर हेस्सा को कार्रवाई हेतु निर्देश दिए। साथ ही चौकीदार केदार करमाली और बालेश्वर करमाली को मोटरसाइकिल से लेम स्कूल के पास पहुंचने का निर्देश दिया गया। छापेमारी के दौरान लेम में पुलिस गाड़ी देख दोनों ट्रैक्टर के चालक वाहन तेजी से भगाने लगे। इस क्रम में एक ट्रैक्टर का टायर पंचर हो गया। जिसपर दोनों ट्रैक्टर के चालक और मालिक वाहन छोड़ भागने लगे। जिन्हें चौकीदारों के सहयोग से सशस्त्र बलों ने पकड़ लिया। ट्रैक्टरों पर रजिस्ट्रेशन नंबर भी अंकित नहीं पाया गया। बालू के उठाव और परिवहन से संबंधित पूछे जाने पर तीनों कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। जिसपर पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर जब्त करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। खनन विभाग के निर्देश पर गिरफ्तार अभियुक्तों में ट्रैक्टर मालिक सोनू सिंह (27 वर्ष) पिता जितेंद्र सिंह निवासी किरीगढ़ा, चालक नीरज कुमार सिंह (28वर्ष) पिता स्व. नवल किशोर सिंह निवासी सांकुल और चालक मोहित कुमार (20 वर्ष) पिता फुतुन राम निवासी को पर बासल थाना में कांड संख्या 22/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं थाना प्रभारी कैलाश प्रसाद ने अभियान में सराहनीय योगदान देनेवाले चौकीदार बालेश्वर करमाली और केदार करमाली को अपने वेतन मद से दोनों 500-500 रुपये का नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।



# विधानसभा निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**दुमका।** दुमका जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 नवंबर को मतदान होना है।मतदान के 48 घंटे पहले यानि सोमवार को चुनाव प्रचार का शोर भी बंद हो गया है।इस संबंध में समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि चुनाव की घोषणा के बाद एमसीसी उल्लंघन से संबंधित एक भी मामला संज्ञान में नहीं आया है। 1 अवैध हथियार जब्त किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाता मतदान कर सकेंगे।सिर्फ शिकारीपाड़ा के 10 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि मतदाता निर्भीक होकर अपने घरों से निकलें एवं अपने अपने मतदान केंद्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।



# सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने माइक्रो ऑब्जर्वर की ब्रीफिंग में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता**

**पाकुड़।** मतदान के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका की जानकारी देने समाहरणालय सभागार में ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। सामान्य प्रेक्षक पाकुड़ युगल किशोर पंत, सामान्य प्रेक्षक महेशपुर ए0 शंभुगा सुंदरम, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त ब्रीफिंग में शामिल हुए। सामान्य प्रेक्षकों ने निर्वाचन प्रक्रिया में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए संवेदनशीलता और गंभीरतापूर्वक दी गई जिम्मेदारियों के निर्वहन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना किसी संशय के अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। किसी प्रकार की शंका हो, तो अधिकारी से जानकारी लेकर समाधान जरूर कर लें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि संबंधित मतदान केन्द्र की संपूर्ण जिम्मेदारी माइक्रो ऑब्जर्वर की होगी। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान आता हो, तो तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचना देंगे। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं में दी जाने वाली फीडबैक रिपोर्ट से अवगत कराया। साथ ही विभिन्न प्रपत्रों की उपयोगिता बताकर संधारित करने के संबंध में जानकारी दी तथा सफलतापूर्वक मतदान संपादन को लेकर दिशा निर्देश दिए। ब्रीफिंग में माइक्रो आब्जर्वर को मतदान दिवस पर आवश्यक तैयारी, ईवीएम, बैलेट यूनिट, मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं अन्य मतदान अधिकारियों के कार्य, मतदाता पर्ची, मतपत्र, लेखा, मॉक पोल, वीवीपैट में कम से कम 50 वोट मॉक पोल कराने की कार्यवाही के बाद सीआरसी, सीलिंग की कार्यवाही आदि प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। जबकि उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया।



# प्रचार के अंतिम चरण में भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने निकाली लंबी बाइक रैली



**जामा।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के अंतिम दिन भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों द्वारा भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू के समर्थन में बाइक रैली निकाली गयी। बाईक रैली कैराबनी चौक से प्रारंभ होकर परगाडीह, चिकनियां, जामा चौक, महारो होते हुए बारापलासी पहुंचा। इस दौरान मुर्मू ने कहा की हेमंत सोरेन की सरकार युवा विरोधी सरकार है। इन्होंने युवाओं को 5 वर्षों तक ठगने का काम किया है। इसलिए युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। पिछ्ली सरकार बनते ही हेमंत सोरेन ने कहा था कि कि प्रतिवर्ष 5 लाख युवाओं को नौकरी दिया जायेगा अन्यथा युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। परंतु सरकार बनने के बाद युवाओं को छलावा के अलावे कुछ भी नहीं मिला। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि राज्य में भाजपा की सरकार बननी है। भाजपा ही युवाओं की समस्याओं को समझ सकती है। अगर जामा की जनता मुझे इस बार विधायक बनाती है तो आने वाले 5 वर्षों में इस क्षेत्र का कायाकल्प कर देंगे। मौके पर प्रकाश गंधर्व, सुरेश मंडल, विजय मंडल, सरोज कुमार, प्रशांत कुमार, पप्पु कुमार, सुनिल कुमार, आशिष कुमार, संजित कुमार, आसुतोष कुमार, मुकेश यादव, शंभु पंडित,विनय यादव, रोहित यादव, सिन्टु कुमार, घनश्याम, गौतम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए बीजीआर लिमिटेड कोल कंपनी ने जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया 10 इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर एवं 1 रिकवरी वैन



**पाकुड़।** समाहरणालय स्थित परिसर में सामान्य प्रेक्षक पाकुड़ युगल किशोर पंत, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया की उपस्थिति में बीजीआर लिमिटेड कंपनी द्वारा सीएसआर मद से जिला प्रशासन को 10 इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर एवं 01 रिकवरी वैन उपलब्ध कराया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान के दौरान दिव्यांग मतदाताओं के मतदान करने में सहायता के लिए बीजीआर लिमिटेड कंपनी द्वारा सीएसआर मद से 10 इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर उपलब्ध कराया गया।विधानसभा चुनावों में प्रत्येक पोलिंग बूथ पर दिव्यांग लोगों का सर्वे कर जिन स्थानों पर दिव्यांग मतदाता होंगे, उन जगहों पर प्रशासन द्वारा मतदान से पूर्व ही व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाएगी, जिससे दिव्यांग मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौके पर तीनों विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## मतदान कर्मियों का बूथ टैगिंग के साथ माइक्रो आब्जर्वर का किया गया अंतिम रेंडमाइजेशन



**पाकुड़।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में 1014 मतदान केंद्र के लिए सोमवार को मतदान कर्मियों का बूथ टैगिंग के साथ एवं माइक्रो आब्जर्वर का अंतिम रेंडमाइजेशन किया गया।रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया सामान्य प्रेक्षक पाकुड़ युगल किशोर पंत, सामान्य प्रेक्षक महेशपुर ए0 शंभुगा सुंदरम, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।

## विधानसभा चुनाव को लेकर एसकेएमयू ने किया 20 नवंबर को अवकाश घोषित

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर कुलसचिव डॉ.राजीव कुमार ने सोमवार को कार्यालय आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार एवं राजभाषा विभाग के निर्देश पर उक्त अवकाश घोषित किया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कार्यालय समेत सभी स्नातकोत्तर विभागों, अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों तथा केंद्रीय पुस्तकालय में अवकाश घोषित किया गया है।

## 14 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर की गई अहम बैठक



**पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देशानुसार आगामी 14 दिसंबर 2024 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह की अध्यक्षता में पीडीजे कक्ष में अहम बैठक की गई। उक्त बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में एमएसीटी वाद को लेकर इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्तागण, एमएसीटी से संबंधित वादी के अधिवक्तागण के साथ कई मुद्दे पर चर्चा की गई एमएसीटी से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को निष्पादन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह द्वारा अहम दिशा निर्देश दी गई। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया समेत इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# आईआईटीएफ -2024 के झारखंड पेवेलियन में मत्स्य निदेशालय का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

## मोती की खेती के तरीकों से अवगत हो रहे लोग

### मोती पालन के लिए किसानों को प्रशिक्षण व टूल किट का निशुल्क वितरण : अमरेन्द्र कुमार

**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ-2024) के झारखंड पेवेलियन में मत्स्य निदेशालय (मत्स्य अनुसंधान केन्द्र) का स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर मत्स्य निदेशालय द्वारा विशेष रूप से मोती उत्पादन की विधि के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। विभाग द्वारा झारखंड मंडप में आने वाले दर्शकों को मत्स्य पालन के अलावा मोती उत्पादन के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। स्टॉल में आने वाले आगंतुकों को मत्स्य निदेशालय की ओर से मोती की खेती के तौर-तरीकों और इससे अर्जित होने वाली आमदनी के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इस संबंध में झारखंड मत्स्य निदेशालय के उप निदेशक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि झारखंड मंडप में मत्स्य पालन विभाग द्वारा मोती उत्पादन के बारे में डेमो डिस्प्ले किया गया है। पूरे मेले में एकमात्र झारखंड राज्य के मत्स्य निदेशालय की ओर से स्टॉल लगाया गया है, जहां पर मोती की खेती को बढ़ावा देने और इससे आय अर्जित करने के बारे में लोगों को अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि झारखंड में विगत चार वर्षों से मोती की खेती की जा रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के तहत मोती के उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में विभाग अग्रसर है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत झारखंड को मोती उत्पादन के लिए लीड राज्य घोषित किया गया है। मत्स्य निदेशालय में कलस्टर आधारित मोती पालन के लिए किसानों को विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि मत्स्य किसानों को विशेष रूप से मोती उत्पादन के लिए 45 दिनों का प्रशिक्षण दिया जाता है। तत्पश्चात मोती उत्पादन के लिए आवश्यक उपकरण व टूल किट आदि का वितरण भी निदेशालय की ओर से किसानों को निःशुल्क किया जाता है। उन्होंने कहा कि मत्स्य कृषक अपने तालाबों, जलाशयों आदि में मछली उत्पादन के अतिरिक्त मोती की खेती कर आमदनी बढ़ा सकते हैं। मोती उत्पादन किसानों की आमदनी बढ़ाने में काफी सहायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड का मत्स्य निदेशालय मछली उत्पादन के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। राज्य को मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभाग द्वारा मत्स्य कृषकों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभागीय सचिव एवं मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ.एचएन द्विवेदी के नेतृत्व में कुशल अधिकारियों की टीम मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ मोती उत्पादन में भी कीर्तिमान बनाने की दिशा में प्रयासरत है।विभागीय अधिकारियों के मुताबिक आईआईटीएफ के झारखंड मंडप में बने मत्स्य निदेशालय का स्टॉल आम नागरिकों के अतिरिक्त मीडिया कर्मियों के लिए भी कौतूहल का केंद्र बना है।






### मत्स्य निदेशालय की बी-टू-बी में शामिल हुए निवेशक

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के झारखंड मंडप में मत्स्य विभाग की ओर से बी2बी बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर झारखंड सरकार के मत्स्य निदेशालय के उप निदेशक अमरेंद्र कुमार, उप निदेशक रवि रंजन कुमार, (मत्स्य अनुसंधान) व मुख्य प्रशिक्षक प्रशांत कुमार दीपक के साथ दो निवेशक/फर्म के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के 15 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट : 10 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान



**पटना।** बिहार में सर्द पछुआ हवा चलने से तापमान में रोजाना एक से दो डिग्री की गिरावट देखी जा रही है। इस वजह से प्रदेश में धीरे-धीरे ठंड बढ़ने लगी है। मोतिहारी और रोहतास का न्यूनतम तापमान गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। इस बीच मौसम विभाग ने आज बिहार के 15 जिलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज जिले शामिल है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि राज्य में पछुआ हवा की गति धीरे-धीरे तेज हो रही है। दिन और रात के तापमान में गिरावट शुरू है। सुबह में घना कोहरा और दिन में धूप निकलेगी। वहीं कोहरे की वजह से 17 ट्रेनें और 6 फ्लाइट लेट हैं।

### एनएच-20 निर्माण कार्य फरवरी तक कंप्लीट होने की उम्मीद



**नालंदा।** रजौली-बख्तियारपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-20 के फोरलेन परियोजना में लगातार विलंब की स्थिति बनी हुई है। विशेष रूप से पावापुरी रोड रेलवे स्टेशन के निकट बिजवनपर में निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज (आरओबी) का कार्य धीमी गति से चल रहा है। चार लेन वाली इस सड़क के लिए दो चरणों में आरओबी का निर्माण किया जा रहा है। पहले चरण में रेल लाइन के ऊपर ब्रिज का निर्माण पूरा हो चुका है, परंतु अप्रोच रोड का कार्य अभी जारी है। निर्माण एजेंसी के अनुसार यह लेन दिसंबर 2024 तक यातायात के लिए खोल दी जाएगी। दूसरी लेन के निर्माण कार्य में भी प्रगति हो रही है, लेकिन रेलवे लाइन के ऊपर का हिस्सा अभी अधूरा है। निर्माण एजेंसी के अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि फरवरी 2025 के अंत तक संपूर्ण निर्माण कार्य पूरा कर लिए जाएंगे। अब तक 95 प्रतिशत कार्य पूरा किए जा चुके है। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि पैठना के पास टोल प्लाजा के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन टोल वसूली तभी शुरू होगी जब बिजवनपर का आरओबी पूरी तरह से तैयार हो जाएगा।

### गाजियाबाद के रितेश बने महादंगल के चैंपियन :अरविंद को मिला दूसरा स्थान

**गया।** गया जिले के वजीरगंज प्रखण्ड में आयोजित महादंगल कुश्ती प्रतियोगिता में गाजियाबाद के पहलवान रितेश यादव ने अपने शानदार प्रदर्शन से पहला स्थान हासिल किया। बनारस के अरविंद यादव को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। मुकाबले में नवादा के गोपाल और पटना के सचिन यादव के बीच की कुश्ती बराबरी पर खत्म हुई। इस रोमांचक प्रतियोगिता में देशभर के दर्जनों नामी पहलवानों ने अपने दमखम और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। गाजियाबाद के रितेश यादव को सोने का मेडल और बनारस के अरविंद यादव को चांदी का मेडल प्रदान किया गया। अन्य प्रतिभागियों को नगद राशि और सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। प्रतियोगिता का आयोजन सर्वोदय क्रीड़ा परिषद की ओर से केदारनाथ इंटर महाविद्यालय में किया गया। यह आयोजन खेल प्रेमियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहा। हजारों की संख्या में जुटे दर्शकों ने हर मुकाबले का उत्साह के साथ आनंद उठाया। हर दांव और पलटवार पर मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुखिया राजीव रंजन उर्फ डब्लू यादव ने विजेता पहलवान रितेश यादव को 11,000 का नगद पुरस्कार भेंट किया। उन्होंने कहा, यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारती है, बल्कि खेल संस्कृति को भी मजबूत करती है। इस आयोजन ने क्षेत्र में कुश्ती के बढ़ते क्रेज को दर्शाया। आयोजकों ने भरोसा दिलाया कि आने वाले वर्षों में प्रतियोगिता को और भव्य बनाया जाएगा।

### भोजपुर में 2 बाइक की टक्कर, 4 लोग घायल :एक की हालत नाजुक

**आरा(भोजपुर)।** भोजपुर जिले के आरा-बक्सर नेशनल हाईवे गजराजगंज ओपी अंतर्गत बीबीगंज गांव के धमार मोड़ के समीप रविवार की देर शाम दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार दोस्त समेत चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। दो जख्मियों को एनएचएआई एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया । जख्मियों में एक बाइक सवार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खुशहालपुर गांव निवासी प्रभुनाथ सिंह के 19 वर्षीय बेटे रूपेश कुमार और खजुरिया गांव निवासी शंकर ठाकुर के 16 वर्षीय बेटे कुंदन कुमार है। जबकि दूसरी बाइक पर सवार अन्य दो युवक अपने स्तर से दूसरे अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। जख्मी युवक रूपेश कुमार ने बताया कि नवादा थाना क्षेत्र के न्यू पुलिस के पास उसके घर में काम लगा हुआ था।

# होटल में होनी थी हथियारों की डील, तभी आ गई पुलिस; सीमांचल का बड़ा तस्करी सरगना गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया जिले की फारबिसगंज पुलिस ने गुप्त सूचना पर शहर के सिटी गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 305 से मादक पदार्थ और हथियार तस्करी के मुख्य सरगना को धर दबोचा । जिसके पास से पुलिस ने जापान मेड एक रिवाल्वर भी बरामद की है, और मोबाइल भी जब्त कर लिया है। मोबाइल में तस्करों के लिए कई तरह के हथियार और स्मैक के नमूनों के फोटो हैं। गिरफ्तार तस्कर पश्चिम बंगाल मालदा के कालियाचक का रहने वाला है। खास बात ये कि गेस्ट हाउस में ही हथियारों और स्मैक की डील के लिए तस्करों के साथ उसकी मीटिंग होने वाली थी। और वो तस्करों का इंतजार कर रहा था। लेकिन पुलिस आ धमकी और रियाजुल शेख को गिरफ्तार कर लिया।

एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह समेत कई पुलिस पदाधिकारी लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ करने के दौरान तस्कर ने कबूल किया कि पश्चिम बंगाल से लेकर अररिया-पूर्णिया सहित पूरे सीमांचल में हथियारों की तस्करी का काम करता है। इसी सिलसिले में डील करने के लिए फारबिसगंज स्थित सिटी गेस्ट हाउस में रुका था।

खास बात यह कि स्थानीय स्तर के कई तस्कर गिरोह के प्रतिनिधि हथियारों और स्मैक के नमूनों के लिए होटल में आने ही वाले थे, लेकिन उससे पहले पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। इस ऑपरेशन



में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में अपर थाना अध्यक्ष आदित्य किरण, दारोगा राजनंदनी सिंह के अलावा शिवेंद्र कुमार, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

अररिया जिले की फारबिसगंज पुलिस ने गुप्त सूचना पर शहर के सिटी गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 305 से मादक पदार्थ और हथियार तस्करी के मुख्य सरगना को धर दबोचा । जिसके पास से पुलिस ने जापान मेड एक रिवाल्वर भी बरामद की है, और मोबाइल भी जब्त कर लिया है। मोबाइल में तस्करों के लिए कई तरह के हथियार और स्मैक के नमूनों के फोटो हैं। गिरफ्तार तस्कर पश्चिम बंगाल मालदा के कालियाचक का रहने वाला है। खास बात ये कि गेस्ट हाउस में ही हथियारों और स्मैक की डील के लिए तस्करों के साथ उसकी मीटिंग होने वाली थी। और वो तस्करों का इंतजार कर रहा था। लेकिन पुलिस आ धमकी और रियाजुल शेख को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह समेत कई पुलिस पदाधिकारी लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ करने के दौरान तस्कर ने कबूल किया कि पश्चिम बंगाल से लेकर अररिया-पूर्णिया सहित पूरे सीमांचल में हथियारों की तस्करी का काम करता है। इसी सिलसिले में डील करने के लिए फारबिसगंज स्थित सिटी गेस्ट हाउस में रुका था। खास बात यह कि स्थानीय स्तर के कई तस्कर गिरोह के प्रतिनिधि हथियारों और स्मैक के नमूनों के लिए होटल में आने ही वाले थे, लेकिन उससे पहले पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। इस ऑपरेशन में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में अपर थाना अध्यक्ष आदित्य किरण, दारोगा राजनंदनी सिंह के अलावा शिवेंद्र कुमार, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे। इस संबंध में एसडीपीओ मुकेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के मादक पदार्थ और हथियार तस्कर के मुख्य सरगना रियाजुल शेख को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय सिटी गेस्ट हाउस से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से बरामद मोबाइल में कई तरह के हथियारों के नमूने हैं जिसे स्थानीय तस्कर गिरोह को दिखाकर आर्डर लिया जाता था। पुलिस को पूछताछ के दौरान कई सनसनीखेज जानकारियां भी मिली हैं। इस गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी उपलब्धि मान रही है। गिरफ्तार अपराधी के जरिए स्थानीय स्तर पर इस धंधे में शामिल गिरोह को चिन्हित कर उसके खिलाफ जांच और कार्रवाई अभियान को तेज करने की बात कही गई है।

## मादक पदार्थ और अवैध हथियार के साथ तस्कर गिरफ्तार



**अररिया।** अररिया के फारबिसगंज थाना पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर स्टेशन चौक स्थित सिटी गेस्ट हाउस में छापेमारी कर एक अंतर प्रांतीय मादक पदार्थ और हथियार तस्कर सरगना को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक अवैध रिवाल्वर, मोबाइल, और स्मैक डीलिंग से संबंधित फोटोग्राफ बरामद किए गए। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मोहम्मद रियाजुल शेख (निवासी मालदा, पश्चिम बंगाल) के रूप में हुई है।

**गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई :** एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि स्मैक और हथियारों की तस्करी करने वाला गिरोह शहर में सक्रिय है। इसके बाद थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गई। सिटी गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 305 में तलाशी के दौरान आरोपी के पास से मेड इन जापान लिखी हुई रिवाल्वर और डीलिंग से जुड़े फोटोग्राफ बरामद हुए। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अररिया और पूर्णिया के तस्करों से नियमित संपर्क में रहकर मालदा से स्मैक और हथियार सप्लाई करता था। उसने यह भी बताया कि सीमांचल क्षेत्र में स्मैक और हथियारों की तस्करी का विस्तृत नेटवर्क है। पुलिस अब इस नेटवर्क को खंगालने और अन्य तस्करों पर कार्रवाई करने की दिशा में काम कर रही है।

**अभियान में शामिल पुलिस टीम :** छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह, पुअनि सह अपर थानाध्यक्ष आदित्य किरण, पुअनि राजनंदनी सिंह, हवलदार सिवीन कुमार यादव, और सिपाही मनीष कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## मित्र बनाने के पहले प्रोफ़ाइल को अच्छी तरह जांच लें : एसपी

**छपरा।** नए फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले, भेजने वाले की प्रोफ़ाइल को अच्छी तरह जांच लें । सबसे आसान उपाय है कि पैसा मांगने वाले को फोन से वीडियो कॉल करने को कहिए। एसपी डॉ कुमार आशीष ने सोशल मीडिया के संचालन के लिए लोगों को आगाह करते हुए यह बात कही। एसपी ने कहा कि इन दिनों फेसबुक के माध्यम से फेक प्रोफाइल, आईडी से ठग साइबर फ्रॉड कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से अधिकारियों या चर्चित व्यक्तियों का फर्जी फेसबुक प्रोफाइल व अन्य सोशल मीडिया हैंडल्स पर फेक आईडी बनाकर पैसा ऐंठने का काम जोरों पर चल रहा है। फेसबुक पर नकली आईडी बनाकर आमतौर पर पहले नये फ्रेण्ड्स बनाये जाते हैं । फिर पैसों की मांग की जाती है। खासकर महत्वपूर्ण लोगों के नाम पर इस तरह की जालसाजी की जाती है। विगत दिनों पता चला कि मेरे नाम और फोटो का भी दुष्प्रयोग करते हुए फेक फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से पुराने फर्नीचर खरीदने के नाम पर पैसा इत्यादि मांगा जा रहा है। ऐसे फ्रॉड से बचने के लिए आवश्यक सलाह एसपी ने कहा है कि सभी अपने फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया अकाउंट में फ्रेंड लिस्ट, फोटो-वीडियो और बायो डाटा को प्राइवेट रखें। ऐसा करने से अनजान व्यक्ति आपकी प्रोफ़ाइल देख कर उससे मिलती-जुलती फेक प्रोफ़ाइल नहीं बना पाएगा।

# घोड़े लाडला के साथ सोनपुर मेला देखने पहुंचे बाहुबली अनंत सिंह

## बोले- मेले में अब काफी कुछ बदल गया, अब सिर्फ लोगों की भीड़ ही रह गई है

**पटना।** बाहुबली और मोकामा से पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार को विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला देखने पहुंचे। इस दौरान उनका घोड़ा लाड़ला भी साथ गया। जो मेले में आर्कषण का केंद्र बना रहा। जिसे देखने के लिए भारी संख्या जुट गए। इस दौरान अनंत सिंह ने कहा कि वो 9 साल की उम्र से सोनपुर मेला देखने आ रहे हैं। अब काफी कुछ बदल गया है। पहले वाली बात नहीं रही है। अब सिर्फ लोगों की भीड़ ही रह गई है। उन्होने कहा कि वो अपने तीन घोड़ों को लेकर आए हैं। उनका लाडला घोड़ा बिकने नहीं बल्कि मेले का आकर्षण बढ़ाने आया है। मेले में उनके लिए खरीदने को कुछ नहीं है। अब तो लोग गाड़ियों से आते हैं, मेला देखकर पटना लौट जाते हैं। पहले मेला देखने वाले आते थे, तो मेला में रुकते थे। लेकिन अब पुल बन जाने से लोग आते हैं और चले जाते हैं। मेला छोटा होता जा रहा है। मेला में कुछ नही है। सिर्फ आदमी दिखाई देता है। बाहुबली और मोकामा से पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार को विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला देखने पहुंचे। इस दौरान उनका घोड़ा लाड़ला भी साथ गया। जो मेले में आर्कषण का केंद्र बना रहा। जिसे देखने के लिए भारी संख्या जुट गए। इस दौरान अनंत सिंह ने कहा कि वो 9 साल की उम्र से सोनपुर मेला देखने आ रहे हैं। अब काफी कुछ बदल गया है। पहले वाली बात नहीं रही है। अब सिर्फ लोगों की भीड़ ही रह गई है। उन्होने कहा कि वो अपने तीन घोड़ों को लेकर आए हैं। उनका लाडला घोड़ा बिकने नहीं बल्कि मेले का आकर्षण बढ़ाने आया है।



मेले में उनके लिए खरीदने को कुछ नहीं है। अब तो लोग गाड़ियों से आते हैं, मेला देखकर पटना लौट जाते हैं। पहले मेला देखने वाले आते थे, तो मेला में रुकते थे। लेकिन अब पुल बन जाने से लोग आते हैं और चले जाते हैं। मेला छोटा होता जा रहा है। मेला में कुछ नही है। सिर्फ आदमी दिखाई देता है। अनंत सिंह ने कहा कि पांच साल बाद सोनपुर मेला में आये हैं। जेल में रहने के कारण सोनपुर मेला में नहीं आ पाते थे। इस दौरान उन्होने यूपी से आए बीयर पीने वाले दो करोड़ के भैंसा को भी देखा। भैंसे के शराब पीने के सवाल पर अनंत सिंह ने कहा कि जिसको पीना होगा वह किसी तरह पी लेगा। सुरक्षा कारणों से कुछ देर रुकने के बाद अनंत सिंह अपने दोनों बेटों के साथ पटना लौट गए। आपको बता दें बिहार और देश का विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला 13 नवंबर से 14 दिसंबर तक चलेगा। सोनपुर मेला हर साल पशु प्रेमियों और व्यापारियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनता है। जिसमें देशभर से अच्छी नस्ल के जानवर खरीदे और बेचे जाते हैं।

# मां ने 2 महीने के मासूम को पटककर मार डाला: पति से हुआ था झगड़ा

**भोजपुर।** भोजपुर में आपसी लड़ाई में एक महिला ने अपने दो महीने के बेटे को जमीन पर पटक कर मार डाला। पति-पत्नी अपने दो बच्चों के साथ दिल्ली से आरा आ रहे थे। रास्ते में पति-पत्नी की घरेलू विवाद में लड़ाई हुई। रविवार को आरा स्टेशन पहुंचने के बाद फिर झगड़ा हुआ, जिसके बाद महिला ने अपनी गोद में लिए मासूम को जमीन पर पटक दिया। बच्चे को इलाज के लिए सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दंपती बच्चे के शव का पोस्टमॉर्टम कराए बिना घर लेकर चले गए।

वही पति-पत्नी की लड़ाई में बीच-बचाव करने पहुंचे स्थानीय वार्ड पार्षद सम्राट सक्सेना ने बताया कि महिला ने एक नहीं 2-3 बार बच्चे को पटका। वहीं पति का कहना है कि उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसने अपने पति से भी मारपीट की है। आरोपी महिला जूही देवी और उसका पति रविनेश कुमार दोनों आरा के कोइलवर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। दोनों अपने बच्चे के साथ दिल्ली से आरा अपने फूफा के घर जा रहे थे। बच्चा गलती




से गिरा, मैंने नहीं पटका- मां जूही का कहना है कि उसने बच्चे को जानबूझकर नहीं पटका। ट्रेन से उतरने के दौरान उसका पैर स्लीप हो गया, जिससे उसका बच्चा स्टेशन पर ही गिर गया। जूही ने कहा, मेरा बच्चा मरा नहीं है। ये लोग मुझे मेरे बच्चे से नहीं मिला रहे। पत्नी ने ननद पर घर से निकालने का लगाया आरोप बच्चे की मां जूही ने अपनी सास और ननद ने उसे घर से निकालने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर जूही देवी ने बताया, उसके ससुराल वाले इलाज के लिए पैसा नहीं देते हैं। बच्चे की तबीयत खराब थी। उसके इलाज के लिए भी पैसा नहीं दिया। जब मैं गर्भवती थी तो दोनों ने मुझे घर से निकाल दिया। बोली जाकर किराए पर रहो।

## पटना में पुष्पा-2 के ट्रेलर लॉन्च में फेंकी गई चप्पलें, अल्लू अर्जुन के स्टेज पर देरी से पहुंचने पर फैंस का बवाल

**पटना।** राजधानी पटना के गांधी मैदान में पुष्पा- 2 के ट्रेलर लॉन्च के दौरान जमकर हंगामा हुआ। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की एक झलक पाने के लिए फैंस का सैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ को काबू में रखने के लिए पुलिस को कई बार लाठियां भी भांजनी पड़ी। यही नहीं ट्रेलर लॉन्चिंग के दौरान अल्लू अर्जुन के स्टेज पर देरी से पहुंचने पर भड़के फैंस ने चप्पलें फेंकनी शुरू कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिय पर वायरल हो रहा है। दरअसल रविवार को शाम 6 बजे पुष्पा-2 का ट्रेलर लॉन्च होना था। लेकिन गांधी मैदान में फैंस की भारी भीड़ को काबू करने में पुलिस के पसीने छूट गए। जिसके चलते कार्यक्रम में थोड़ी देरी हुई। और स्टेज पर अल्लू के देरी से पहुंचने पर फैंस ने हंगामा शुरू कर दिया, और चप्पलें फेंकने लगे। वहीं कई बार भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा। अपने फेवरेस्ट एक्टर अल्लू अर्जुन को देखने के लिए फैंस की दीवानगी इस कदर थी, कि गांधी मैदान के बाहर लगे टावर पर कई लोग चढ़ गए। जिससे कोई हादसा भी हो सकता था। बेकाबू भीड़; पुलिस ने भांजी लाठियां इससे पहले आज जब अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना पटना एयरपोर्ट पहुंचे तो फैन ने उनका जबरदस्त स्वागत किया। जिसके बाद उन्हें गांधी मैदान पहुंचना था। जहां फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होन था। इस बीच गांधी मैदान के आसपास की सड़कों पर जाम जैसी स्थिति





हो गई। जाम के कारण बैरिकेड लगाकर चिल्ड्रेन पार्क से जेपी गोलंबर जाने वाले रास्ते को बंद किया गया। दरअसल अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की अपकमिंग मूवी पुष्पा 2 का ट्रेलर पटना के गांधी मैदान में लॉन्च हुआ। रविवार को दोनों सुपर स्टार पटना एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। वहीं गांधी मैदान में पुष्पा-2 की ट्रेलर की लॉन्चिंग में फैंस का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरा मैदान अल्लू अर्जुन के फैंस से खचाखच भरा हुआ दिखा। इसी दौरान भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठी भांजी। वहीं गांधी मैदान की मुख्य मार्ग पर भीषण जाम की स्थिति पैदा हो गई है। जाम के कारण बैरिकेड लगाकर चिल्ड्रेन पार्क से जेपी गोलंबर जाने वाले रास्ते को बंद किया गया। भीड़ के कारण गांधी मैदान का गेट नंबर-4 भी बंद कर दिया गया है।

# नालंदा में पति-पत्नी की हत्या कर शव जलाया

**नालंदा।** नालंदा में घर में पति-पत्नी की हत्या कर शव को जलाया गया है। सिर और हाथ का कुछ हिस्सा जलने से बचा है, बाकी शव जल चुका है। मामला छबीलापुर थाना क्षेत्र के दोगी गांव का है। मृतकों की पहचान दोगी गांव निवासी विजय प्रसाद (54) और उनकी पत्नी कांति देवी (50) के रूप में की गई। घटना के बारे में मृतक के बेटे विपिन कुमार ने बताया कि वह अपने घर से सुबह पैदल दूसरे मकान में पहुंचा, जहां माता-पिता रह रहे थे। दरवाजा खुला हुआ और नाली से खून बह रहा था। जैसे ही घर के अंदर गया तो देखा कि मम्मी-पापा आग की लपट में थे। उसके बाद भाइयों को फोन कर बुलाया। फिलहाल घटनास्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण जुटे हुए हैं। ग्रामीण राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सुबह गांव में यह शोर हुआ कि विजय महतो की मौत हो गई। जब विजय महतो के घर पहुंचे तो देखा कि दोनों पति-पत्नी आग में जल रहे हैं। आसपास के कमरों में किसी तरह के आपत्तिजनक चीज दिखाई नहीं दी। यहां देखा कि दंपती के ऊपर बिजली का तार गिरा हुआ है। मौके पर पहुंची छबीलापुर थाना की पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है और फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड टीम को बुलाया गया है। हत्या के बाद शव को जलाने का शक जिस प्रकार खून के छीटें कमरों में



फैले हुए हैं। इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी ने पहले हत्या की और शव को जलाकर इसे हादसे का रूप देने का प्रयास किया गया है। घर के दो गेट में से एक गेट अंदर से बंद था जबकि दूसरा खुला हुआ था। ग्रामीणों की मानें तो रात करीब 10:00 बजे विजय प्रसाद गांव के मंदिर के पास भजन कीर्तन करने के बाद अपने घर गए थे। घटनास्थल के पास ग्लव्स भी मिले है। रविवार की रात घर में चिकेन बना था। जो छत पर अभी भी यूं ही पड़ा हुआ है। रात करीब 8:00 बजे विपिन चिकेन खाकर दूसरे घर में सोने गया था। जिस जगह ये घटना हुई है वहां पास में सिर्फ एक घर और बना हुआ है। पुलिस ने कमरे को किया सील मौके पर पहुंचकर छबीलापुर थाना की पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है और फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वाड टीम को घटनास्थल पर निरीक्षण को लेकर बुलाया गया है। वहीं इस मामलें में छबिलापुर थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। एफएसएल की टीम को बुलाई गई है। फॉरेंसिक जांच होने के बाद ही घटना के संबंध में बताया जा सकता है। फिलहाल आसपास के लोगों से और परिजनों से इस संदर्भ में जानकारी ली जा रही है।

# चौपारण प्रखंड के गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयनी जंगलों का अस्तित्व खतरे में

**जानकर भी अनजान बैठे वन विभाग के अधिकारी, जेसीबी से जंगल समतलीकरण का कार्य जारी, विभाग मौन**

### झारखण्ड बिहार के लगभग 25 अफीम तस्करों पर वनवाद दायर किया गया है- कुलदीप कुमार वनरक्षी

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**चौपारण (हजारीबाग)।** गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयनी जंगल प्रचूर मात्रा मे खनिज सम्पदा, बीहड़ जंगल और जंगली जानवरों से भरा हुआ था मगर अब ये जंगल अफीम की खेती के लिए जाना जाता है। ठंड का मौसम आते ही अफीम तस्करों की सक्रियता बढ़ जाती है और जंगलों के आसपास इन लोगों को देखा जाता है। आश्रयनी क्षेत्र मुड़िया, दुरागड़ा, चोरदाहा, सिकदा, अहरी, अहरी नावाडीह, ढोढीया, मुरेनिया, मुर्तिया, कविलास, गरमोरवा, कोठोडुमर, पथलगड़वा और बुकाड़ के जंगलों को तस्करों द्वारा अफीम की खेती का सबसे सेफ जोन माना जाता है। अफीम की खेती के लिए तस्करों द्वारा जंगलों को जेसीबी मशीन और दिहाड़ी मजदूर लगाकर जंगल की सफाई और जुताई का काम एकबार फिर शुरू हो गया है। वन विभाग के आला अधिकारी जानकर भी अनजान बैठे है। प्रभारी वनपाल छत्रपति शिवाजी व वनरक्षी कुलदीप कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया की जंगल मे अफीम की खेती के जंगल जुताई का मामला आया है, और अहरी नावाडीह मे अफीम की खेती के अंकुरित पौधे को पैर से रौंद दिया है और बिहार और झारखण्ड के लगभग 25 लोगों पर वनवाद दायर किया गया है और आगे भी इनके मनसूबे को पूरा नही होने देंगें। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कहीं न कहीं विभाग के कुछ दैनिक कर्मी का भी हाथ मोटी कमाई के लिए इस अफीम की खेती और तस्करों से मिला हुआ है। ये दैनिक कर्मी अफीम खेती के बाद लकड़ी तस्करों का भी खुब साथ निभाते है और जंगल से साइकिल पर लकड़ी लाने वाले लोगों से भी इनलोगों को गाढ़ी कमाई हो जाती है।



# आम आदमी के स्वास्थ्य को दरकिनार कर कोयले की फ्लाई ऐश की ढुलाई बेखौफ जारी

**टंडवा,कल्याणपुर,पिपरवार के बाद अब टंडवा से सिमरिया मुख्य सड़क से होने लगी फ्लाई ऐश की ढुलाई**



### शीघ्र हीं अभियान चलाकर नियमित जाँच कर करवाई की जायेगी : डीटीओ, इंद्र कुमार

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी बिजली प्लांट से बिजली सप्लाई के बाद निकलने वाली कोयले का गीला कचड़ा व जले राख़ की ढुलाई से पब्लिक सड़कों में गीला कचरा ( फ्लाई ऐस ) की ओवरलोड ढुलाई से बीमारियों का खतरा उत्पन्न होना लाजमी बन गया है। कोयले के जले राख़ की कचड़े की ढुलाई में लगे इंफ्रा, सौरभ सागर,मोदी कंपनी चतरा जिले के टंडवा प्रखंड से सिमरिया होते हुए रामगढ़,गोला,पेटवार तक हाइवा तथा ट्रकों से ढुलाई की जा रही है। जबकी एनटीपीसी बिजली प्लांट टंडवा से नौकर्स, आरटीपीएल कंपनी द्वारा कल्याणपुर,पिपरवार,बचरा होते हुवे राँची होकर रामगढ़,गोला,पेटवार ढुलाई की जा रही है। कोयले की जले कचड़े ढुलाई के दौरान पब्लिक मुख्य सड़कों में गिराने से धूलकणों से गंभीर बीमारियां उत्पन्न होने का अंदेशा उत्पन्न होने लगा है। ट्रांसपोर्टिंग में लगी छः कंपनीयां इन दिनों बेधड़क फ्लाई ऐश की ढुलाई रात्री में कर रही है। बताया जाता है कि राख ढुलाई के लिए राँची, बिजुपाड़ा का रुट हो या सिमरिया का रूट संबंधित अधिकारी,दलाल, छूटभैया नेताओं को मैनेज कर रातभर टंडवा शहीद चौक तथा पब्लिक मार्गो होकर ढुलाई होती की जा रही है। बता दें, अंदरखाने में इसी रुट से बड़े पैमाने पर राख ढुलाई की तैयारी अन्य ट्रांसपोर्टर भी कर रहे हैं। क्योंकि छः ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा ढुलाई का ग्रामीणों के द्वारा प्रतिरोध पूर्व में किया जा चुका है।फिलहाल विरोध नहीं होने से मनोबल सातवें आसमान पर है। यही वजह है कि अन्य ट्रांसपोर्टिंग कंपनियां भी राख ढुलाई के लिए सांठगांठ कर ढुलाई की तैयारी में है। घनी आबादी वाले सड़कों में गीला कचरा सूखकर सफेद धूल से तब्दील होने से भारी प्रदूषण व गंभीर बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। सूत्रों के अनुसार इस रुट से ढुलाई करने पर दो टोल टैक्स की चोरी व प्रति टन एक सौ से अधिक रुपये का अतिरिक्त वृद्धि भाड़ा ट्रांसपोर्टिंग कंपनी प्रति ट्रक 6200 रुपये बचाकर लाखों रुपये धनोपार्जन कर रही है। जिसका अंश संबंधित अधिकारियों व बिचौलियों में भी बांटा जाता है। डीटीओ इंद्र कुमार से इस विषय पर पूछे जाने पर बताया कि शीघ्र हीं नियमित जाँच वोट की अकाउंटिंग के बाद अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की जाएगी। गीले राख ढुलाई से सड़क पर गिरता कीचड़, सूखने के बाद उड़ता है डस्ट। वहीं परिवहन नियम को ताक पर रखकर चक्का उठाकर चलता है ट्रक।कोयले की ढुलाई के बाद अब जले कोयले की राखों की ढुलाई जारी है पब्लिक मार्गों में हाइवे का इन दिनों कब्ज़ा रहता है। जिला के डीटीओ,आरटीओ द्वारा उचित कानूनी करवाई नहीं होने से ट्रांसपोर्ट तथा ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

# भद्रकाली महाविद्यालय में इतिहास विभाग के तत्वावधान में सेमिनार का हुआ आयोजन




**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि**

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड के ख्याति प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थान भद्रकाली महाविद्यालय में इतिहास विभाग के तत्वाधान में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अशोक के धम्म की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय आंतरिक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। रिसोर्स पर्सन सह मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी बालगोविंद राम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विख्यात योगगुरु शंकर चंद्रवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात अतिथियों एवं शिक्षकों को बुक्के देकर सम्मानित किया गया। मौके पर खुशबू कुमारी एवम पायल कुमारी के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम सुन्दर प्रसाद ने कहा कि आज जब पूरे विश्व में अन्याय, अत्याचार, अहिंसा, वही वैमनस्यता,लालच ,चोरी जैसी अराजकता फैली हुई है ऐसे माहौल में अशोक के धम्म की प्रासंगिकता बढ़ जाती है। मुख्य अतिथि बालगोविंद राम ने कहा कि अशोक ने महान कार्य किए लेकिन अशोक का धम्म अशोक को महान बनाता है। अशोक का धम्म नैतिक मूल्यों पर आधारित है जिसका आज के समय में तेजी से क्षरण होता जा रहा है। सामान्य व्यक्ति से महान व्यक्ति बनने के लिए अशोक का धम्म अपनाना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि विख्यात योगगुरु शंकर चंद्रवंशी ने कहा कि अशोक का धम्म समावेशी विकास और सर्वधर्म समभाव पर आधारित है। इसे जीवन में अपनाना जरूरी है । अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने कहा कि अशोक का साम्राज्य उस समय का वृहतर भारत था जिसमें शांति,सद्भावना,अहिंसा, तथा बिना जाति धर्म का भेद भाव किए कुशलतापूर्वक शासन कर पाना उन्हीं के धम्म के कारण संभव हो पाया। आज की युवा पीढ़ी जिनमे नैतिक मूल्यों का ह्रास होता जा रहा है उन युवाओं के लिए अशोक का धम्म प्रेरणाश्रोत है। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. डॉक्टर बालेश्वर पासवान ने किया। कार्यक्रम में प्रो. सकेंद्र मिस्त्री,प्रो. जानकी प्रसाद दांगी,प्रो. ललित मोहन सिन्हा,प्रो. महेंद्र ठाकुर,प्रो. ललित कुमार सिंह,प्रो. राकेश कुमार ,डॉक्टर मोहमद मंसूर आलम फखरी,प्रो. संदीप कुमार,प्रो. अखिलेश पांडेय,प्रो.लीलू रानी सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# वर्तमान हेमंत की सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया : संजय सेठ



**पूर्वांचल सूर्य संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को खिजरी विधानसभा के ओरमांझी हरिजन टोला, बसंत विहार कुंज, हजम एवं सौदागर में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रामकुमार पाहन को कमल निशान पर वोट देकर खिजरी विधानसभा के विकास के लिए मत देने की अपील की। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा आगामी 20 तारीख को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस देश को बांटना चाहती है। कांग्रेस प्रभारी घुसपैठियों को 450 रु मे सिलेंडर देने की बात कर रहे हैं हेमंत सोरेन को बताना चाहिए कि कांग्रेस सही है या हेमंत घुसपैठियों को पनाह देकर अपनी असलियत छुपाना चाह रहे हैं। हेमंत सोरेन घुसपैठियों को पनाह देकर यहां के लोगों के रोजगार को छीन रही है बांग्लादेशी मजदूर झारखंड में आकर बस रहे हैं और यहां के मजदूरों का हक मारा जा रहा है। अब समय आ गया है झारखंड में रोटी ,बेटी, और माटी, को बचाने का। हर तरफ परिवर्तन की लहर है। पिछले 5 साल में झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने जो भ्रष्टाचार किए हैं, बेरोजगारों पर जो अत्याचार किए हैं, महिला उत्पीड़न और प्रताड़ना पर जो चुप्पी साधी है; इन सबका जवाब इस चुनाव में देने के लिए जनता तैयार है। राज्य में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण करने वाली सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड को हमेशा से विशेष स्नेह दिया है। 5 साल हेमंत सोरेन की सरकार के बावजूद प्रधानमंत्री जी ने झोलियां भर भर के झारखंड के विकास के लिए योजनाएं दी परंतु दुर्भाग्य है कि इस भ्रष्ट सरकार ने जानबूझकर मोदी सरकार की योजनाओं को राज्य में सफल नहीं होने दिया। मोदी सरकार की योजनाएं राज्य में सफल हो, उसके लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है ताकि झारखंड के विकास को और बेहतर गति मिल सके। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति हो, युवाओं को रोजगार मिले, भाजपा इसके लिए दृढ़ संकल्पित है और भाजपा के साथ पूरे राज्य की जनता खड़ी है। झारखंड के परिवर्तन के लिए 20 तारीख को खिजरी विधानसभा में अपने मतदान का प्रयोग कर रामकुमार पाहन को विजय बनाएं। आज के इस अवसर पर अलख नाथ महतो, अशोक मुंडा, राजेश गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, रामधन करमाली, प्रहलाद सिंह, बुद्धू पाहन, बिरसा पाहन, शंकर सिंह मुंडा ,समीर राय, नीरू लाल मुंडा, प्रभु दयाल बडाईक, छेदी सिंह बेदिया, संजय तुजु ,सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची।**
(जिला निर्वाचन शाखा)

**आम सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 437/6/INST/ECI/FUNCT/MCC/2024(CAMPAIGN), के दिनांक 02.01.2024 द्वारा निदेशित किया गया है कि After the closure of campaign period no campaign can take place within the constituency, presence of political functionaries/party workers/procession functionaries/ campaign functionaries etc. who have been brought form outside the constituency and who are not voters of the constituency, should not continus to remain present in the constituency as their continued presense alter campaign ends may undermine the atmosphere for free and fair poll.

उक्त के आलोक में राँची जिला के अंतर्गत 61– सिल्ली एवं 62– खिजरी(अ०ज०जा०) विधानसभा के सभी अभ्यर्थी/सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी/कार्यकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि :–

यदि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति/कार्यकर्त्ता इस अवसर पर बाहर से चुनाव प्रचार के लिए आये हैं तथा 61– सिल्ली एवं 62– खिजरी(अ०ज०जा०) विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत के मतदाता या अभ्यर्थी नहीं हैं, तो वे दिनांक–18.11.2024 को अपराह्न 05:00 बजे के पश्चात् निर्वाचन क्षेत्र से बाहर चले जायेंगे।

उक्त अवधि के बाद प्रचार–प्रसार करते हुए पाये जाने या 61– सिल्ली एवं 62– खिजरी(अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बाहर के राजनीतिक व्यक्ति/कार्यकर्त्ता उक्त दो विधानसभा क्षेत्र में मौजूद पाए जाने पर RP Act 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

उप निर्वाचन पदाधिकारी,
राँची

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–
उपायुक्त, राँची

PR 340181 (Ranchi) 24-25 (D)

## संपादकीय

# कोचिंग संस्थानों की झूठी गारंटी पर लगाम

देश भर में फैले कोचिंग संस्थानों में पढ़ने के आकर्षण की मुख्य वजह यही है कि ऐसी लगभग सभी जगहों के बारे में किए गए प्रचार में यह जोर देकर बताया जाता है कि वहां पढ़ाई के बाद अच्छी नौकरियां सबको मिलेंगी। मगर हकीकत क्या है, यह सभी जानते हैं। ज्यादातर कोचिंग संस्थान अपने यहां पढ़ाई कर रहे सौ फीसद विद्यार्थियों को नौकरी दिलवाने का वादा करते हैं और इस तरह एक तरह का जाल फेंक कर बच्चों को उसमें उलझा लेते हैं। जबकि सभी जानते हैं कि कोचिंग संस्थानों में हर वर्ष कितने विद्यार्थी पढ़ कर बाहर निकलते होंगे और नौकरी के लिए कितनी सीटें होती हैं। सीमित सरकारी नौकरियों के दौर में सबको अवसर दिलाने का दावा करना भ्रम फैलाने से कम नहीं है। इसे लेकर पिछले काफी समय से सवाल उठते रहे हैं। अब केंद्र सरकार ने बुधवार को कोचिंग संस्थानों की ओर से कई स्तरों पर भ्रामक प्रचार पर नकेल कसने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत अब 'सौ फीसद चयन' या 'सौ फीसद नौकरी की गारंटी' जैसे दावे करने पर रोक लगाई गई है। दरअसल, यह परंपरा-सी बन गई है कि अपने प्रचार के क्रम में कोचिंग संस्थान जो दावे करते हैं, उसके बारे में किसी तरह की पारदर्शिता का पालन वे नहीं करते। यह स्पष्ट करने की जरूरत उन्हें नहीं लगती कि सीमित अवसरों के दौर में वे सौ फीसद गारंटी का दावा किस आधार पर करते हैं और इसे वे कैसे मुहैया कराएंगे। उनके आंतरिक ढांचे में शिक्षण का प्रारूप, शिक्षकों और उनकी योग्यता का ब्योरा, संसाधन आदि के बारे में पारदर्शिता का निर्वाह उन्हें जरूरी नहीं लगता। मगर अपने संस्थान की ओर आकर्षित करने के लिए जारी विज्ञापनों में बढ़-चढ़ कर झूठे दावे करने में कोई कमी नहीं की जाती। अब नए नियमों के मुताबिक, ऐसे संस्थानों को फीस, अपनी सेवाओं, उसकी गुणवत्ता, शिक्षकों की योग्यता और उनकी विश्वसनीयता आदि के बारे में स्पष्ट रूप से बताना होगा। ताजा दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग संस्थानों पर दस से पचास लाख तक का जुर्माना लगाया जाएगा और लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि छोटे शहरों से बड़े शहरों में अगर बहुत सारे विद्यार्थी कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने पहुंचते हैं, तो इसके पीछे एक बड़ा कारण इन संस्थानों के भारी-भरकम दावे होते हैं। कई बार किसी बड़े महत्त्व की नौकरी में कामयाबी हासिल करने वाले अभ्यर्थी को कई संस्थान अपने यहां से पढ़ाई किया हुआ बता देते हैं। इन दावों के प्रभाव में आकर और मोटी फीस चुका कर वहां दाखिला लेकर पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को किसी प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित होने का भरोसा दिया जाता और सौ फीसद सरकारी नौकरी की गारंटी दी जाती है। जबकि यह छिपा नहीं है कि देश भर के कोचिंग संस्थानों में हर वर्ष कितने विद्यार्थी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करते हैं और सरकारी नौकरियों की उपलब्धता कितनी है। सीमित अवसरों के बावजूद अभिभावक अपने बच्चों को पैसों का इंतजाम करके बड़े शहरों में भेजते हैं, कइयों को जमीन तक गिरवी रखनी या बेचनी पड़ती है या कर्ज लेना पड़ता है। मगर होता यही है कि गिनती के कुछ विद्यार्थियों को कामयाबी मिल पाती है और ज्यादातर को निराशा हाथ लगती है। इससे कैसी पारिवारिक-सामाजिक परिस्थितियां पैदा होती होंगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे में कोचिंग संस्थानों के भ्रम परोसते दावों पर लगाम लगाना अपने भविष्य के लिए संघर्ष और जद्दोजहद करते विद्यार्थियों के हित में एक जरूरी कदम है।

**दिल्ली में बहने वाली यमुना नदी कभी धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण थी। अब प्रदूषण के कहर से जूझ रही है। आंकड़े बताते हैं कि यमुना का प्रदूषण स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। छठ जैसे पर्व पर महिलाओं को इस नदी पर स्नान करने से रोक लगाई गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, यमुना में खतरनाक बैक्टीरिया और प्रदूषकों का स्तर मानक सीमा से कई गुना अधिक पाया गया है। दिल्ली में यमुना के प्रमुख हिस्सों में पानी की गुणवत्ता, बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड) और अन्य प्रदूषक तत्वों के कारण न केवल पीने के योग्य नहीं है। यमुना में प्रतिदिन लगभग 3,000 मिलियन गैलन से अधिक सीवेज प्रवाहित होता है। यह बिना किसी सफाई प्रक्रिया के सीधे नदी में जा रहा है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने नोएडा विकास प्राधिकरण पर 100 करोड़ यानी एक अरब रुपये और दिल्ली जल बोर्ड पर 50 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था।**

# अदालतों के निर्देश भी नहीं सुधार सके नदियों की सेहत

(योगेंद्र योगी)



सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी और यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण स्तर को लेकर नगर निगम को फटकार लगाई। इस तरह के मामले में इससे राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने भी नगर निगम के खिलाफ अप्रैल में आदेश दिया था।

हिन्दू शास्त्रों में गंगा और यमुना नदी का धार्मिक महत्व बताया गया है। इन नदियों की उपयोगिता के कारण इन्हें जीवनदायिनी कहा गया है। वर्तमान में हालत यह है कि ये जीवनदायिनी खुद जीवन के लिए तरस रही हैं। देश में अन्य समस्याओं की तरह इन नदियों के की बर्बादी के लिए भी राजनीति जिम्मेदार है। नदियों का प्रदूषण का मुद्दा राजनीतिक दलों को वोट नहीं दिला सकता, इसलिए इनकी सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। सत्तारुढ़ दलों की प्राथमिकता में नदियों की पवित्रता बरकरार रखना नहीं रह गया है। इन नदियों की हालत नालों जैसी बन चुकी है। भ्रष्टाचार और वोट बैंक की राजनीति के कारण इस हालत से निपटने के लिए सरकारी प्रयास विफल साबित हुए हैं। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, हाईकोट और सुप्रीम कोर्ट के दखल के बावजूद नदियों में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। अदालतों ने नदियों में प्रदूषण के लिए कई बार भारी जुर्माना लगाया है। चुंकि जुर्माना नेता-अफसरों की जेब से नहीं जाता, इसलिए उसका ऊंट के मुंह में जीरे जितना ही असर हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट ने यमुना नदी को अनुपचारित अवशिष्ट से प्रदूषित करने के लिए आगरा नगर निगम को 58.39 करोड़ रुपये पर्यावरणीय मुआवजा देने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी और यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण स्तर को लेकर नगर निगम को फटकार लगाई। इस तरह के मामले में इससे राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने भी नगर निगम के खिलाफ अप्रैल में आदेश दिया था। यह पहला मौका नहीं है कि जब एनजीटी या अदालत ने नदियों के प्रदूषण के लिए सरकारी एजेंसियों पर जुर्माना लगाया हो, इससे पहले भी ऐसे कदम उठाए जा चुके हैं, किन्तु शासन-प्रशासन की मिलीभगत से नदियों में प्रदूषण का स्तर का बढ़ता जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि नदियों का जल पीने लायक तो दूर आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है।

दिल्ली में बहने वाली यमुना नदी कभी धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण थी। अब प्रदूषण के कहर से जूझ रही है। आंकड़े बताते हैं कि यमुना का प्रदूषण स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। छठ जैसे पर्व पर महिलाओं को इस नदी पर स्नान करने से रोक लगाई गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, यमुना में खतरनाक बैक्टीरिया और प्रदूषकों का स्तर मानक सीमा से कई गुना अधिक पाया गया है। दिल्ली में यमुना के प्रमुख हिस्सों में पानी की गुणवत्ता, बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड) और अन्य प्रदूषक तत्वों के कारण न केवल पीने के योग्य नहीं है। यमुना में प्रतिदिन लगभग 3,000 मिलियन गैलन से अधिक सीवेज प्रवाहित होता है। यह बिना किसी सफाई प्रक्रिया के सीधे नदी में जा रहा है।

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने नोएडा विकास प्राधिकरण पर 100 करोड़ यानी एक अरब रुपये और दिल्ली जल बोर्ड पर 50 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। इसी तरह बिहार सरकार में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सॉलिड और लिक्विड वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा नहीं कर पाने को लेकर राज्य सरकार पर चार हजार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। सर्वोच्च न्यायालय ने 28 नवंबर, 2023 को एनजीटी के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें महाराष्ट्र को अनुचित अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पर्यावरण मुआवजे के रूप में 12,000 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। एनजीटी ने पंजाब सरकार पर कई चेतावनियों के बावजूद राज्य में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन में विफल रहने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा राजस्थान सरकार पर लगाए 3000 करोड़ रुपये के जुर्माने पर रोक लगा दी। एनजीटी ने राजस्थान में गीले और सूखे कचरे के समुचित प्रबंधन में नाकाम रहने से पर्यावरण पर पड़ रहे बुरे असर को लेकर यह जुर्माना लगाया था। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की ओर से 5 जून को पर्यावरण दिवस के मौके पर जारी स्टेट ऑफ एनवायरमेंट (एसओई) रिपोर्ट 2023 में यह खुलासा किया कि देश के 30 राज्यों में कुल 279 (46 फीसदी) नदियां प्रदूषित हैं, हालांकि, 2018 के मुकाबले मामूली सुधार 2022 में देखा गया है। 2018 में 31 राज्यों में 323 नदियां प्रदूषित थीं। एसओई रिपोर्ट के मुताबिक देश की 279 अथवा 46 फीसदी प्रदूषित नदियों में सर्वाधिक प्रदूषित नदियां महाराष्ट्र (55) में हैं जबकि इसके बाद मध्य प्रदेश में 19 नदियां प्रदूषित हैं वहीं, बिहार में 18 और केरल में18 नदियां प्रदूषित हैं। उत्तर प्रदेश में 17 और कर्नाटक में 17 नदियां जबकि राजस्थान में 14 और गुजरात में 13, मणिपुर में 13, पश्चिम बंगाल में 13 नदियां प्रदूषित हैं। देश की सर्वाधिक पवित्र नदी गंगा के जल को घरों में रखा जाता था। अब हालत यह है कि गंगा नदी दो साल में 10 गुना मैली चुकी है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच की गई। नदी के पानी में प्रदुषण का बुरा हाल देखने को मिला। प्लास्टिक की थैलियों, दूध की पॉलीथीन, नदी के किनारे शवों का जलाना, गंगा नदी को लगातार प्रदूषित कर रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 स्थानों पर गंगा जल की जांच में यह भयावह तस्वीर सामने आई थी।

13 फरवरी 2023 को केंद्रीय जल शक्ति (जल संसाधन) राज्य मंत्री विश्वेश्वर टुडू ने संसद को बताया था कि नमामि गंगे कार्यक्रम गंगा नदी में प्रदूषण को कम करने में कारगर रही है। उन्होंने कहा था कि 2014 से केंद्र ने नदी की सफाई के लिए 32,912.40 करोड़ रुपये के बजट के साथ 409 परियोजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक गंगा नदी के पूरे भाग के 71 प्रतिशत क्षेत्र में कोलीफॉर्म के खतरनाक स्तर पाए गए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 2022 की रिपोर्ट में बताया गया कि उत्तर प्रदेश में कोलीफॉर्म का स्तर सात स्टेशनों पर सबसे ज्यादा था। एनजीटी ने राज्यों से सीवेज ट्रिटमेंट पर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। इसी की पालना में दिसंबर 2022 में उत्तर प्रदेश ने अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें स्वीकार किया गया कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में मिलने वाले 1,340 नालों में से 895 (66.8 प्रतिशत) बिना किसी सिवेज ट्रिटमेंट के सीधा गंगा को दुषित कर रहे हैं। वर्तमान में भी हालात में ज्यादा सुधार नहीं है। वर्ष 2018-2019 में गंगा द्वारा ले जाए गए प्लास्टिक कचरे की का आकलन किया गया। नेशनल जियोग्राफिक सोसाइटी के गंगा नदी अभियान में ये पाया गया कि गंगा नदी का प्लास्टिक का कचरा बड़े पैमाने पर सुमद्र में मिल रहा है।

एक नए अध्ययन से पता चला है कि दुनिया के कुल प्लास्टिक कचरे का लगभग 20 प्रतिशत भारत में पैदा होता है। यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि हर साल देश में लगभग 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है, जिसमें से 90 प्रतिशत नगर निगमों से आता है। नेचर में प्रकाशित रिपोर्ट में वैश्विक स्तर पर 50,000 से अधिक नगर पालिकाओं में प्लास्टिक कचरे पर नजर रखने के लिए उन्नत एआई मॉडल का इस्तेमाल किया गया। प्रकृति का सबसे बड़ा खजाना नदियों को शुद्ध रखने के प्रयासों की कमजोर हालत के कारण वे दिन दूर नहीं जब देश में जल संकट और गहरा होगा। शासन-प्रशासन और अदालतों ने शीघ्र इस दिशा में ध्यान नहीं दिया तो कृषि के लिए तो दूर पीने के पानी के लिए भी तरसना पड़ेगा।

# प्रदूषण का प्रहार लगातार

(शशि शेखर)

नवंबर खरामा-खरामा बीतने को है। यकीनन आप भी मेरी तरह सोच रहे होंगे कि इस साल ठंडक हमारे दरवाजे पर कब दस्तक देगी? सर्दी जब आएगी, तब आएगी, पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पर अभी से अंधा बना देने वाले कुहासे ने कब्जा जमा लिया है। राजधानी के तमाम हिस्सों में वायु की गुणवत्ता रह-रहकर खतरनाक की सीमा से परे चली जाती है।

गए बुधवार को दिल्ली संसार की सबसे प्रदूषित राजधानी घोषित की गई। इससे दो दिन पूर्व देहरादून से तो और भी आश्चर्यजनक खबर आई थी। वहां की हवा एनसीआर से भी ज्यादा खराब पाई गई थी। तय है, पहाड़ हो या तराई या समुद्र तट, प्रदूषण ने हमें हर ओर से चपेट में ले लिया है। यहां मैं कुछ आंकड़े आपसे साझा करना चाहूंगा।

वह 1974 की 2 अक्तूबर थी और मौसम विभाग ने नई दिल्ली में तापमान दर्ज किया था 35 डिग्री। उस दिन न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। 50 साल बाद इस तारीख को देश की राजधानी में अधिकतम 37 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। यह मत सोच बैठिएगा कि अधिकतम तापमान में सिर्फ दो डिग्री की बढ़त भला क्या कहर ढा सकती है? यूरोप के मध्यकालीन इतिहास की उपज औद्योगिक क्रांति के बाद गुजरी ढाई शताब्दियों में तापमान में सिर्फ 1.1 से 1.3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई, लेकिन इसने गजब कर दिया। तमाम जगहों पर बेइंतिहा गर्मी पड़ने लगी। नदियों में जल का प्रवाह कम हो गया। अंटार्कटिका और साइबेरिया में हिम तेजी से पिघल उठे। कई स्थानों से तो लोगों को जलावतनी तक पर मजबूर होना पड़ा।मौसम विज्ञानी मानते हैं कि धरती के तापमान में अगर एक फीसदी की और बढ़ोतरी हुई, तो त्राहि-त्राहि मच जाएगी।इसके आसार अभी से दिखने लगे हैं। गई मई और जून को भारतीय मौसम विभाग ने आजाद भारत के इतिहास में सर्वाधिक गर्म करार दिया है। अगर यही हाल रहा, तो नवंबर भी इस बदनसीब सूची में एक और संख्या बढ़ाने जा रहा है। अगर ऐसा होता है, तो साल के 12 में से तीन महीने रिकॉर्डतोड़ गर्म साबित होंगे, यानी हमने 25 फीसदी समय ऐसी गर्मी में गुजारा, जिसके लिए हमारा दिल, दिमाग और देह अभ्यस्त नहीं हैं।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में पिछली 2 जुलाई को दक्षिण-पश्चिम मानसून छा गया था। इस साल सामान्य से करीब आठ फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई, लेकिन क्षेत्रीय स्तर पर इसमें आश्चर्यजनक परिवर्तन पाए गए। कई स्थान ऐसे थे, जहां एक ही दिन में इतिहास बना देने वाली बारिश हुई, तो कहीं सूखा पड़ गया। अगस्त के अंत तक पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल जैसे तमाम प्रदेशों के प्रमुख कृषि क्षेत्रों में दहाई अंकों में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई। तमाम शहर ऐसे थे, जहां एक भाग में लबालब पानी भरा हुआ था, तो दूसरा रीता पड़ा था। यह बारिश की दिलफरेबी है। आंकड़े कहते हैं कि औसत से अधिक वर्षा दर्ज की गई, परंतु बड़ा हिस्सा सिंचाई योग्य जल भी नहीं अर्जित कर पाया।पिछले दिनों मीडिया में ही एक खबर छपी थी कि बिहार की 10 से ज्यादा नदियां मृतप्राय हो गई हैं। सिर्फ बिहार की ही क्यों, ऐसा कौन सा प्रदेश है, जहां छोटी नदियां दम नहीं तोड़ रहीं? दिल्ली से ही सटी बहती है हिंडन। इसके उद्धार के लिए जन-प्रतिनिधियों द्वारा वर्षों से दावे-प्रतिदावे हो रहे हैं। नदी की ओर देखिए, तो लगेगा जैसे एक बड़ा गंदा नाला उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बह रहा है, जिसे लोग हिंडन के नाम से जानते हैं।याद रखिए, नदियां छोटी या बड़ी नहीं होतीं। वे हमारी सभ्यता और संस्कृति की रचयिता भी होती हैं। एक वक्त था, जब ऐसी नदियों से हजारों बीघा जमीन सिंचित होती थी। उनके किनारों पर पानी बिना खुदाई के मिल जाता था। लाखों लोग उनसे जीवन-यापन करते थे। सिर्फ इंसान ही क्यों, जलीय जीव भी इसमें शामिल हैं। पर्यावरण के निर्माण में उनकी भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण हुआ करती थी। प्रदूषित हवा, जल की कमी और बेतहाशा गर्मी के कारण हमारे शहरों से गौरैया तक गायब हो गई हैं। कल क्या-क्या गायब हो जाएगा, कोई नहीं जानता।आश्चर्यजनक तौर पर इंसानियत के लिए सर्वाधिक जरूरी इस मुद्दे पर हमारे यहां भयंकर चुप्पी छाई हुई है।

यही वजह है कि अदालतों को अक्सर दखल देना पड़ता है। पिछले दिनों प्रदूषण संबंधी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सुप्रीम कोर्ट ने जोरदार फटकार लगाई। जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और इनके आस-पास के इलाकों में पराली जलाने पर एक भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। इससे साफ है कि आयोग इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई कि जिस बैठक में पराली जलाने के मामलों पर चर्चा होनी थी, उसमें आयोग के 11 सदस्यों में से सिर्फ पांच मौजूद थे।

पिछले हफ्ते की शुरुआत में भी आला अदालत ने दीवाली के मौके पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण पर सरकारी मशीनरी को फटकार लगाते हुए कहा कि कोई भी धर्म प्रदूषण फैलाने की इजाजत नहीं देता। सिर्फ दीवाली पर ही क्यों, आपको तो बारहों महीने पटाखों पर रोक लगा देनी चाहिए। अदालत ने इसके लिए समिति बनाकर नियम तय करने को कहा है। अगली सुनवाई 25 नवंबर को है, उससे पूर्व सरकारी मशीनरी को फैसला ले लेना है।

यही वह मुकाम है, जहां यह सवाल सिर उठाता है कि हर मामले में अदालतें कितना और कहां तक दखल देंगी? उनकी अपनी सीमा है। सालों से वहां लाखों मुकदमे लंबित हैं। जजों के पद रिक्त हैं और मुकदमों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। यह सरकार और समाज का साझा मामला है। अगर सरकार की बात करें, तो आपको जानकर आश्चर्य होगा कि देश भर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में 11,562 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 5,671 खाली हैं, अर्थात् 49 फीसदी पदों पर तो लोग ही नहीं हैं। दो राज्य तो ऐसे भी हैं, जहां 60 फीसदी से ज्यादा पद खाली पड़े हैं।

तंत्र की यह उदासीनता हमें कहां ले जाकर पटकेगी?

अब आते हैं समाज पर। हमारे यहां बहुत कम लोग हैं, जो इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हैं। झारखंड और महाराष्ट्र में चल रहे चुनाव इसका उदाहरण हैं। दोनों ही राज्य सूखे से प्रभावित हैं, लेकिन न तो जनता और न नेता इस पर किसी चर्चा को तैयार हैं। जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बंटने के अभ्यस्त हमारे इस समाज को देखकर भला कौन कह सकता है कि हमारे पुरखे प्रकृतिपूजक थे!

# जनजातीय गौरव को बढ़ावा देने में अग्रणी मध्यप्रदेश

**मध्यप्रदेश वह राज्य है, जिसकी पहल पर देश को 'जनजातीय गौरव दिवस' मिला है। यह बात तो हर कोई मानता है कि मध्यप्रदेश की सरकार ने जनजातीय नायकों का गौरव बढ़ाने के लिए उनसे जुड़े स्मारकों का आगे बढ़कर विकास किया है। राजा शंकरशाह और रघुनाथ शाह, रानी कमलापति, रानी दुर्गावती, टंट्या मामा और भीमा नायक से लेकर कई नायकों के योगदान से लोगों को परिचित कराने के उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मंडला के मेडिकल कॉलेज का नाम बलिदानी हृदयशाह के नाम पर किया गया।**

(लोकेन्द्र सिंह राजपूत)

जनजातीय गौरव दिवस पर यह अवश्य याद रखना चाहिए कि अभारतीय ताकतों ने अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के अंतर्गत जनजातीय समुदाय को भ्रमित करने के लिए 9 अगस्त को 'वर्ल्डइंडिजिनियस पीपल्स डे' को 'आदिवासी दिवस' कहकर भारत में बढ़ावा दिया गया।

मध्यप्रदेश वह राज्य है, जिसकी पहल पर देश को 'जनजातीय गौरव दिवस' मिला है। यह बात तो हर कोई मानता है कि मध्यप्रदेश की सरकार ने जनजातीय नायकों का गौरव बढ़ाने के लिए उनसे जुड़े स्मारकों का आगे बढ़कर विकास किया है। राजा शंकरशाह और रघुनाथ शाह, रानी कमलापति, रानी दुर्गावती, टंट्या मामा और भीमा नायक से लेकर कई नायकों के योगदान से लोगों को परिचित कराने के उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मंडला के मेडिकल कॉलेज का नाम बलिदानी हृदयशाह के नाम पर किया गया। वहीं, छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम 'राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय' किया। हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'रानी कमलापति रेलवे स्टेशन' किया गया। जबलपुर में 100 करोड़ की लागत से 'रानी दुर्गावती स्मारक' को विकसित किया जा रहा है। जनजातीय गौरव को बढ़ाने के साथ ही जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए भी मध्यप्रदेश सरकार ने उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। विगत 20 वर्षों में जनजातीय योजनाओं का बजट 1000 प्रतिशत बढ़ा है। मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जहाँ जनजातीय समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पेसा कानून को लागू किया गया है। जनजातीय समुदाय से आनेवाली पहली महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति में 15 नवंबर, 2022 को मध्यप्रदेश के 20 जिलों के 89 विकासखंडों को पेसा कानून की सौगात मिली।

मध्यप्रदेश के बजट का अध्ययन करें तो ध्यान आएगा कि 2003-04 में जनजातीय कार्य विभाग का बजट 746.60 करोड़ रुपये था। जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं को बजट की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए भाजपा सरकार ने सबसे पहला काम यही किया कि जनजातीय कार्य विभाग के बजट में लगातार बढ़ोतरी की। वर्ष 2003-04 के मुकाबले वर्ष 2023-24 में जनजातीय कार्य विभाग का बजट 1000 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,768 करोड़ रुपये का हो गया है। इस बजट का उपयोग जनजातीय वर्गों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, रोजगार एवं अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं के साथ ही विकास कार्यों को गति देने में किया गया है। विद्यार्थियों को शिक्षा के समुचित अवसर एवं आर्थिक सहयोग के साथ ही सरकार की ओर से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण भी दिलाया जा रहा है। कम्प्यूटर कौशल सिखाने के साथ जनजातीय युवाओं को पुलिस और सेना में भर्ती का प्रशिक्षण देने का काम भी मध्यप्रदेश में किया जा रहा है। जनजातीय वर्गों के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए आहार अनुदान योजना, सिकल सेल उन्मूलन मिशन, मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार ग्राम, देवारण्य, अनुसूचित जनजाति ऋण विमुक्ति अधिनियम-2020, मिलेट मिशन, प्रधानमंत्री वन-धन योजना, आकांक्षा योजना, प्रतिभा योजना, आवास सहायता योजना, विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति, प्री एवं पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, अखिल भारतीय सेवाओं के लिए कोचिंग एवं प्रोत्साहन तथा जनजातीय लोक कलाकृतियों एवं उत्पादों की जीआई टैगिंग जैसे कदम मध्यप्रदेश में उठाए गए हैं।



जनजातीय गौरव दिवस पर यह अवश्य याद रखना चाहिए कि अभारतीय ताकतों ने अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के अंतर्गत जनजातीय समुदाय को भ्रमित करने के लिए 9 अगस्त को 'वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे' को 'आदिवासी दिवस' कहकर भारत में बढ़ावा दिया गया, जबकि इस दिन का भारत और जनजातीय गौरव के साथ कोई संबंध नहीं है। वास्तव में यह तो दुःखद त्रासदी की शुरुआत का दिन है। ब्रिटिश सेना ने अमेरिका के मूल निवासियों का नरसंहार किया। बाद में, उसके अपराध बोध से मुक्त होने के लिए 'वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे' के रूप में 9 अगस्त को चुना गया। यहाँ यह भी ध्यान रखें कि वैश्विक षड्यंत्र के अंतर्गत ही 'वर्ल्ड इंडिजिनियस पीपल्स डे' का अनुवाद 'विश्व आदिवासी दिवस' के रूप में किया गया है। वास्तविकता यह है कि संयुक्त राष्ट्र ने अब तक 'इंडिजिनियस पीपल' की स्पष्ट परिभाषा तक नहीं की है। यही कारण है कि जब 1989 में विश्व मजदूर संगठन द्वारा 'राइट्स ऑफ इंडिजिनस पीपल' कन्वेन्शन क्रमांक-169 घोषित किया गया, तब उसे विश्व के 189 में से केवल 22 देशों ने ही स्वीकार किया। इसका मुख्य कारण 'इंडिजिनस पीपल' शब्द की परिभाषा को स्पष्ट नहीं करना ही था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने भारत माता के महान बेटे बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) को 'जनजाति गौरव दिवस' के रूप में मान्यता देकर प्रशंसनीय कार्य किया है। जनजाति वर्ग के इस बेटे ने भारत की सांस्कृतिक एवं भौगोलिक स्वतंत्रता के लिए महान संघर्ष किया और बलिदान दिया। अपनी धरती की रक्षा के लिए उन्होंने विदेशी ताकतों के साथ जिस ढंग से संघर्ष किया, उसके कारण समूचा जनजाति समाज उन्हें अपना भगवान मानने लगा। उन्हें 'धरती आबा' कहा गया। भगवान बिरसा मुंडा न केवल भारतीय जनजाति समुदाय के प्रेरणास्रोत हैं बल्कि उनका व्यक्तित्व सबको गौरव की अनुभूति कराता है। इसलिए उनकी जयंती सही मायने में 'गौरव दिवस' है। जिस प्रकार भगवान बिरसा मुंडा ने विदेशी ताकतों के षड्यंत्रों से भारत को बचाया, उसी प्रकार उनकी स्मृति में मनाया जानेवाला जनजातीय गौरव दिवस भी हमें वर्तमान में चल रही साजिशों से बचाएगा और भारत के 'स्व' की स्थापना की प्रेरणा देगा। (लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)



# बच्चों को अखबार पढ़ने से मिलते हैं ढेर सारे फायदे

कुछ लोग रोजाना सुबह उठकर अखबार पढ़ना पसंद करते हैं। ना सिर्फ लोग बल्कि कई स्कूलों में भी बच्चों को पढ़ने के लिए अखबार दिए जाते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि अखबार पढ़ने से बच्चों को कौन से फायदे मिलते हैं? दरअसल रोजाना अखबार पढ़ने की हैबिट हर उम्र के लोगों के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। इस आदत की मदद से आपको लाइफ टाइम ढेर सारे फायदे मिलते हैं। चलिए जानते हैं इस विषय के बारे में विस्तार से।

## रीडिंग हैबिट होती है अच्छी

अखबार बोल-बोल के पढ़ने से बच्चों की रीडिंग हैबिट काफी अच्छी होती है। अखबार में लिखी खबरों के लिए हर तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में जब बच्चे खबर पढ़ते हैं तो उससे उन्हें शब्दों को तोड़-तोड़ कर पढ़ना आ जाता है।

## खबरों के बारे में चलता है पता

चाहे कोई बच्चा हो या बड़ा, हमें खबरों के बारे में अच्छे से पता होना चाहिए। शुरुआत से ही खबरों पर  पकड़ बनाने पर आगे चलकर एक अच्छी नॉलेज मिल पाती है। बच्चे जब खबर पढ़ते हैं तो उन्हें देश और विदेश में क्या चल रहा है यह भी मालूम हो जाता है।

## लिखना सुधरता है

पढ़ने के साथ-साथ बच्चों को लिखना सिखाने के लिए भी अखबार की मदद ली जा सकती है। बच्चा जब खबरों की पंक्तियों को पढ़ता है तो उसे वाक्य बनाने आते हैं और मात्राओं को भी ज्ञान मिलता है।

## शब्दकोश मजबूत होता है

अखबार पढ़ने से हमारा शब्दकोश भी बड़ा होता है जिससे हम बात करते वक्त अपनी भावनाओं को ढेर सारे शब्दों में व्यक्त कर पाते हैं। बच्चों का शब्दकोश बड़ा होने पर उनके लिखने की आदत भी सुधरी है।

## नौकरी में मिलती है मदद

जब एक बच्चा अखबार पढ़कर ऊपर दिए गए सारे बिंदु प्राप्त कर लेता है तो उसे नौकरी के दौरान होने वाले इंटरव्यू को देने में बहुत मदद मिलती है। साथ ही पत्रकारिता जैसे बहुत सारे प्रोफेशन में लिखना एक मुख्य कौशल होता है। जो बच्चे शुरुआत से ही अखबार पढ़ते हैं उन्हें आगे चलकर नौकरी में बहुत मदद मिलती है।



# बच्चों पर ज्यादा गुस्सा आए तो क्या करें

इन दिनों गोवा के होटल में एक हत्या सुर्खियों में है। होटल में जिसकी हत्या हुई और जो गिरफ्तार हुआ, दोनों की पहचान सामने आने से हर कोई हैरान रह गया। इस हत्या का आरोप एक मां पर लगा है। आरोप है कि सूचना सेठ नाम की एक महिला ने अपने 4 साल के बच्चे की हत्या कर दी है। दरअसल, अपने पति वेंकट रमण से अलग होने के बाद बच्चे की कस्टडी को लेकर लड़ाई चल रही थी। इसी बीच कोर्ट ने पिता को बच्चे से मिलने की परमिशन दे दी। इस बात से सूचना सेठ काफी परेशान थी। इसी कारण उसने बच्चे की हत्या कर दी। इसके बाद से एक मां का बच्चे के साथ व्यवहार और क्रूरता को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होते हैं। कुछ मां ऐसी होती है जिन्हें शायद अपने बच्चों की मासूमियत भी नहीं समझ आती है। जरूरत इस बात की है कि अपने गुस्से को कंट्रोल कर बच्चे की मासूमियत को एंज्वॉय करना चाहिए। आज हम आपको बच्चे की परवरिश के साइकोलॉजिकल टिप्स के बारे में बताएंगे।

कई बार पेरेंट्स बच्चों की हरकतों से परेशान होकर उन्हें डांट देते हैं। पर हर बार आपका बच्चा गलत ही हो ये जरुरी नहीं। दरअसल, कभी-कभी आपको चाहिए कि आप अपने बच्चों की बातो को भी सुनें और समझें। अपने काम से थोड़ा फ्री होकर उनके साथ भी वक्त बिताएं। बच्चों को भी ये लगना चाहिए कि उनके मां-बाप उनकी बातों को समझते हैं। ऐसा करने से आपके बच्चे की बिहेवियर में सुधार भी आएगा।

अपने गुस्से और इमोशन्स पर करें कंट्रोल
अगर आपको कभी आपके बच्चे पर गुस्सा आता है, तो आपको कंट्रोल करना चाहिए। ऐसा करने से बच्चे के दिमाग पर गलत प्रभाव पड़ता है। हो सकता है कि बच्चा आपसे डरने लगे और आपसे बात करना बंद कर दे। इसलिए जरुरी है कि बच्चों की नादानी को उनका मासूमियत समझकर अपने गुस्से पर नियंत्रण  रखें।

## अच्छे-अच्छे एग्जाम्पल दिखाएं

अपने बच्चे को अच्छी आदतों का उदाहरण देकर समझाएं। गलत चीजों के ऊपर डांटने की जगह अगर आप उन्हें सही आदतों के बारे में समझाएंगे तो शायद उनके दिमाग में पोजिटिविटी आएगी। साथ ही, आपको बच्चों के व्यवहार में काफी कई सारे नए बदलाव भी नजर आएंगे।

## सही समय पर करें बात

बच्चे जब ज्यादा जिद्द करने लगे तो उन्हें बड़े ध्यान से हैंडल करना होता है। उनको समझाने के लिए बच्चों के मूड के अनुसार सही समय का इंतजार करें। जब लगे कि आपका बच्चा सही मूड में है और आपके पास बैठ रहा है तो उस टाइम आप उसे प्यार से समझा सकती हैं।

## बच्चों के सामने पोजिटिव अप्रोच

बच्चे अक्सर तभी खुश होते हैं और पेरेंट्स की बात सुनते हैं जब कुछ उनके मन के अनुसार हुआ हो। इसलिए आपको चाहिए कि आप बच्चों के सामने पोजिटिव अप्रोच रखें। जैसे अगर आपके बच्चे को घूमना पसंद है तो बच्चे से कभी-कभी घूमने का प्रॉमिस करके अपना काम आसान कर सकती हैं।



# प्लास्टिक की बोतल की मदद से किए जा सकते हैं गार्डन के ढेर सारे काम

घर के खाली हिस्से में गार्डन बनाना हम सभी को अच्छा लगता है। कुछ लोग सब्जियां उगाते हैं तो कुछ खूबसूरत फूल से गार्डन को सजाते हैं। गार्डन में लगे पौधों को हरा-भरा रखने के लिए कुछ  चीजों का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है।  आप भी गार्डन के लिए बहुत सा सामान मार्केट से खरीदते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्लास्टिक की बोतल से भी आप गार्डन के ढेर सारे काम कर सकते हैं।

## बीज संभाल कर रखें

पौधों को लगाने के लिए हम सभी बीज खरीदते हैं लेकिन बहुत बार बीज बच जाते हैं। कई बार तो बीज का पैकेट ही बड़ा होता है। ऐसे में एक साथ ढेर सारे पौधे लगाने के बजाए हम कुछ बीज को संभाल कर रख लेते हैं। बीज को पैकेट में रखने से अच्छा है कि आप उसे किसी मजबूत चीज में संभाल कर रखें। इसके लिए आप घर पर रखी प्लास्टिक की बोतल यूज कर सकते हैं। वहीं अगर आपकी बोतल ज्यादा बड़ी और बीज कम हो तो आप बोतल को काट कर छोटा भी कर सकते हैं।

## बनाएं स्प्रे बोतल

पौधों का ध्यान रखने के लिए बहुत से लोग तरह-तरह के फर्टिलाइजर का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप घर पर फर्टिलाइजर बनाते हैं तो आप स्प्रे बोतल भी मार्केट से खरीदने की बजाए घर पर ही बना सकते हैं। बोतल आप कोई भी ले सकते हैं और उसके ढक्कन में छेद कर पौधों पर स्प्रे कर सकते हैं।

## करें गमले की तरह इस्तेमाल

पौधों के गमले खरीदने के लिए खर्च करने से अच्छा है कि आप घर पर ही गमला बना लें। इसके लिए आपको प्लास्टिक की बोतल को बीच में से काटकर आधा करना है। ऐसा करने के बाद बोतल में मिट्टी और खाद डालें। अब आपका गमला बन गया है जिसमें आप पौधे लगा सकते हैं। चूंकि प्लास्टिक की बोतल से बना गमला बहुत छोटा होता है इसलिए आप इसे घर के किसी भी हिस्से में लगा सकते हैं।

## सजाएं गार्डन

गार्डन में गमलों को जमीन पर लगाने के साथ-साथ दीवारों पर या किसी रस्सी की मदद से टांगा भी जा सकता है। प्लास्टिक की बोतल पर रंग कर आप उससे काफी खूबसूरत गमला बना सकते हैं।

## ढक्कन को ऐसे करें यूज

बोतल के साथ-साथ ढक्कन को भी मिट्टी में खड़ा कर पौधों की बाउंड्री बनाने के लिए यूज कर सकते हैं। इसके लिए आपको कम से कम 10 से 15 ढक्कन की जरूरत होगी जिन्हें आप खुल्ला-खुल्ला लगा कर सजा सकते हैं। इन ढक्कन पर रंग की किया जा सकता है।



# अपने बच्चों के लिए पढ़ाई को मजेदार बनाएं

अक्सर बच्चों का ध्यान पढ़ाई में लगवाना मुश्किल होता है। क्योंकि पढ़ने के लिए बैठते ही कभी बच्चों को टॉयलेट की याद आती है तो कभी भूख लग जाती है। कुछ बच्चों की आदत होता है कि वह पढ़ाई से अपना मन चुराते दिखाई देते हैं। ऐसे में बच्चों के अंदर कंसंट्रेशन को बढ़ाना एक परेशानी भरा काम है, खासकर तब, जब वह बहुत ज्यादा एक्टिव होते हैं। अगर आपके घर में ऐसा है, तो आपको कुछ टिप्स जानने की जरूरत है जिससे आप अपने बच्चों के लिए पढ़ाई को मजेदार बना सकते हैं।

## माहौल बनाएं

कई माता-पिता की आदत होती है कि बच्चे की बात सुने बिना वह बच्चे को बस पढ़ने बैठा देते हैं। जिससे बच्चों का पढ़ाई में मन ही नहीं लगता है। ऐसे में बच्चे को क्लासरूम में भेजने से पहले आपको कुछ ऐसा करना होगा जो बच्चों का ध्यान पढ़ाई की ओर आकर्षित करें। इसके लिए आप कुछ आकर्षक स्टेशनरी का सहारा ले सकते हैं। इसके लिए आप बच्चों को खूबसूरत स्टेशनरी से भरा हॉबी बैग दे सकते हैं।

## टू-डू लिस्ट

बच्चे इस बात को सुनकर काफी ज्यादा एक्साइटेड रहते हैं कि वह आज पूरा दिन कैसे बिताएंगे। ऐसे में आप शुरूआत से ही उन्हें एक टू-डू लिस्ट बनाने की आदत डालें। ऐसा करने से वह समय-समय पर वहीं काम करेंगे। साथ ही ऐसा करना उनके लिए काफी एक्साइटिंग भी होगा। साथ ही ऐसे में उनकी कंसंट्रेशन पावर भी बढ़ेगी।

## फ्लोचार्ट और लाइफ लर्निंग

आप अपने घर में टेक्सचर प्रिंटेड बुलेटिन बोर्ड लगवा सकते हैं। इसे देखने से भी आपके बच्चे का ध्यान आकर्षित होगा। इस बोर्ड पर आप उन चीजों को पिन कर सकते हैं जो आपने अपने बच्चे से करने को कहा है। इस पर आप कुछ इंटरेस्टिंग फोटो भी लगा सकते हैं जो बच्चे के कोर्स से जुड़ी हो जिसे जानने के लिए वह उत्सुक रहे।

## व्हाइट बोर्ड और चाक बोर्ड

बाजार में इन दिनों एक बोर्ड मिल रहा है, जो एक तरफ से व्हाइट बोर्ड और दूसरी तरफ से चाक बोर्ड का काम करता है। इस तरह के बोर्ड पर पढ़ाई करना बच्चों के लिए काफी एक्साइटिंग होता है। इस पार आप उन्हें अच्छे से समझा सकते हैं। साथ ही वह भी खेल-खेल में भी इस बोर्ड के सहारे पढ़ाई कर सकते हैं।

## टेबल-कुर्सी

आप बच्चों के लिए  इस तरह की टेबल खरीदें जिसकी बनावट, डेस्क, स्टोरेज, लाइट आदि सब कुछ हो। अगर बच्चे की टेबल में ही सब कुछ होगा तो उन्हें सामान भी आसानी से मिल जाएगा। ऐसे में वह अपनी जगह से तब ही उठेंगे जब उनकी पढ़ाई पूरी हो जाएगी!



# पति-पत्नी साथ मिलकर समझदारी और सहयोग से करें धन की बचत

अकेले घर का खर्च उठाना पुरुष के लिए थोड़ा मुश्किल होता है। सारे ख़र्चों से उसे ही निपटना पड़ता है। परंतु अगर पत्नी भी नौकरी करती है और समान रूप से हिस्सेदारी निभाती है तो ख़र्चे वहन करने के साथ-साथ बचत भी की जा सकती है। जब पति-पत्नी मिलकर बचत करते हैं या वित्तीय लक्ष्यों के लिए रणनीति बनाते हैं, तो वे आर्थिक रूप से ज्यादा ख़ुश रहते हैं। जिंदगी से जुड़े सभी फैसले पति-पत्नी एक साथ मिलकर लेते हैं, लेकिन जब ख़र्चों और बचत की बात आती है तो वे पीछे रह जाते हैं। कुछ तरीक़ों और तरकीबों से इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

## बजट से शुरुआत करें

पति-पत्नी साथ बैठकर अपने एक-एक ख़र्च की सूची तैयार करें। इसमें हर छोटे से छोटे ख़र्च को शामिल करना है। इसके लिए आपको कम से कम आधा-एक घंटा तो देना ही होगा। हर हफ़्ते यानी शनिवार या रविवार को दोनों साथ बैठकर बजट की समीक्षा करें। इससे पता चलेगा कि आपने जो बजट तय किया है उसके अनुसार आप चल रहे हैं या नहीं।

## बचत की रेस लगाएं

हर महीने दंपती पैसे बचाने और ख़र्च कम करने की रेस लगा सकते हैं। इसके लिए दोनों एक-एक बॉक्स अपने पास रखें। पति और पत्नी को अपने-अपने बॉक्स में पैसे जमा करने हैं। पैसे किसी ख़रीदारी में बचाए हुए हो सकते हैं या अतिरिक्त ख़र्चों को रोककर जोड़े जा सकते हैं। महीने के अंत में जिसने ज़्यादा धन जोड़ा वो जीत जाएगा। हर महीने ये धन राशि अपने-अपने बैंक के खाते में जमा कर दें।

## एक ख़र्च करे दूसरा बचाए

पति-पत्नी की आय बराबर हो ऐसा ज़रूरी नहीं। ऐसे में जिसकी आय ज़्यादा है उसे घर और निजी ख़र्च के लिए रखें, जिसकी आय कम है उसे सुरक्षित कर सकते हैं। ऐसा मुमकिन नहीं है तो दोनों की आय की आधी-आधी रक़म बचत के लिए और आधी ख़र्च के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। लेकिन ध्यान रखें कि आधी आय बचत के रूप में सुरक्षित करनी ही है।

## एक-दूसरे से छुपाएं नहीं

सेविंग अकाउंट है और दोनों ने उससे कुछ ख़रीदा है तो एक-दूसरे को अवश्य बताएं, कुछ छुपाएं नहीं। छोटे-छोटे ख़र्च भी छुपाएंगे तो इसका असर बजट पर पड़ेगा। इस बात का भी ध्यान रखें कि अगर क्रेडिट कार्ड है तो उसका इस्तेमाल कम या न ही करें। क्रेडिट कार्ड से आप वो सामान ख़रीदते हैं जिनका भुगतान किया नहीं है। यह एक तरह का उधार है, और उधार किसी भी रूप में सही नहीं है।

## समझदारी दिखाएं

जन्मदिन या शादी की सालगिरह पर एक-दूसरे को क़ीमती उपहार देना अपने आप में बड़ा ख़र्च हो जाता है। इसके बजाय आप निवेश करने में थोड़ी समझदारी दिखा सकते हैं। क्योंकि कई जगह महिलाओं को निवेश करने में टैक्स छूट मिलती है, जैसे कि घर। अगर आप ऐसी जगह निवेश करने जा रहे हैं तो पत्नी के नाम से निवेश कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यू ऑरलियन्स सेलिब्रेशन के दौरान गोलीबारी, दो की मौत, 10 घायल

**बीजिंग, एजेंसी।** न्यू ऑरलियन्स में परेड मार्ग पर दो अलग-अलग गोलीबारी में दो लोग मारे गए और दस अन्य घायल हो गए। दोनों घटनाएं दूसरी पंक्ति उत्सव के दौरान हुईं, जो परेड के बाद एक पारंपरिक कार्यक्रम है। पहली गोलीबारी अपराह्न साढ़े तीन बजे के बाद हुई। सेंट रोच पड़ोस में, फ्रेंच क्वार्टर के ठीक उत्तर-पूर्व में स्थित है। न्यू ऑरलियन्स पुलिस विभाग (एनओपीडी) के एक बयान के अनुसार, गोलीबारी की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देने वाली पुलिस को आठ पीड़ितों को गोली लगने के घाव मिले। सभी आठों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया, रिपोर्टिंग समय पर उनकी स्थिति का खुलासा नहीं किया गया। नौवां पीड़ित निजी परिवहन के माध्यम से एक अस्पताल पहुंचा। पहली गोलीबारी की सूचना लगभग 3ः30 बजे दी गई। फ्रेंच क्वार्टर के उत्तर-पूर्व में स्थित सेंट रोच क्षेत्र में। न्यू ऑरलियन्स पुलिस विभाग (एनओपीडी) के एक बयान के अनुसार, गोलीबारी की घटनाओं से निपटने वाले अधिकारियों को आठ लोगों के बंदूक की गोली से घायल होने की सूचना दी गई थी। सभी आठों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया, रिपोर्टिंग समय पर उनकी स्थिति का खुलासा नहीं किया गया। नौवां पीड़ित निजी परिवहन के माध्यम से एक अस्पताल पहुंचा। पहली घटना के लगभग 45 मिनट बाद, प्रारंभिक स्थान से लगभग एक किलोमीटर उत्तर में स्थित अलमोनास्टर एवेन्यू ब्रिज पर गोलीबारी की एक और घटना की सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को अस्पताल पहुंचने के बाद मृत घोषित कर दिया गया। तीसरा मरीज़ भी घायल हो गया, उसे अस्पताल ले जाया गया और फिलहाल उसकी हालत स्थिर है। पुलिस अधीक्षक ऐनी किर्कपैट्रिक ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जांचकर्ताओं ने अभी तक यह निर्धारित नहीं किया है कि दोनों गोलीबारी आपस में जुड़ी हुई हैं या नहीं।

### स्लोवेनिया में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

**जुब्लजाना, एजेंसी।** प्रीकमुरजे इलाके में मनोरम दृश्यों से रू-ब-रू करा रहा था। खबर के मुताबिक, शुरू में विमान में चार लोगों को ले जाने की योजना थी, लेकिन एक व्यक्ति पीछे छूट गया। उत्तर-पूर्वी स्लोवेनिया में रविवार को कोहरे के कारण एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बल को रविवार दोपहर दुर्घटना के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने स्लोवेनिया के सार्वजनिक प्रसारक 'आरटीवी स्लोवेनिया' को बताया कि सेसना स्काईहॉक विमान उस समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ जब वह यात्रियों को प्रीकमुरजे इलाके में मनोरम दृश्यों से रू-ब-रू करा रहा था। खबर के मुताबिक, शुरू में विमान में चार लोगों को ले जाने की योजना थी, लेकिन एक व्यक्ति पीछे छूट गया।

### उत्तरी गाजा में इजराइली हमले में 30 लोग मारे गए

**गाजा, एजेंसी।** स्थानीय लोगों ने बताया कि कई मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले, इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने बेत लाहिया में ''आतंकवादी ठिकानों'' पर कई हमले किए। उत्तरी गाजा के बेत लाहिया में रविवार तड़के हुए इजराइली हमले में कम से कम 30 लोग मारे गए। एक अस्पताल के निदेशक ने यह जानकारी दी। बेत लाहिया में कमाल अदवान अस्पताल के निदेशक होसम अबू सफिया ने यह भी बताया कि हमले में दर्जनों लोग घायल हुए हैं और कई लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले, इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने बेत लाहिया में ''आतंकवादी ठिकानों'' पर कई हमले किए। बयान में कहा गया कि ''युद्ध क्षेत्र'' से नागरिकों को निकालने के प्रयास जारी हैं। इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में फिर से हमले तेज करते हुए कहा है कि हमास के आतंकवादी वहां फिर से संगठित हो गए हैं।

# इंडोनेशियाई ने अचानक मिलाया ट्रंप को फोन, ट्रंप ने की तारीफ, मचा बवाल





**वाशिंगटन, एजेंसी।**
ट्रंप ने अपनी चुनावी जीत को अद्भुत और बड़ा जनादेश मिलने वाला बताया। उन्होंने कहा कि 100 से भी अदिक वर्षों में सबसे बड़ी सफलता हमें मिली। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इंडोनेशियाई राष्टपति बहुत सम्मानित व्यक्ति हैं और उनकी अंग्रेजी की भी ट्रंप ने लगे हाथों तारीफ कर दी। जिस पर पूर्व विशेष बल कमांडर प्रबोवो ने उत्तर देते हुए कहा कि मेरी सारी ट्रेनिंग अमेरिकी है, सर।

दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया के राष्टपति प्रबोवो सुबियांतो ने फोन मिलाकर डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। इंडोनेशिया के राष्टपति सुबियांतो पूरी बातचीत में ट्रंप को सर-सर कहते रहे। डोनाल्ड ट्रंप ने भी इंडोनेशिया के राष्टपति से कहा कि आपकी अंग्रेजी बहुत अच्छी है। आपको बता दें कि मुस्लिम देशों के प्रति डोनाल्ड ट्रंप की राय कई लोगों को पसंद नहीं आते। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने इंडोनेशिया के राष्टपति सुबियांतो की जिस तरह से तारीफ की वो बेहद ही अलग था। लेकिन इससे भी ज्यादा दिलचस्प ये था कि इंडोनेशिया के राष्टपति ने डोनाल्ड ट्रंप से बात करते हुए फोन स्पीकर पर डाल दिया। ट्रंप को भी नहीं पता था कि फोन स्पीकर पर है। बातचीत खत्म होते होते डोनाल्ड ट्रंप ने इंडोनेशिया के राष्टपति से कहा कि अब तो मेरा नंबर आपके पास है। आप कभी भी फोन मिला सकते हैं।

ट्रंप ने अपनी चुनावी जीत को अद्भुत और बड़ा जनादेश मिलने वाला बताया। उन्होंने कहा कि 100 से भी अदिक वर्षों में सबसे बड़ी सफलता हमें मिली। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इंडोनेशियाई राष्टपति बहुत सम्मानित व्यक्ति हैं और उनकी अंग्रेजी की भी ट्रंप ने लगे हाथों तारीफ कर दी। जिस पर पूर्व विशेष बल कमांडर प्रबोवो ने उत्तर देते हुए कहा कि मेरी सारी ट्रेनिंग अमेरिकी है, सर। प्रबोवो ने चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप पर हत्या के प्रयास पर दुख जताया और इस बात पर राहत जताई कि उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। ट्रंप ने जवाब देते हुए कहा कि हां, मैं बहुत भाग्यशाली हूं। मैं बस सही दिशा में सही जगह पर हूं, अन्यथा मैं अभी आपसे बात नहीं कर रहा होता।

प्रबोवो के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने वाशिंगटन पहुंचने के बाद फोन किया। यह पूछे जाने पर कि क्या उनका ट्रम्प से व्यक्तिगत रूप से मिलने का कार्यक्रम है, उन्होंने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। प्रबोवो ने वाशिंगटन में कई अमेरिकी कंपनी के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की, जिसमें फ्रीपोर्ट मैकमोरन और ऊर्जा कंपनी शेवरॉन भी शामिल थे, और कंपनियों से इंडोनेशिया में निवेश करने का आग्रह किया। ट्रंप को सर कहने पर सोशल मीडिया पर प्रबोवो को आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा। एक व्यक्ति ने लिखा, उन्हें सर बुलाना बंद करो। क्या आप इंडोनेशिया के राष्टपति नहीं हैं।

## बांग्लादेश का न्यायाधिकरण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस से जानकारी लेगा



**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधिकरण पुलिस से इस बारे में जानकारी लेगा कि देश की सुरक्षा एजेंसियों ने अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके करीबी सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए क्या कदम उठाए हैं जिन पर कुछ महीने पहले हुए प्रदर्शनों में सैकड़ों लोगों की मौत के आरोप हैं। हसीना यहां छात्रों की अगुवाई में हुए प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश छोड़कर पांच अगस्त को भारत पहुंच गई थीं और तभी से वहां निर्वासन में रह रही हैं। ढाका स्थित 'इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल' ने 17 अक्टूबर को हसीना और 45 अन्य लोगों के लिए वारंट जारी किया था।

जिनमें पूर्व कैबिनेट मंत्री, सलाहकार और सैन्य एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं। देश में इस समय अंतरिम सरकार है जिसके प्रमुख नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस हैं। न्यायाधिकरण में अभियोजक बी एम सुल्तान महमूद के अनुसार सोमवार को न्यायाधिकरण के समक्ष कम से कम 14 लोग पेश होंगे जिनमें एक पूर्व विधि मंत्री और हसीना के निजी क्षेत्र के एक सलाहकार और कारोबारी शामिल हैं। न्यायाधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि छह अन्य लोग बुधवार को पेश होंगे।

मामले में कम से कम 20 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। न्यायाधिकरण इस सिलसिले में हसीना समेत अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार करने की दिशा में हुई प्रगति के बारे में पुलिस से जानकारी लेगा। न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक ने हसीना की गिरफ्तारी के लिए देश के पुलिस प्रमुख के माध्यम से इंटरपोल से मदद मांगी है। यूनुस ने रविवार को राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा था कि उनका प्रशासन भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करेगा।

## मोहम्मद यूनुस ने चला नया पैंतरा, बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को बताने लगे प्रोपेगेंडा

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने देश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर नया पैंतरा चला है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 'हमने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की है कि हिंदू समुदाय के सदस्यों समेत देश का कोई भी नागरिक हिंसा का शिकार न बने। हम यह प्रयास जारी रखेंगे।' उन्होंने कहा कि जब अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली थी, तब बांग्लादेश पूरी तरह असुरक्षित देश था। यूनुस ने कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों में अनावश्यक भय फैलाने का प्रयास किया गया।

मोहम्मद यूनुस ने कहा कि उनकी सरकार उन सभी मामलों की जांच कर रही है, जहां धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की गई। उन्होंने कहा, 'कुछ मामलों में उन्हें हिंसा का भी सामना करना पड़ा है। इस बारे में जो भी प्रचार किया गया वह पूरी तरह से अतिशयोक्तिपूर्ण है। हिंसा के जो छोटे-मोटे मामले हुए वे मुख्य रूप से राजनीतिक थे।' उन्होंने कहा कि इन घटनाओं को धार्मिक रंग देकर देश को फिर से अस्थिर करने के प्रयास किए गए। सरकार ने सभी के सहयोग से स्थिति से दृढ़ता से निपटा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के सत्ता में आने के दो महीने बाद देश भर में लगभग 32,000 पूजा मंडपों में दुर्गा पूजा मनाई गई। यूनुस ने कहा कि सरकार ने दुर्गा पूजा के दौरान व्यापक सुरक्षा तैयारियां की ताकि हिंदू समुदाय के सदस्य त्योहार को सुचारू रूप से मना सकें। बांग्लादेश की 17 करोड़ आबादी में हिंदुओं की संख्या करीब 8 प्रतिशत है। मालूम हो कि बांग्लादेश में अगस्त में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शनों के चलते सत्ता से बेदखल होने के बाद हसीना भारत चली गई थीं। अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर राष्ट्र के नाम संबोधन में यूनुस ने यह भी कहा कि उनकी सरकार धार्मिक अल्पसंख्यकों सहित सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने हरसंभव प्रयास जारी रखे हुए है। यूनुस के हवाले से कहा गया, 'हमें हत्या के हर मामले में न्याय सुनिश्चित करना होगा। हम भारत से यह भी कहेंगे कि वह सत्ता से अपदस्थ तानाशाह शेख हसीना को वापस भेज दे।'

# बाइडेन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रमुख पहलों की घोषणा की

### अमेजन फंड को अतिरिक्त 50 मिलियन डॉलर देने का वादा किया




**रियो डी जेनेरियो , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए रविवार को प्रमुख जलवायु पहलों की घोषणा की. राष्ट्रपति बाइडेन आज रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील में रहेंगे. उन्होंने रविवार को अमेजन वर्षावन का दौरा किया. ऐसा करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए. अपनी यात्रा के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए, बाइडेन ने अमेजन फंड में योगदान के रूप में अतिरिक्त 50 मिलियन डॉलर देने का वादा किया. अमेरिका ने पहले 50 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है. संबोधन के दौरान, बाइडेन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से लड़ना उनके प्रशासन का निर्णायक कारण रहा है. इससे निपटने के लिए चार प्रमुख घोषणाएं कीं. उन्होंने घोषणा की कि अमेरिकी विकास वित्त निगम अमेजन को फिर से वनीकरण करने के लिए एक ब्राजीलियाई कंपनी के साथ साझेदारी में सैकड़ों डॉलर जुटाएगा. उन्होंने ब्राजील में 20,000 वर्ग मील भूमि को बहाल करने और उसकी रक्षा करने के लिए 2030 तक कम से कम 10 बिलियन डॉलर जुटाने के लिए बहाली और जैव अर्थव्यवस्था वित्त गठबंधन का भी वादा किया. इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अमेरिका ब्राजील के राष्ट्रपति लूला की महत्वपूर्ण नई पहल द ट्रॉपिकल फॉरेस्ट फॉरएवर फंड को लॉन्च करने में मदद करने के लिए धन मुहैया कराएगा.

राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि यह हम सभी के हित में है. अमेरिका को इससे उतना ही लाभ होता है जितना कि ब्राजील सहित किसी भी अन्य देश को होता है. राष्ट्रपति बाइडेन ने रेखांकित किया कि ग्रह की रक्षा के लिए लड़ाई वास्तव में आने वाली पीढ़ियों के लिए मानवता की लड़ाई है. उन्होंने कहा कि मैं अपने उत्तराधिकारी और अपने देश को मजबूत आधार देकर जाऊंगा, अगर वे ऐसा करना चाहें. यह सच है कि कुछ लोग अमेरिका में चल रही हरित ऊर्जा क्रांति को नकारना और विलंबित करना चाह सकते हैं, लेकिन कोई भी इसे उलट नहीं सकता.

राष्ट्रपति बाइडेन की यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब राष्ट्रपति-चुनाव ट्रंप के हाल ही में हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में जीत के बाद जनवरी 2025 में पदभार संभालने से कुछ ही दिन पहले यह घोषणा की गई है. अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले प्रशासन के दौरान, ट्रंप जलवायु कारणों के प्रति न तो मुखर रहे हैं और न ही बहुत सहायक रहे हैं.

## भारत में अधपका खाना खाने से, दिमाग में घुस गया था कीड़ा, ट्रंप के स्वास्थ्य मंत्री का अनोखा बयान



**वाशिंगटन, एजेंसी।**
कंप्यूटर साइंटिस्ट लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में बात करते हुए उन्होंने बताया था कि किसी प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए वो भारत आए थे। लेकिन शायद भारत में अधपका पॉर्क खाने की वजह से उन्हें ब्रेनवॉर्म हो गया था। जिसे शुरुआत में डॉक्टरों ने ट्यमर समझा था। बाद में कैनेडी ने साफ किया था कि फूड प्वॉइजनिंग की वजह से ऐसा हुआ था कि ना कि ब्रेनवॉर्म की वजह से।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर को अपना स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री नामित किया है। जूनियर कैनेडी को वैसे तो उनके विवादित बयानों की वजह से जाना जाता है। देश के नए स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके चयन के बाद वो लगातार चर्चा में बने हुए हैं। उनका एक पुराना बयाव फिर से वायरल होने लगा। इसमें उन्होंने अपनी भारत प्रवास का जिक्र किया था। कैनेडी ने कुछ महीने पहले एक इंटरव्यू में दावा किया था कि 2010 में भारत की यात्रा के दौरान उनके दिमाग में कीड़ा घुस गया था। उन्होंने कहा कि भारत में अधपका पॉर्क खाने की वजह से ऐसा हुआ था।

कंप्यूटर साइंटिस्ट लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में बात करते हुए उन्होंने बताया था कि किसी प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए वो भारत आए थे। लेकिन शायद भारत में अधपका पॉर्क खाने की वजह से उन्हें ब्रेनवॉर्म हो गया था। जिसे शुरुआत में डॉक्टरों ने ट्यमर समझा था। बाद में कैनेडी ने साफ किया था कि फूड प्वॉइजनिंग की वजह से ऐसा हुआ था कि ना कि ब्रेनवॉर्म की वजह से।

गौरतलब है कि हाल ही में एक इंटरव्यू में कैनेडी जूनियर ने ट्रंप के खाने को जहर बताया था। उन्होंने कहा था कि प्रचार अभियान के दौरान ट्रंप का आहार वास्तव में खराब था। कैनेडी ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि वह जो सामान खाता है वह वास्तव में खराब है। आपके पास एक विकल्प है। आपके पास कोई विकल्प नहीं है, आपको या तो केएफसी या बिग मैक दिया जाएगा। यह ऐसा है, जैसे, जब आप भाग्यशाली होते हैं, और फिर बाकी सामान को मैं अखाद्य मानता हूं।

## जांच कराई जाए कि गाजा पर इजराइल का हमला 'जनसंहार' की श्रेणी में तो नहीं : पोप

**रोम , एजेंसी।**
कैथोलिक ईसाई धर्म के शीर्ष नेता पोप फ्रांसिस ने यह तय करने के लिए जांच का आह्वान किया है कि क्या गाजा में इजराइल के हमले 'नरसंहार' हैं। 'पोप जुबली ईयर' से पहले रविवार को जारी एक नई पुस्तक के अंशों से यह जानकारी दी गई। पोप फ्रांसिस ने पहली बार गाजा पट्टी में इजराइल की सैन्य कार्रवाई के दौरान 'नरसंहार' के आरोपों की जांच के लिए खुलकर मांग की है। उन्होंने सितंबर में कहा था कि गाजा और लेबनान में इजराइल के हमले 'अनैतिक' और असंगत हैं और उसकी सेना युद्ध नियमों से परे चली गई है।

हर्नान रेयेस अलकेड द्वारा लिखित और पोप के साथ साक्षात्कार पर आधारित इस पुस्तक का शीर्षक है ''आशा कभी निराश नहीं करती। बेहतर दुनिया की ओर मुसाफिर''। इस किताब का लोकार्पण पोप फ्रांसिस की ''2025 जुबली'' से पहले किया जाएगा। उम्मीद है कि फ्रांसिस की एक साल चलने वाली 'जुबली' को मनाने के लिए तीन करोड़ से अधिक यात्री रोम आएंगे। प्रकाशित अंशों के मुताबिक पोप ने कहा, ''कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, गाजा में जो कुछ हो रहा है, उससे नरसंहार के लक्षण मिले हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमें सावधानीपूर्वक जांच करनी चाहिए कि क्या यह न्यायविदों और अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा तैयार की गई।

## यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में जहाज को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया



**दुबई, एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के दक्षिणी छोर से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया। हालांकि इस हमले में जान-माल की कोई हानि नहीं हुई। हूती विद्रोही जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाकर पिछले कई महीनों से हमला कर रहे हैं। इस जलमार्ग से आम तौर पर प्रति वर्ष एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर का माल गुजरता है। यह हमला गाजा में इजराइल-हमास युद्ध और लेबनान में इजराइल के जमीनी हमले के कारण हुआ है।

ब्रिटेन की सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर' (यूकेएमटीओ) ने 'अलर्ट' जारी कर कहा कि जहाज जब लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ने वाले बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास से गुजर रहा था, तभी उसके कप्तान ने देखा कि ''जहाज के बहुत करीब मिसाइल गिरी''। यह हमला यमन के बंदरगाह शहर मोचा से लगभग 48 किलोमीटर पश्चिम में हुआ। यूकेएमटीओ ने कहा, ''जहाज और चालक दल सुरक्षित हैं तथा अपने अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहे हैं।'' हूतियों ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## जमात-ए-इस्लामी प्रमुख ने बलूचिस्तान, केपी में सुरक्षा संकट को हल करने के लिए बातचीत का आह्वान किया



**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
जमात-ए-इस्लामी (जेआई) के प्रमुख हाफिज नईमुर रहमान ने सरकार से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा (के-पी) में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति सहित महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने के लिए संबंधित हितधारकों के साथ बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है. रविवार को जेआई के इस्लामाबाद कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए, उन्होंने संकटग्रस्त क्षेत्रों में जीवन की सुरक्षा के लिए नीतियों को संशोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन कीमती है. सरकार को अपनी नीति पर फिर से विचार करने की जरूरत है. रहमान ने अफगानिस्तान की तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार से जिम्मेदारी से काम करने और यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि अफगान क्षेत्र का इस्तेमाल पाकिस्तान सहित अन्य देशों के खिलाफ न किया जाए. सहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने पाकिस्तानी सरकार से आपसी चिंताओं को हल करने के लिए अफगानिस्तान के साथ बातचीत करने का आग्रह किया.

जेआई प्रमुख ने विशेष रूप से बिजली की लागत संकट के मद्देनजर आर्थिक राहत के अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए सरकार की आलोचना की. रहमान ने कहा कि संघीय सरकार ने इस साल की शुरुआत में आयोजित धरना-प्रदर्शनों के बाद जेआई के साथ किए गए समझौतों को लागू नहीं किया है. उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा हाल ही में घोषित शीतकालीन बिजली राहत पैकेज को अपर्याप्त बताते हुए इसे मजाक और जनता के लिए धोखा करार दिया. प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अल्लामा मुहम्मद इकबाल की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम के दौरान एक बिजली राहत पैकेज का अनावरण किया, जिसमें सर्दियों के महीनों के दौरान घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 26.7 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट, औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए 15.5 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए 22.71 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट तक की कटौती का वादा किया गया. हालांकि, रहमान ने पैकेज की आलोचना की और इसकी प्रासंगिकता और स्थिरता पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि कोई 500 यूनिट की खपत क्यों करेगा? जनता को बेवकूफ बनाने का यह नाटक बंद होना चाहिए. उन्होंने कहा कि 60 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर का ईंधन शुल्क का बोझ नागरिकों पर पड़ रहा है. रहमान ने सौर ऊर्जा को एक व्यवहार्य समाधान के रूप में बढ़ावा देने का सुझाव दिया. उन्होंने पाकिस्तान के सामने आने वाली आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावहारिक और दीर्घकालिक समाधानों की वकालत करने के लिए जेआई की प्रतिबद्धता को दोहराया.

## संक्षिप्त समाचार

### राठी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में शानदार कमाई की घोषणा की

**गाज़ियाबाद, एजेंसी।** स्टेनलेस स्टील उत्पादों जैसे वायर रॉड्स, बिलेट्स, फ्लैट्स में अग्रणी राठी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड ने 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छह महीने की अवधि के लिए अपनी आय की घोषणा की है।वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में राजस्व 121.43 करोड़ रुपये था, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह 126.70 करोड़ रुपये था। यह मुख्य रूप से थोड़ी कम प्राप्तियों और पिछली समान अवधि में नौकरी के काम और व्यापार से अधिक बिक्री के कारण है। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए एबिटा (अन्य आय को छोड़कर) 5.14 करोड़ रुपये था, जबकि एबिटा मार्जिन 4.23 प्रतिशत था। लागत दक्षता उपायों का प्रभाव स्टेनलेस स्टील उद्योग के लिए परिवर्तित बाजार स्थितियों से ऑफसेट हो गया था। लंबे मानसून और चीन, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से फ्लैट स्टील के नियमित प्रवाह ने समग्र बाजार भावनाओं को प्रभावित किया। तिमाही के लिए शुद्ध लाभ 6.94 करोड़ रुपये था, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह 0.82 करोड़ रुपये था।वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए राजस्व 249.15 करोड़ रुपये था, जबकि वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में यह 273.26 करोड़ रुपये था। यह मुख्य रूप से अवधि के शुरुआती महीनों में नियोजित संयंत्र बंद होने के कारण है।

### हार्डविन इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में शानदार वित्तीय परिणाम घोषित किये

**मुंबई, एजेंसी।** आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स में अग्रणी कंपनी, हार्डविन इंडिया लिमिटेड ने 14 नवंबर, 2024 को अपनी बोर्ड बैठक में 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छह महीने की अवधि के लिए मजबूत आय की घोषणा की है। इसके अलावा, बोर्ड ने 2:5 के अनुपात में बोनस इम्टी शेयर जारी करने को मंजूरी दे दी है, अर्थात् कंपनी के सदस्यों द्वारा रिकॉर्ड तिथि को रखे गए प्रत्येक 05 (पाँच) मौजूदा इम्टी शेयरों के लिए 02 (दो) इम्टी शेयर, आवश्यक मंजूरियों के अधीन, जैसा कि आवश्यक हो सकता है। 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, परिचालन से राजस्व में 61.73 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 में रु. 3193.52 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में रु. 5164.74 लाख हो गया। एबिटा में 168.50त्न की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 में रु. 235.01 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में रु. 631.01 लाख हो गया। एबिटा मार्जिन में 7.34 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 12.20त्न हो गया, जो 486 बीपीएस की वृद्धि है। शुद्ध लाभ में 172.54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 में रु. 148.24 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में रु. 404.01 लाख हो गया। 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए, परिचालन से राजस्व में 34.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में रु. 6879.66 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में रु. 9257.49 लाख हो गया। एबिटा में 112.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में रु. 414.46 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में रु. 878.80 लाख हो गया।

# सोयाबीन-कपास के किसानों को मिलेंगे प्रति हेक्टेयर 5000, ओएनजीसी में दूसरी तिमाही के नतीजे जारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि सोयाबीन और कपास की खेती करने वाले किसानों के बैंक खातों में अतिरिक्त 5,000 रुपये प्रति हेक्टेयर भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मलयेशिया और इंडोनेशिया से खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाकर 27.5 फीसदी कर दिया गया है, ताकि घरेलू बाजारों में तेल की मिलें घरेलू किसानों से सोयाबीन खरीद सकें। केंद्रीय मंत्री ने भावांतर भुगतान योजना के बारे में भी बताया। भावांतर भुगतान योजना एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें सरकार किसानों को एमएसपी और जिस दर पर वे अपनी फसल बेचते हैं, उसके अंतर की भरपाई करती है। उन्होंने कहा, दूसरी योजना में, आईसीएआर आलू, प्याज और टमाटर जैसी फसलों के लिए आदर्श दर निर्धारित करेगा और उत्पादन लागत पर किसानों को 50 फीसदी का लाभ देगा।

ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के परिणामों को मंजूरी दी है। इसमें वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी ने 17.1 फीसदी की वृद्धि के साथ 11,984 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। साथ ही 6 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश घोषित किया है। घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर निरंतर जोर देने के साथ ओएनजीसी कच्चे तेल के उत्पादन में गिरावट की प्रवृत्ति को पलटने में सक्षम रही है। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान स्टैंडअलोन कच्चे तेल का उत्पादन (कंडेनसेट को छोड़कर) 4.576 एमएमटी था, जो वित्त वर्ष 24 की इसी तिमाही की तुलना में 0.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज करता है।

निवेशकों में जागरूकता फैलाने के प्रयास के तहत सेबी ने एनआईएसएम, बीएसई, एनएसई, एमसीएक्स, एनसीडीईएक्स, सीडीएसएल, एनएसडीएल और एएमएफआई के साथ मिलकर 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में भारत का शेयर बाजार मंडप स्थापित किया है। मंडप का उद्घाटन सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश सी. वार्ष्णेय ने किया। सेबी भौतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता फैलाने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। सेबी इन्वेस्टर वेबसाइट वीडियो लर्निंग मॉड्यूल, वित्तीय कैलकुलेटर और वित्तीय स्वास्थ्य जांच जैसे उपकरण प्रदान करती है।

### एनटीपीसी ने मेथनॉल के लिए स्वदेशी उत्प्रेरक किया विकसित

एनटीपीसी की अनुसंधान एवं विकास शाखा नेत्रा ने भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी), देहरादून के सहयोग से कार्बन डाईऑक्साइड (सीओ2) को मेथनॉल में हाइड्रोजनीकरण करने के लिए स्वदेशी उत्प्रेरक विकसित किया है। किसी भी रासायनिक संश्लेषण के लिए उत्प्रेरक एक आवश्यक घटक है। उत्प्रेरक के लक्षण-निर्धारण के बाद, उत्प्रेरक के दीर्घकालिक मात्रात्मक और गुणात्मक प्रदर्शन का मूल्यांकन विशेष रूप से डिजाइन किए गए 10 किलोग्राम/दिन मेथनॉल पायलट प्लांट में किया जा रहा है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड ने एडीएनओसी गैस के साथ 2026 से शुरू होने वाले 0.52 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) तक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की डिलीवरी के लिए 10 साल के बिक्री और खरीद समझौते (एसपीए) पर हस्ताक्षर किए। यह किसी भारतीय खरीदार के साथ एडीएनओसी गैस का पहला एसपीए है। गेल के निदेशक (विपणन) संजय कुमार ने कहा कि देश में विविध क्षेत्रीय पैटर्न में प्राकृतिक गैस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एलएनजी की मांग बढ़ रही है।

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हडको) ने वित्तीय वर्ष 2025 की प्रथम छमाही में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो दर्शाता है कि इस वृद्धि से प्रमुख वित्तीय मापदंड के क्षेत्र में नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2025 की प्रथम छमाही में हडको के परिणामों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार है। इसमें ऋण स्वीकृति में अब तक के सबसे बड़े ऋण के संबंध में स्वीकृतियां हासिल की। ऋण संवितरण में गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3,723 करोड़ रुपये से लगभग 6 गुना की उत्तरोत्तर वृद्धि दर्ज की, जो अब तक की सबसे अधिक 21,699 करोड़ रुपये की राशि का प्रथम छमाही का ऋण संवितरण है।

### बीएचईएल पावर प्लांट के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरा

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), एनटीपीसी लिमिटेड के तेलंगाना स्टेज- 2 सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (3×800 मेगावाट) के मुख्य संयंत्र पैकेज की स्थापना के अनुबंध में सफल बोलीदाता के रूप में उभरा है। इस अनुबंध के तहत, बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, निर्माण, कमीशनिंग और सिविल निर्माण शामिल हैं। वर्तमान में बीएचईएल को इस सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए मुख्य संयंत्र पैकेज के बुनियादी इंजीनियरिंग कार्य शुरू करने के लिए एनटीपीसी लिमिटेड से आगे बढ़ने के लिए सीमित नोटिस (एलएनटीपी) प्राप्त हुआ है। यह परियोजना एनटीपीसी के साथ बीएचईएल की साझेदारी को और मजबूत करती है, जहां बीएचईएल ने देश भर में एनटीपीसी के थर्मल पावर परियोजनाओं में 57 फीसदी से अधिक का योगदान दिया है।

### गेल के निदेशक (वित्त) राकेश कुमार जैन सम्मानित

गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक (वित्त) राकेश कुमार जैन को एक निजी चैनल की ओर से आयोजित राष्ट्रीय आर्थिक विकास शिखर सम्मेलन 2024 में भारत में शीर्ष 50 दूरदर्शी सीएफओ के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके असाधारण नेतृत्व और गेल की सफलता में वर्षों से योगदान के लिए मिला है। वह पेशे से कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट हैं। वे 1992 में गेल में मैनेजमेंट ट्रेनी के तौर पर शामिल हुए थे।

## टैक्सपेयर्स को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की चेतावनी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने रविवार को टैक्सपेयर्स को आगाह किया है कि यदि इनकम टैक्स रिटर्न में विदेश में स्थित संपत्ति या विदेशी स्रोत से अर्जित आय का खुलासा नहीं किया गया तो काला धन कानून के तहत 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है। विभाग ने हाल ही में एक कंप्लायंस और अवेयरनेस कैंपेन शुरू किया है, जिसके अंतर्गत टैक्सपेयर्स को यह जानकारी देने के लिए पब्लिक एडवाइजरी जारी की गई है कि वे असेसमेंट ईयर 2024-25 के लिए अपने जीएसटी में ऐसी जानकारी दर्ज करें। ट्रस्ट जिसमें व्यक्ति ट्रस्टी है, विदेश में रखी कोई अचल संपत्ति, अभिरक्षक खाते, इक्विटी या ऋण हित, और हस्ताक्षर प्राधिकारी वाले खाते। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बताया कि जिन टैक्सपेयर्स की विदेशी संपत्ति या विदेशी स्रोत से आय है, उन्हें आईटीआर में विदेशी संपत्ति या विदेशी स्रोत से आय की जानकारी को अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। यह नियम उन पर भी लागू होता है जिनकी आय कर योग्य सीमा से कम है या जिन्होंने विदेश में संपत्ति प्रकट स्रोतों से अर्जित की है।

# सस्ता हो रहा सोना, अच्छे फायदे के लिए करें निवेश

**आगे दाम में आ सकती है तेजी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक विपरीत आर्थिक स्थितियों के बीच शेयर बाजारों से लेकर सोने-चांदी में पिछले 50 दिनों से भारी गिरावट जारी है। सोना और चांदी हाल के दिनों मे सस्ता हो चुके हैं। ऐसे में सोने में निवेश का गणित बताती रिपोर्ट- सोना और चांदी एक ऐसी बहुमूल्य संपत्ति है जो देश के हर घरों में एक भावनात्मक लगाव रखती है। हालांकि, पिछले कुछ समय से यह निवेश के साधन के तौर पर भी उपयोग में आने लगा है। खासकर, जब से सरकार ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की शुरुआत की है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े देखें तो इन बहुमूल्य धातुओं ने शेयर बाजारों या किसी और निवेश के साधनों की तुलना में ज्यादा रिटर्न दिया है। ऐसे में इस समय गिरावट के बाद सोने में निवेश करना फायदेमंद हो सकता है।

मजबूत डॉलर और अमेरिकी महंगाई से उपजी चिंता के कारण सोना अपने शीर्ष स्तर से अब तक 5,350 रुपये प्रति दस ग्राम सस्ता हो चुका है। 30 अक्तूबर को सोने का दाम 82,400 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव पर था। अब यह 77,050 रुपये पर आ गया है। ऐसे में अगर सोना अपने पुराने भाव पर भी हाल फिलहाल पहुंचता है तो आपको प्रति दस ग्राम 5,350 रुपये का फायदा हो सकता है। सोने का इतिहास रहा है कि इसने हमेशा लंबे समय में फायदा दिया है। जब आर्थिक स्थितियां बिलकुल विपरीत होती हैं तो सोना सबसे ज्यादा रिटर्न देता है। उदाहरण के तौर पर कोरोना के समय सोने ने मालामाल कर दिया था। उस साल में सोने के भाव में 45.64 प्रतिशत की तेजी आई थी। अक्षय तृतीय को आधार मानें तो सालाना आधार पर इसका रिटर्न उम्दा रहा है। 2024 में इसने 18.16 फीसदी का फायदा दिया है। 2023 में 19.32 फीसदी, 2022 में 6.50 फीसदी, 2021 में 2.52 फीसदी का मुनाफा दिया है।

विश्लेषकों का मानना है कि जैसे ही आर्थिक स्थितियों में सुधार होगा और शेयर बाजारों में तेजी आएगी, वैसे ही सोने के दाम फिर वापस लौटेंगे। वैश्विक स्तर पर कई देशों के बीच तनाव जारी है। महंगाई भी ऊपर है। ब्याज दरों में कटौती का चक्र अभी भी थमा हुआ है। ऐसे में आगे चलकर सोने के दाम फिर से तेज रफ्तार से बढ़ सकते हैं। अक्तूबर में शेयर बाजारों में गिरावट से पहले सोने के दाम भी अपने ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच चुके थे। लेकिन बाजारों में गिरावट के साथ सोने का भाव भी गिरता गया।

## निवेशकों को शेयर बाजार में घाटे के बाद बैंकों में बढ़ा जमा, 15 दिन में 2.35 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि




**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले 48 दिनों से जारी तेज गिरावट के बीच निवेशकों ने अब बैंकों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि एक नवंबर को समाप्त पखवाड़े में बैंकों के जमा में 2.35 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, अक्तूबर के पहले पखवाड़े में बैंकों से 1.12 लाख करोड़ रुपये निकाले गए थे। यह पैसे सीधे तौर पर इक्विटी बाजार में निवेश किए गए थे। अक्तूबर में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स करीब छह फीसदी टूट गया था। इससे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ, जिससे वे सुरक्षित माने जाने वाले बैंक का सहारा लेने लगे।

सितंबर में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सेंसेक्स 85,800 के पार अपने शीर्ष पर था। उस समय लगातार बाजार में निवेश आ रहा था। तब सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 478 लाख करोड़ रुपये हो गई थी। रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि सेंसेक्स के रिकॉर्ड से पहले अगस्त के अंतिम पखवाड़े में बैंकों का कुल जमा 215.50 लाख करोड़ रुपये था।

आंकड़ों के अनुसार, सितंबर के पहले पखवाड़े में जमा 45,000 करोड़ रुपये घटकर 215.05 लाख करोड़ रुपये रह गया। लेकिन जब सितंबर के अंत में बाजार में गिरावट शुरू हुई तो जमा और बढ़ गया। यह 4 अक्तूबर को 219 लाख करोड़ रुपये और 18 अक्तूबर को 218 लाख करोड़ रुपये रहा। अगस्त से लेकर 18 अक्तूबर तक बैंकों के कुल कर्ज में चार लाख करोड़ जबकि जमा में 5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

आंकड़े बताते हैं कि इस साल मार्च से लेकर अक्तूबर तक बैंकों का जमा 7.7 फीसदी बढ़कर 220 लाख करोड़ रुपये के करीब हो गया है।

## निवेशकों के लिए शानदार मौका, बाजार में गिरावट के बीच यह बैंक दे रहे एफडी पर ज्यादा ब्याज




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में एफडी कई व्यक्तियों की वित्तीय योजना का अहम हिस्सा बने हुए हैं, जो स्थिर और अनुमानित रिटर्न प्रदान करते हैं। वित्तीय बाजारों के उतार-चढ़ाव के बावजूद, एफडी भारत में एक लोकप्रिय निवेश विकल्प के रूप में बनी हुई है, खासकर उन निवेशकों के लिए जो स्थिरता और विश्वसनीय रिटर्न को प्राथमिकता देते हैं। चाहे आप शॉर्ट-टर्म या लॉन्ग-टर्म निवेश की योजना बना रहे हों, कई बैंक और वित्तीय संस्थान आकर्षक ब्याज दरों के साथ एफडी की पेशकश कर रहे हैं। वर्तमान में स्मॉल फाइनेंस बैंकों द्वारा प्रदान की जा रही ब्याज दरें अधिक आकर्षक हैं, जो इन बैंकों में एफडी करने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित कर रही हैं। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक सामान्य नागरिकों के लिए 5.30प्रतिशत से 5.40प्रतिशत ब्याज दर प्रदान करता है, जबकि सीनियर सिटीजन्स को 5.80प्रतिशत से 6.20प्रतिशत ब्याज मिलता है। फिक्स्ड डिपॉजिट एक सुरक्षित निवेश विकल्प है, जिसमें निवेशक एक निर्धारित अवधि के लिए एक तय ब्याज दर पर अपनी राशि जमा करते हैं। अगर निवेशक सीनियर सिटीजन होते हैं, तो उन्हें उच्च ब्याज दर की पेशकश की जाती है। इस स्कीम के तहत निवेशकों को एकमुश्त राशि जमा करने की आवश्यकता होती है और यह राशि एक निश्चित अवधि के लिए जमा रहती है।

# डिजिटल कॉमर्स के दम पर आए बदलाव से एमएसएमई को मिला सबसे ज्यादा फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो दशक पहले डिजिटल कॉमर्स का पदार्पण हुआ और एमएसएमई के संचालन का तरीका हमेशा के लिए बदल गया। अब नतीजा स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है ङ्क रेडसियर की तरफ से एमएसएमई को लेकर जारी हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 6.4 करोड़ एमएसएमई संचालन में है और इनमें से 12 प्रतिशत यानी करीब 77 लाख एमएसएमई डिजिटल रूप से सशक्त हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। आइए जानते हैं इस विषय पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के रजनीश कुमार की राय।

चाहे अर्थव्यवस्था बड़ी हो या छोटी, हर अर्थव्यवस्था में कुछ कंपनियां ऐसी होती हैं, जो हमेशा चर्चा में रहती हैं। हालांकि चकाचौंध से दूर किसी भी देश के कारोबार का झंडा बुलंद करने वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) ही होते हैं। पारंपरिक तौर पर पहले एमएसएमई की बाजार, टेक्नोलॉजी और फंड तक पहुंच सीमित हुआ करती थी। टेक्नोलॉजी या तो उनके काम की नहीं होती थी या फिर उस तक पहुंच मुश्किल होती थी। दूसरी ओर, फंड बहुत महंगे होते थे।

## श्रेष्ठा फिनवेस्ट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए आय की घोषणा की, राजस्व में 883.51त्न की वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी।** श्रेष्ठा फिनवेस्ट लिमिटेड( बीएसई- 539217), जो वित्तीय समाधानों में अग्रणी है, ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक के लिए आय की घोषणा की है। तिमाही प्रदर्शन: 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, ऑपरेशनों से राजस्व में 70.31त्न की वृद्धि हुई, जो कि वित्त वर्ष 2024 दूसरी तिमाही में 210.21 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 दूसरी तिमाही में 357.98 लाख रुपये हो गया।

अर्धवार्षिक प्रदर्शनः 30 सितंबर 2024 को समाप्त अर्धवार्षिक के लिए, ऑपरेशनों से राजस्व में 883.51त्न की बढ़त हुई है, जो वित्त वर्ष 2024 पहली छमाही के 438.02 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 4307.99 लाख रुपये हो गया। इस दौरान, शुद्ध लाभ बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 1619.12 लाख रुपये हो गया।

श्रेष्ठा फिनवेस्ट लिमिटेड के बोर्ड ने पहले 100 करोड़ रुपये तक की राशि जुटाकर इम्टी शेयर जारी करने की मंजूरी दी थी, जो कि आवश्यक अनुमोदनों के अधीन है। इसके तहत, बोर्ड ने 93 करोड़ रूपये तक के कन्वर्टिबल वॉरंट्स को निवेशकों के लिए प्राथमिकता के आधार पर 1.05 रुपये प्रति वॉरंट के इश्यू प्राइस पर जारी करने की मंजूरी दी है।

# परिणीति ने सोशल मीडिया पर साझा की पोस्ट



**परिणीति** चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करने के साथ वीडियो भी साझा किया है। परिणीति ने तस्वीर में लिखा, स्टूडियो डे..लेकिन ये स्टूडियो में एसी टेंपरेचर कौन सेट करता है। ब्लैंकेट (कंबल) जिंदाबाद। परिणीति चोपड़ा ने लिखा की तस्वीर को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मेरी हमेशा से परेशान गाना पसंद करती हूं, मुझे आपका गाना सुनकर सुकून मिलता है। परिणीति चोपड़ा की तस्वीर पर प्रशंसकों ने लव यूजर शेयर किया है। एक यूजर ने लिखा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं दीदी, भगवान आपको आशीर्वाद दे। इस क्लिप में वह अपने नए यूट्यूब चैनल के बारे में जानकारी देती हुई नजर आ रही हैं।

इस वीडियो के जरिए उन्होंने बताया है कि वह अपने रोजमर्रा की झलक फैंस को दिखाएंगी। उन्होंने लिखा, इतने वर्षों में मैंने जानबूझकर अपने जीवन का लगभग केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही सोशल मीडिया पर साझा किया है। मैं बहुत कुछ करती हूं, लेकिन हमेशा यह सब निजी रखना ही पसंद करती हूं। कुछ भी न साझा करने के मेरे फैसले ने मेरी सोशल मीडिया टीम को गंभीर रूप से निराश किया है। अब उनके बहुत समझाने के बाद मुझे लगता है कि अब थोड़ा और खुलने का समय आ गया है।

# पैसा प्यार भी खरीद सकता है... नीना गुप्ता ने भारतीय परिजनों को दिया खास संदेश, की यह अपील



नीना गुप्ता अपने शानदार अभिनय के साथ-साथ अपने बेबाक बयान के लिए भी जानी जाती हैं। इसी बीच अभिनेत्री जीवन में पैसे के महत्व पर जोर डालती नजर आई हैं। नीना ने भारतीय परिजनों से गुजारिश की है कि वह बच्चों को यह सीख न दें कि पैसा सबकुछ नहीं खरीद सकता। पैसे से सब खरीदा जा सकता है यहां तक की प्यार भी। नीना ने यह बात करीना कपूर के चैट शो व्हॉट वीमेन वान्ट में कही। करीना के टॉक शो व्हाट वीमेन वांट में अभिनेत्री से बातचीत के दौरान नीना ने कहा, मैं हमेशा अपने पैसे को लेकर बहुत सतर्क रही हूं क्योंकि हमें बचपन से सिखाया गया है कि पैसे से आप सब कुछ नहीं खरीद सकते।करीना ने नीना के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा, यही चीज मैं करिश्मा (कपूर) या सैफ (अली खान) को बताती हूं और अपने बच्चों को भी बताना चाहती हूं। जानकारी हो कि करीना दो बेटों तैमूर और जेह की मां हैं। नई दिल्ली स्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट विवेक मेहरा से शादी करने वालीं नीना ने कहा कि वह पति पर भरोसा करती हैं, लेकिन अपनी खुद की वित्तीय सुरक्षा रखना पसंद करती हैं।



## मालिक की शूटिंग पूरी

# फिल्म के लिए राजकुमार राव ने किए शारीरिक बदलाव



**अभिनेता** राजकुमार राव ने अपनी आगामी फिल्म मालिक की शूटिंग पूरी कर ली है। पुलकित द्वारा निर्देशित यह फिल्म राव की पहली पूर्ण एक्शन फिल्म होगी।

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव के पास कतार में कई फिल्में हैं। उन्होंने स्त्री 2 की सफलता का जश्न मनाने के बाद विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में अभिनय किया। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इस बीच अब राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म मालिक की तैयारियों में जुटे हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं।

**राजकुमार ने किया शारीरिक बदलाव**

अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी आगामी फिल्म मालिक की शूटिंग पूरी कर ली है। पुलकित द्वारा निर्देशित यह फिल्म राव की पहली पूर्ण एक्शन फिल्म होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्शन डायरेक्टर विक्रम दहिया की देखरेख में राजकुमार ने अपनी फिट बॉडी बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। फिल्म का निर्माण अगस्त के अंत में लखनऊ में शुरू हुआ और इसके बाद पूरे उत्तर प्रदेश में तीन महीने तक इसका निर्माण चला।

**फिल्म की शूटिंग**

मालिक की प्रोडक्शन टीम ने लखनऊ, वाराणसी और उन्नाव में शूटिंग की। उन्होंने ब्रह्मावर्त घाट पर भव्य दिवाली उत्सव का दृश्य फिल्माया, जहां हजारों दीये जलाए गए। कानपुर में फिल्म की शूटिंग का आखिरी चरण मुख्य किरदार की शादी के दृश्य के साथ पूरा हुआ। यहीं पर तीन दिन पहले मालिक की शूटिंग खत्म हुई थी।

**फिल्म में राजकुमार राव का किरदार**

मालिक में राजकुमार राव दो अलग-अलग लुक में नजर आएंगे- एक क्लीन-शेव्ड और दूसरा रफ-टफ, दाढ़ी वाला। उनका किरदार धीरे-धीरे एक बदमाश से गैंगस्टर में बदल जाता है। अभिनेता ने कुछ एक्शन दृश्यों की शूटिंग की है, जिनमें हथियारों के साथ-साथ हाथापाई भी शामिल है। बंगाली सुपरस्टार प्रसेनजीत चटर्जी फिल्म में राव के गुरु की भूमिका निभा रहे हैं।

# नोरा यो यो हनी सिंह के म्यूजिक वीडियो पायल में नजर आएंगी

**ग्लोबल** सेंसेशन नोरा फतेही ने एक बार फिर अपने नवीनतम सहयोग से सुर्खियां बटोरी हैं। इस बार प्रतिष्ठित रैपर यो यो हनी सिंह के साथ, नोरा उनके आगामी संगीत वीडियो पायल में उनके बहुप्रतीक्षित एल्बम ग्लोरी से अभिनय करेंगी। सोशल मीडिया पर नोरा ने म्यूजिक वीडियो का टीज़र पोस्ट किया और इसे कैप्शन दिया, यह अगली बड़ी चीज़ का समय है। एल्बम ग्लोरी से पायल का आधिकारिक संगीत वीडियो जिसे यो यो हनी सिंघ द्वारा गाया है एवं फीचर नोरा फतेही है और इसे पाराडोक्स पर कल जारी किया जाएगा। टीज़र ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है क्योंकि संगीत वीडियो 18 नवंबर को रिलीज़ होने वाला है।

इससे पहले, हनी सिंह ने सोशल मीडिया पर पर्दे के पीछे की एक रील साझा की थी, जिसमें खुलासा किया था कि उन्होंने संगीत वीडियो को -3 डिग्री सेल्सियस तापमान में फिल्माया है। नोरा के समर्पण की प्रशंसा करते हुए उन्होंने उन्हें महान और बहुत मेहनती बताया। नोरा हर नए प्रोजेक्ट के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित करना जारी रख रही हैं, एक अभिनेत्री, डांसर और गायिका के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं, जिससे एक ग्लोबल स्टार के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत होती है। अब, जैसा कि टीज़र में देखा गया है, नोरा के शानदार डांस मूव्स दृश्यों को खूबसूरत बना रहे हैं, संगीत वीडियो उत्साह बढ़ाने के लिए तैयार है, जो प्रशंसकों के लिए एक शानदार उपहार होने का वादा करता है। 46 मिलियन से अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के साथ नोरा ने खुद को एक अंतरराष्ट्रीय सनसनी के रूप में मजबूती से स्थापित कर लिया है। वह वर्तमान में अपनी पहली तेलुगु फिल्म मटका की शानदार प्रतिक्रिया का आनंद ले रही हैं, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। हाल ही में, उन्होंने पेरिस फैशन वीक 2024 में भी ब्रांड के सिग्नेचर डिजाइनों में लुई वुइटन शो में शानदार प्रदर्शन करते हुए तहलका मचा दिया। अपनी उल्लेखनीय श्रृंखला को जोड़ते हुए, नोरा अंतर्राष्ट्रीय कलाकार जेसन डेरुलो के साथ एक और संगीत वीडियो की रिलीज़ के लिए भी तैयारी कर रही है।



# पुष्पा पहली बार आपके सामने झुकेगा

## अल्लू अर्जुन ने खास अंदाज में कहा शुक्रिया

**पुष्पा** 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फैंस को इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार है। अब दर्शकों को बड़ी सौगात देते हुए फिल्म के निर्माताओं ने पुष्पा 2 के ट्रेलर को रिलीज करने का फैसला किया है। अल्लू अर्जुन ने कहा, नमस्ते, बिहार की पावन धरती को मेरा शत शत प्रणाम। पहली बार बिहार आया हूं। आपके प्यार और स्वागत के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। पुष्पा कभी झुकेगा नहीं, पर आज पहली बार आपके प्यार के लिए झुकेगा। बिहार की इस महान धरती पर मैं पहली बार आया हूं और जिस प्रकार आपने प्रेम दिखाया है और इतने दिल से मेरा स्वागत किया, इसके लिए मैं आपको जितना धन्यवाद दूं, कम है। पुष्पा राज किसी के सामने झुकता नहीं हैं, लेकिन यहां, आज, मैं आपके प्यार के लिए आप सभी के सामने झुकता हूं।धन्यवाद, पटना।

कार्यक्रम में रश्मिका मंदाना ने सबसे ज्यादा चर्चा बटोरी। उन्होंने भोजपुरी में कहा, नमस्ते पटना..का हाल बा...सब ठीक-ठाक बा नू...। उनकी ये बातें सुनकर फैंस जोर-जोर से चिल्लाकर उनका उत्साह बढ़ाते नजर आए।



# मुकेश खन्ना ने ट्रोलर्स को खूब खरी खोटी सुनाई

**अभिनेता** मुकेश खन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और वह वहां अपनी लाइफ से जुड़ी चीजें शेयर करते रहते हैं। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने एक देशभक्ति गाना शेयर किया, जिसमें वह शक्तिमान की ड्रेस पहने हुए दिखाई दिए थे। ऐसे में लोगों को लगा कि यह शो फिर से वापस आ रहा है। इसके बाद कई लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल भी किया। अब अभिनेता ने खुद ट्रोलर्स को जवाब दिया है। एक्टर ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इस मुद्दे पर खुलकर बात की है और साथ ही ट्रोलर्स को खूब खरी खोटी भी सुनाई है। मुकेश खन्ना ने कहा कि आजकल नेगेटिविटी ज्यादा बिकती है और पॉजिटिविटी कम बिकती है। मैंने कुछ दिनों पहले एक वीडियो शेयर किया, जिसमें मैं देशभक्ति गीत लेकर बच्चों के सामने आया। हालांकि, मैंने उसमें कहीं नहीं कहा कि मैं शक्तिमान बनकर वापस आ रहा हूं।



# भूमि ने अपने पुराने अनुभवों को प्रशंसकों के बीच किया शेयर

**अभिनेत्री** भूमि पेडनेकर ने हाल ही में अपने पिछले कुछ हफ्तों के अनुभवों को साझा करते हुए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया। रविवार को, टॉयलेट- एक प्रेम कथा स्टार भूमि पेडनेकर ने एक कैप्शन के साथ तस्वीरें पोस्ट की, जिसमें उन्होंने प्रशंसकों को अपने पिछले कुछ दिनों के अनुभवों की एक झलक दिखाई। पोस्ट शेयर करते हुए भूमि ने लिखा, पिछले कुछ दिन- सेट पर रहने से लेकर यह पता चलने तक कि मेरी सोल सिस्टर की शादी हो रही है। भूमि पेडनेकर ने प्रशंसकों को अपने मस्ती भरे दिनों की एक झलक दिखाई। भूमि ने इससे पहले तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा था, सेल्फी गेम ससोमवार मोड में। तस्वीरों में भूमि अलग-अलग पोज़ देती हुई नजर आ रही हैं।

पेडनेकर ने हाल ही में कुशा कपिला के टॉक शो टिंडर स्वाइप राइड में हिस्सा लिया। जहां उन्होंने अपने रिश्ते की प्राथमिकताओं के बारे में खुलकर बात की और यह बताया कि वह एक साथी में सबसे ज्यादा क्या महत्व रखती हैं। अपने व्यक्तित्व के लिए मशहूर अभिनेत्री ने साझा किया कि दूसरों के प्रति दया और सम्मान ही वे महत्वपूर्ण गुण हैं, जिन्हें वह एक संभावित साथी में देखना चाहती हैं।



अपनी परवरिश और पिता को बोले आयुष्मान

# चप्पल और बेल्ट से बचपन में खा चुके हैं मार

**अभिनेता** आयुष्मान खुराना की इस साल कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं आई। आयुष्मान आज कल म्यूजिकल बैंड आयुष्मान भव के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ हिस्सों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कही ये बात। इस साल आयुष्मान खुराना के जीवन में ऐसा साल आने वाला है, जब उनकी एक भी फिल्म स्क्रीन पर नहीं आई है। इन दिनों आयुष्मान म्यूजिकल बैंड आयुष्मान भव के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ हिस्सों का दौरा कर रहे हैं। ऑनेस्टली सेइंग पॉडकास्ट पर दिए गए एक इंटरव्यू में, आयुष्मान ने सिनेमा और संगीत दोनों के संदर्भ में काम के मोर्चे पर बहुत सी चीज़ों के बारे में खुलकर बात की। आयुष्मान ने इस दौरान बताया कि जब उन्होंने विक्की डोनर फिल्म की तब वे पिता बन चुके थे। उन्होंने कहा, ये बहुत अलग था, मैं और ताहिरा बहुत जल्दी माता-पिता बन गए थे। उन्होंने कहा कि एक बेटी का पिता होना भी अलग सा अनुभव देता है।

-साभार एजेंसी

# कार्लसन बने टाटा स्टील इंडिया शतरंज विजेता

## जीते रैपिड - ब्लिट्ज़ के दोहरे खिताब




**कोलकाता, एजेंसी।** टाटा स्टील इंडिया के सातवें संस्करण में दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और पाँच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन नें एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए इतिहास को दोहरा दिया है ।

2018 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कार्लसन नें 2019 में पहली बार भाग लिया था और तब भी उन्होने रैपिड और ब्लिट्ज़ के दोहरे खिताब अपने नाम किए थे और अब तक सिर्फ वे ही यह कारनामा कर चुके है । भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरीगैसी नें दोनों खिताब अलग अलग वर्षो में अपने नाम किए है । रैपिड में कार्लसन नें एकतरफा अंदाज में खिताब अपने नाम किया , उन्होने रैपिड के कुल 9 राउंड में छह जीत और 3 ड्रॉ के साथ 7.5 अंक बनाए और पहले स्थान पर रहे । रैपिड में 5.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर भारत के आर प्रज्ञबन्दा दूसरे और यूएसए के सो वेसली तीसरे स्थान पर रहे ।

ब्लिट्ज़ में कुल 18 राउंड हुए और एक समय भारत के अर्जुन एरीगैसी सबसे आगे चल रहे थे पर पर अर्जुन आखिरी के तीन राउंड में पहले हमवतन विदित गुजराती से , फिर मैगनस कार्लसन से और आखिर में प्रज्ञानन्दा से हारकर तीसरे स्थान पर रहे उन्होने कुल 18 राउंड में 10.5 अंक बनाए , कार्लसन 13 अंक बनाकर पहले और 11.5 अंक बनाकर यूएसए के वेसली सो दूसरे स्थान पर रहे । महिला वर्ग में रैपिड का खिताब रूस की आलेक्सन्द्रा गोरयाचकीना नें अपने नाम किया , जॉर्जिया की नाना दगनिडजे दूसरे और भारत की वन्तिका अग्रवाल तीसरे स्थान पर रही.

## एटीपी फाईनल्स टेनिसः

# सिनर ने जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

### इटली के पहले टेनिस खिलाड़ी बने, फ्रिट्ज को हराया



**तूरिन (इटली), एजेंसी।** फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में दो बार के विजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था। माना जा रहा था कि यह मुकाबला बेहद रोमांचक होगा, लेकिन सिनर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए फ्रिट्ज को कोई मौका नहीं दिया। इटली के यानिक सिनर ने अमेरिका टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया। श्रेष्ठ आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जाने वाले वर्ष के अंतिम टूर्नामेंट को जीतने वाले वह इटली के पहले खिलाड़ी हैं।

विश्व नंबर एक सिनर इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन और यूएस ओपन का खिताब जीत चुके हैं। इस टूर्नामेंट के ही दौरान उन्होंने विश्व नंबर एक की ट्रॉफी भी ग्रहण की थी। सिनर और फ्रिट्ज के बीच यह हाल के महीनों में तीसरा मुकाबला था। तीनों ही मुकाबलों में सिनर को जीत मिली। दोनों के बीच यूएस ओपन का फाइनल भी खेला गया था। इस टूर्नामेंट के ग्रुप दौर में भी दोनों खिलाड़ी आमने-सामने रहे, जहां सिनर समान स्कोर 6-4, 6-4 से जीते। फाइनल में सिनर को स्थानीय दर्शकों का जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने दोनों ही सेटों में फ्रिट्ज की एक-एक बार सर्विस तोड़ी। फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में दो बार के विजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था। माना जा रहा था कि यह मुकाबला बेहद रोमांचक होगा, लेकिन सिनर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए फ्रिट्ज को कोई मौका नहीं दिया। सिनर इस वर्ष विवादों में रहे हैं।

वह दो बार डोप पॉजिटिव पाए गए, लेकिन उन्हें आरोपों से बरी कर दिया। उन्हें बरी किए जाने के मामले में वाडा ने अपील कर रखी है। जिस पर फैसला वर्ष की शुरुआत में आना है। युगल का खिताब जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज ने जीता। दोनों ने फाइनल में क्रोएशिया के मैट पेविच और अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो को 7-5 (5), 7-6 (6) से हराया।

# केकेआर ने आवेश को 10 करोड़ में खरीदा

- आरसीबी ने साई किशोर पर लगाया दांव!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन 24 नवंबर से आयोजित होगा. इससे पहले कई मॉक ऑक्शन हो चुके हैं. टीम इंडिया के खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने भी मॉक ऑक्शन का आयोजन किया. इसमें आवेश खान 10 करोड़ रुपए में बिके. उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा. वहीं साई किशोर पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने बड़ा दांव लगाया. उमेश यादव और नवीन-उल-हक को भी अच्छी रकम मिली.

दरअसल अश्विन ने मॉक ऑक्शन का आयोजन किया है. उन्होंने इसका वीडियो यूट्यूब पर शेयर भी किया है. अश्विन के मॉक ऑक्शन में कई खिलाड़ियों पर बोली लगी. आवेश को केकेआर ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा. उन्हें मेगा ऑक्शन में भी अच्छी रकम मिल सकती है.आवेश को राजस्थान रॉयल्स ने रिटेन नहीं किया था. वे टीम इंडिया के लिए भी खेल चुके हैं. साई किशोर पिछले सीजन में गुजरात टाइटंस का हिस्सा थे. लेकिन गुजरात ने उन्हें रिलीज कर दिया. साई किशोर ने अब तक आईपीएल में 10 मैच खेले हैं और इस दौरान 13 विकेट झटके हैं. वे टीम इंडिया के लिए 3 टी20 मैच भी खेल चुके हैं. अश्विन के मॉक ऑक्शन में साई किशोर को आरसीबी ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा.

# अमेरिका पहुंचा चैंपियंस ट्रॉफी का मामला



### पाकिस्तान ने भारत पर उठाया सवाल, मिला ये जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है. भारतीय बोर्ड के इस फैसले के बाद से ही बवाल मचा हुआ है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बौखलाया हुआ है और भारतीय टीम को अपने देश में लाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है. इसके लिए वह हर जगह से अपने पक्ष में मदद जुटाने की लगा हुआ है. पहले पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी इंग्लैंड के समर्थन के लिए लंदन पहुंचे थे. अब इसमें पाकिस्तानी पत्रकार भी उसका साथ दे रहे हैं. इंग्लैंड के बाद उन्होंने इस मामले को अमेरिका तक पहुंचा दिया है और इस मुद्दे पर अपने पक्ष में समर्थन जुटाना चाहा लेकिन निराशा हाथ लगी.

### अमेरिका ने चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर क्या कहा?

पाकिस्तान की कोशिश है कि चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के पक्ष को वैश्विक स्तर पर गलत ठहराकर दबाव बनाया जाए. इसलिए एक पाकिस्तानी पत्रकार ने दुनिया के सबसे मजबूत देश माने जाने वाले अमेरिका के सामने इस मुद्दे को उठाकर उनके रुख को जानना चाहा.

लेकिन उसे सभी के सामने मुंह की खानी पड़ी. दरअसल, विदेश विभाग की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पाकिस्तानी पत्रकार ने अमेरिकी अधिकारी से बताया कि 'यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप के बाद दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट इवेंट है और इसका आयोजन पाकिस्तान में होना है और भारतीय टीम को इसमें हिस्सा लेना था लेकिन उनकी सरकार ने इसके लिए मना कर दिया है. राजनीतिक तनाव की वजह से टीम इंडिया 2008 के बाद से पाकिस्तान नहीं आई है.'

पत्रकार ने ये बताने के बाद पूछा कि 'क्या आपको लगता खेल के साथ राजनीति को मिलाना एक अच्छा आइडिया है? इस पर आपकी क्या राय है? ' इसके बाद अमेरिकी अधिकारी ने मामले पड़ने से साफ तौर पर इनकार कर दिया. उन्होंने कहा कि ये दो देशों का मामला है और वह इस पर कुछ नहीं बोल सकते. इस मामले को भारत-पाकिस्तान को आपस में सुलझाना होगा. वो इसमें शामिल नहीं हो सकते. हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि बिना किसी शक के खेल एकजुट करने वाली शक्ति है.

### इंग्लैंड ने दिया था साथ

क्रिकेट की दुनिया में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड का एक बड़ा कद है. इसलिए बीसीसीआई से विवाद के बाद उसका साथ पाने के लिए मोहसिन नकवी लंदन पहुंच गए थे. उन्होंने ईसीबी के चेयरमैन रिचर्ड थॉम्पसन से मुलाकात कर उनका साथ मांगा. मीटिंग के बाद ईसीबी ने दबे शब्दों में ही सही लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के मुद्दे पर पाकिस्तान का साथ दिया.

थॉम्पसन ने इशारों-इशारों में बीसीसीआई के सुरक्षा की चिंता वाली बात को काटने की कोशिश की थी. उन्होंने कहा था कि इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान का दौरा बेहद ही शानदार था. थॉम्पसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान को अपनी शुभकामनाएं भी दे दी. इसके बाद नकवी ने थॉम्पसन को आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान ने सारी तैयारी कर ली है और टूर्नामेंट की सफल मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है.

# चेतेश्वर पुजारा की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में एंट्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेतेश्वर पुजारा को भले ही टीम इंडिया ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए स्क्वाड में शामिल नहीं किया लेकिन इसके बावजूद अब ये खिलाड़ी इस सीरीज में नजर आने वाला है. चेतेश्वर पुजारा मैदान के अंदर तो नहीं लेकिन मैदान के बाहर से अपना जलवा दिखाने वाले हैं. दरअसल चेतेश्वर पुजारा को इस सीरीज के लिए एक खास जिम्मेदारी मिली है.



पुजारा इस सीरीज में कमेंट्री करते नजर आएंगे और इसके लिए उन्हें अच्छी-खासी रकम भी मिलेगी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुजारा को स्टार स्पोर्ट्स ने हिंदी कमेंट्री के लिए साइन किया है और ऐसे में वो इस प्रतिष्ठित सीरीज के दौरान अपनी एक्सपर्ट राय फैंस के साथ साझा करते दिखेंगे.

### पुजारा का सेलेक्शन नहीं हुआ

चेतेश्वर पुजारा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल के बाद से ही टीम इंडिया से बाहर हैं. हाल ही में ये खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी और उसके साथ-साथ काउंटी क्रिकेट में अपना दम दिखा रहा था लेकिन उनकी टीम इंडिया में वापसी नहीं हो पाई. बड़ी बात ये है कि पुजारा का बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रिकॉर्ड भी कमाल है. वो इस प्रतिष्ठित सीरीज में 50.82 की औसत से 2033 रन बना चुके हैं.

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को हराकर खत्म किया 12 साल का इंतजार, क्रिकेट के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

**कोलंबो, एजेंसी।** दिग्गज बैटिंग ऑलराउंडर सनथ जयसूर्या जब से श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के हेड कोच बने हैं, तब से ही श्रीलंकाई टीम के खेल में काफी बदलाव देखने को मिला है. श्रीलंकाई टीम एक के बाद एक बड़े कारनामे करती जा रही है. श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच पल्लेकेले के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. इस मैच में श्रीलंका ने रोमांचक जीत हासिल की और 12 साल से चलते आ रहे एक इंतजार को भी खत्म किया.

श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मैच में शानदार टक्कर देखने को मिली. न्यूजीलैंड की टीम इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.1 ओवर ही खेल सकी और 209 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस दौरान मार्क चैपमैन ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए. वहीं, मिचेल हे ने 49 रनों का योगदान दिया और विल यंग ने भी 26 रन बनाए. इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टीक सका. दूसरी ओर श्रीलंका के लिए महेश थीक्षाना और जेफ्री वेंडरसे ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट लिए.




लेकिन, 210 रनों के टारगेट के जवाब में श्रीलंका ने अपने 7 विकेट 163 रन पर ही गंवा दिए. ऐसे में ये मैच न्यूजीलैंड के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा था. लेकिन कुसल मेंडिस के बल्ले से एक मैच विनिंग पारी देखने को मिली. उन्होंने नाबाद 74 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया. वहीं, महेश थीक्षाना ने गेंद के बाद बल्ले से भी कमाल किया. महेश थीक्षाना ने 44 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया. बता दें, सीरीज का पहला मैच भी श्रीलंका के नाम ही रहा था. ऐसे में अब श्रीलंका ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है.

### श्रीलंका ने खत्म किया 12 सालों का इंतजार

बदा दें, श्रीलंका ने 12 साल के बाद न्यूजीलैंड को वनडे सीरीज में हराया है. इससे पहले उन्होंने ये कारनामा साल 2012 में किया था. वहीं, श्रीलंका ने अपने घर पर लगातार छठी वनडे सीरीज जीती है. ये श्रीलंका क्रिकेट के इतिहास में ये पहला मौका है जब उन्होंने अपने घर पर लगातार 6 सीरीज जीती हैं. इससे पहले श्रीलंका ने 1997 और 2003 में लगातार 5-5 सीरीज जीती थीं.

# 52 साल का ये पूर्व खिलाड़ी बनेगा पाकिस्तान वनडे-टी20 टीम का नया कोच



**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के वनडे और टी20 क्रिकेट टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले ये पद छोड़ दिया था और फिर टेस्ट टीम के कोच जेसन गिलेस्पी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान का अस्थाई वनडे और टी20 कोच बनाया गया था। हालांकि गिलेस्पी ने साफ कर दिया था कि वो इस जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ हैं और वो टेस्ट कोच बने रहना चाहते हैं। वहीं दूसरी तरफ अब पाकिस्तान के वनडे और टी20 टीम के नए कोच पूर्व खिलाड़ी आकिब जावेद को बनाया जा सकता है।

आकिब जावेद पाकिस्तान टीम के मौजूदा नेशनल सेलेक्टर हैं और इस पूर्व तेज गेंदबाज को जिम्बाब्वे दौरे से पहले वनडे और टी20 टीम का स्थाई कोच नियुक्त किए जाने की संभावना है। पाकिस्तान 24 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा इंडिया टूडे से कहा कि जावेद जो शुरू में कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिए राजी नही थे उन्हें अब चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए मना लिया है। सूत्र ने कहा कि सोमवार को अपना अंतिम टी20 मैच खेलने के बाद पाकिस्तान की टीम सीधे ऑस्ट्रेलिया से हरारे के लिए उड़ान भरेगी और नए कोच आकिब जिम्बाब्वे में ही टीम के साथ जुड़ेंगे।

आकिब जावेद पाकिस्तान सुपर लीग में लाहौर कलंदर्स के कोच रह चुके हैं साथ ही वो हाल ही में श्रीलंका टीम के गेंदबाजी कोच भी थे। इसके अलावा वो पहले पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच और अंडर-19 टीम के मुख्य कोच भी रह चुके हैं।

# हर्षित या प्रसिद्ध पर्थ टेस्ट में किसे मिलेगा मौका!

## शमी पर भी आई अपडेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और उनके सीनियर साथी प्रसिद्ध कृष्णा 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में तीसरे तेज गेंदबाज की जगह लेने की दौड़ में हैं।



सिर्फ 10 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले हर्षित के बारे में कहा जा रहा है कि वह लगातार 140 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से अधिक की गति और अच्छी उछाल हासिल करने की क्षमता के साथ शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बड़े-बड़े दिग्गजों को भी प्रभावित किया है।

पर्थ के वाका मैदान पर भारत के नेट अभ्यास के दौरान हर्षित ने कई मौकों पर अपनी तेज गति से बल्लेबाजों को परेशान किया। दूसरी ओर भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कर्नाटक के इस खिलाड़ी के साथ काफी समय बिताया जिन्होंने हाल ही में मैकाय और मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 'ए श्रृंखला के दौरान प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। प्रसिद्ध को 2 टेस्ट खेलने का अनुभव है और अच्छा उछाल हासिल कर सकते हैं। इस बीच मोहम्मद शमी की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी हो सकती है लेकिन ऐसा श्रृंखला के दूसरे हाफ में ही हो सकता है। चीजों की जानकारी रखने वालों ने बताया कि भारतीय क्रिकेट ब ो ड ' (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम और राष्ट्रीय चयनकर्ता चाहते हैं कि शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कुछ और प्रतिस्पर्धी मैच खेलें जिससे यह देखा जा सके कि कई मैचों के बाद भी उनका शरीर ठीक है या नहीं, फिर भले ही यह सफेद गेंद का टूर्नामेंट हो।

मुख्य कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला ने कहा कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए बंगाल टीम का चयन कल किया जाएगा। अगर शमी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए नहीं जाते हैं तो मेरा मानना है कि वह बंगाल के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## एशियन गेम्सः

# एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विस्मया डोप में फंसीं, जकार्ता 2018 में 400 मीटर रिले में जीता था सोना




**नईदिल्ली, एजेंसी।** नाडा के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल में शामिल विस्मया का सैंपल 24 अगस्त को उनके गृह नगर कन्नूर में लिया गया था। बताया जाता है कि उन्होंने प्रतिबंधित दवा लेने की बात स्वीकार करते हुए अस्थाई प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है।

जकार्ता एशियाई खेलों में जोरदार अंतिम फर्राटा भरते हुए भारत को चार गुणा चार सौ मीटर रिले का स्वर्ण पदक दिलाने वाली 400 मीटर की एथलीट वीके विस्मया डोप में फंस गई हैं। नाडा की ओर से किए गए आउट ऑफ कंपटीशन टेस्ट में उनके सैंपल में स्टीमुलेंट क्लोमिफेन पाया गया है। हांगझोऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली शॉटपुटर किरन बालियान के बाद डोप में फंसनी वाली वह दूसरी बड़ी एथलीट हैं।

### अस्थाई प्रतिबंध लगा

नाडा के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल में शामिल विस्मया का सैंपल 24 अगस्त को उनके गृह नगर कन्नूर में लिया गया था।

बताया जाता है कि उन्होंने प्रतिबंधित दवा लेने की बात स्वीकार करते हुए अस्थाई प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है। विस्मया ने 2018 के एशियाड में हिमा दास, एमआर पूवम्मा, और सरिताबेन गायकवाड़ के साथ मिलकर रिले का स्वर्ण जीता था। उन्होंने 2019 की दोहा एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की चार गुणा चार सौ मीटर रिले और चार गुणा चार सौ मीटर मिश्रित रिले के रजत पदक भी जीते थे।

## इंग्लैंड-वेस्टइंडीजः



# आखिरी टी-20 बारिश में धुला, अंग्रेजों ने 3-1 से जीती 5 मैचों की सीरीज

**सेंट लूसिया, एजेंसी।** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। ऐसे में इंग्लिश टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। पिछ्ला मुकाबला वेस्टइंडीज ने 5 विकेट से जीता था। सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में रविवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में बिना नुकसान के 44 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। बाद में इसे रद्द कर दिया गया। साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके। वेस्टइंडीज का स्कोर 44/0, लुईस-होप नाबाद रहे खेल रोके जाने तक वेस्टइंडीज ने बिना नुकसान के 44 रन बना लिए थे। ओपनर इवेन लुईस 20 बॉल पर 29 और शाई होप 10 बॉल पर 14 रन बना चुके थे। दोनों ने 44 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

## संक्षिप्त समाचार

### जब रैली को संबोधित करते समय रो पड़ीं शिवसेना नेता संजना जाधव

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सियासी बिछात काफी दिलचस्प है। यहां कई सीटों पर करीबी रिश्तेदार आमने-सामने हैं। ऐसी एक सीट है कन्नड़ विधानसभा सीट। यहां पर निर्दलीय उम्मीदवार हर्षवर्धन जाधव अपनी अलग रह रही पत्नी और शिवसेना उम्मीदवार संजना जाधव के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। संजना, भाजपा के वरिष्ठ नेता रावसाहेब दानवे की बेटी हैं। रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान वह इमोशनल हो गईं और रो पड़ीं। उन्होंने अपने पति हर्षवर्धन जाधव के ऊपर कई गंभीर आरोप भी लगाए और कहाकि मेरी जगह किसी और लाया गया। इस मौके पर संजना जाधव ने यह भी कहाकि रावसाहेब दानवे सिर्फ इसलिए चुप रहे क्योंकि वह एक बेटी के पिता हैं। संजना जाधव ने कहाकि हर्षवर्धन जाधव से शादी करने के बाद मुझे बहुत दुख हुआ। मैंने शादी कर ली और एक महीने के भीतर घर आ गई। जब मैंने अपने पिता को इसके बारे में बताया तब उन्होंने कहाकि एक बच्चा होने दो, फिर यह आदमी सुधर जाएगा। एक बच्चा होने के बाद, मेरे पिता ने कहाकि जब आप 40 साल के हो जाते हैं, तो सुधार आ जाता है। अब मैं अपने 40 के दशक में हूं। इस दौरान मैंने बहुत कुछ सहन किया है। संजना ने आगे कहाकि आपको पता है मेरी जगह किसे लाया गया। यह कहकर वह फूट-फूटकर रोने लगीं। उन्होंने कहाकि मेरे पिता पर आरोप लगाया गया। लेकिन सच यह है कि उन्होंने बहुत कुछ बर्दाश्त किया है, क्योंकि वह एक बेटी के पिता है। अगर वह एक बेटे के पिता होते तो सड़कों पर उतर आते। लेकिन लड़के का पिता होने के नाते वह चुपचाप बैठे रहे। इसलिए उसने कुछ नहीं कहा। संजना ने कहाकि मैं पहले कभी नहीं रोई। मैंने कभी किसी चीज के बारे में बात नहीं की। शहर में हर कोई जानता है कि मैंने क्या किया और क्या नहीं किया। उनके भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### हाथ में मशाल और साइकिल रैली; कोलकाता कांड के 100 दिन, ट्रेनी डॉक्टर को न्याय दिलाने की जंग जारी



**कोलकाता , एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में न्याय की मांग जारी है। इसे लेकर रविवार को 100 साइकिल सवारों ने श्यामबाजार इलाके से अस्पताल तक 10 किलोमीटर की रैली निकाली। ट्रेनी डॉक्टर के साथ यह घटना अगस्त में हुई थी। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के प्रदर्शनकारी चिकित्सकों के 'अभय मंच' और नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों की ओर से यह साइकिल रैली निकाली गई, जो सोदेपुर ट्रैफिक मोड़ से शुरू हुई। साइकिल रैली जहां से शुरू हुई वह स्थान मृतक ट्रेनी डॉक्टर के उत्तर 24 परगना जिले में घर से ज्यादा दूर नहीं है। साइकिल सवारों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से लगभग 200 मीटर दूर श्यामबाजार क्रॉसिंग तक पहुंचने के लिए बेलघिया, रथतला, डनलप और सिंथिर मोड़ जैसे विभिन्न स्थानों को पार किया। मृतक की मां ने साइकिल सवारों में से एक को प्रतीकात्मक मशाल सौंपी और उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतका का नाम अभया (निडर और अपराजित) रखा है। हर एक साइकिल सवार के हाथ में थी मशाल रैली के दौरान प्रत्येक साइकिल सवार ने एक मशाल थामी हुई थी। साइकिल रैली का आयोजन नौ अगस्त को हुई घटना के 100 दिन बीत जाने के मौके पर किया था। वहीं, माकपा ने कहा कि 21 नवंबर को कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय तक मार्च निकाला जाएगा। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के मामले की जांच शीघ्र पूरी करने की मांग होगी। यह मार्च कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से मामले को केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपे जाने के 100वें दिन निकाला जाएगा। माकपा के पश्चिम बंगाल राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि मार्च का उद्देश्य जांच में कथित देरी की ओर ध्यान आकर्षित करना और पीड़िता के लिए न्याय की मांग करना है।

# उनके पास खुद का वोट बैंक तक नहीं, हम ही असली शिवसेना: एकनाथ शिंदे

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव करीब आने के साथ सियासी हमले भी तेज हो चले हैं। इसी कड़ी में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिंदे शिवसेना के मुखिया एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर हमला बोला है। उन्होंने कहाकि उद्धव ठाकरे के पास खुद का कोई वोट बैंक नहीं है। वह कांग्रेस के वोट बैंक पर आश्रित हैं। इसके अलावा शिंदे ने महायुति गठबंधन में किसी भी तरह की दरार होने से भी इनकार किया। साथ ही यह भी कहाकि महायुति गठबंधन आगामी चुनाव में बड़ी जीत हासिल करेगा। शिंदे ने उद्धव ठाकरे के शिवसेना चुराने के आरोप का भी जवाब दिया। 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर करारा हमला बोलते हुए कहाकि लोकसभा चुनाव में उन्होंने जो बढ़त हासिल की थी वह कांग्रेस के दम पर थी। इंडिया टुडे के मुताबिक महाराष्ट्र के सीएम ने कहाकि उद्धव ठाकरे के पास अपना नहीं, बल्कि कांग्रेस का वोट



बैंक है। इसका ही असर लोकसभा चुनाव में दिखा था। उन्होंने कहाकि शिवसेना के जो बेस वोटर्स हैं वो हमारे साथ हैं। शिंदे ने इसके लिए वोटिंग आंकड़ों का भी हवाला दिया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहाकि आम चुनाव में महाराष्ट्र के वोटरों ने अपना नजरिया स्पष्ट कर दिया। शिंदे के मुताबिक उद्धव का स्ट्राइक रेट 42 परसेंट था, जबकि हमारा स्ट्राइक रेट 48 परसेंट। शिवसेना के नाम पर जो 19 फीसदी वोट पड़े उसमें 13 परसेंट हमारा था। कोंकण, ठाणे और संभाजी नगर में जिस तरह से उनकी पार्टी नाकाम रही, उससे यह स्पष्ट हो जाता है। शिंदे ने कहाकि ऐसे ही नतीजे विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेंगे।

इस दौरान शिंदे ने उद्धव ठाकरे के उस आरोप का भी जवाब दिया, जिसमें वह शिवसेना चुराने की बात कहते हैं। इसके जवाब में उन्होंने आदर्शों के अंतर की बात कही। उन्होंने कहाकि बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र के आदर्श हैं। पूरी जिंदगी वह कभी भी कांग्रेस के साथ जाने के पक्ष में नहीं रहे। लेकिन उनका बेटा होने के बावजूद उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस से गठबंधन करके बालासाहेब के सिद्धांतों से समझौता किया। उन्होंने निजी फायदे के लिए शिवसेना-भाजपा गठबंधन को मिले बहुमत का गलत इस्तेमाल किया।

एकनाथ शिंदे ने आगे भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व की आलोचना की। उन्होंने कहाकि उद्धव ने मुख्यमंत्री बनने के लिए अपने पिता के आदर्शों को किनारे कर दिया। वह तो बालासाहेब के नाम का इस्तेमाल करने के भी हकदार नहीं हैं। महायुति में मुख्यमंत्री पद के लिए चर्चाओं को लेकर शिंदे ने कहाकि सत्ताधारी गठबंधन में ऐसी कोई रेस नहीं है। हमारे साथियों का पूरा ध्यान गठबंधन को बड़ी जीत के साथ वापस सत्ता में आने पर है।

## कैग ने भी माना, बीजेपी ने कर्ज में डूबो दिया प्रदेश, आज 4.50 लाख करोड़ का कर्जा : हुड्डा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** एक के बाद एक ताबड़तोड़ घोटालों को अंजाम देने में जुटी बीजेपी ने स्वास्थ्य सेवाओं में भी जमकर घोटाले किए हैं। ना सिर्फ सरकार ने जनता का करोड़ों रुपया लूटा है, बल्कि लोगों की जिंदगी से भी खिलवाड़ किया है। कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की ताजा रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट ने बीजेपी के घोटालों को पूरी तरह उजागर कर दिया है। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं और डॉक्टर मुहैया करवाने की बजाय सरकार करोड़ों रुपए के घोटालों को अंजाम देने में लगी हुई है। रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि कई मात्र 42 से 209 किलोमीटर का सफर कई एंबुलेंस ने 1,05,000 से लेकर 5 लाख रुपए में तय किया। यानी लगभग 2500 रुपये प्रति किलोमीटर में एंबुलेंस ने अपनी सेवाएं दीं। इतना ही नहीं एंबुलेंस के मरीजों तक पहुंचने के समय में भी जमकर झोल किया गया है। सीएजी रिपोर्ट में कहा है कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हुए सरकार ने ब्लैक लिस्टेड कंपनियों से भी दवाइयां और उपकरण खरीदे। इतना ही नहीं, सरकार ने ऐसी 15 एंजेसियों को 5.67 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया है, जिनकी दवाएं कई बार घटिया साबित हो चुकी हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने प्रदेश के शिक्षा व स्वास्थ्य तंत्र को पूरी तरह नजर अंदाज किया है। यही वजह है कि आज प्रदेश में लगभग 30त्न डॉक्टरों और 42 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मियों के पद खाली पड़े हुए हैं। हुड्डा ने कहा कि इस बार खुद नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने भी कांग्रेस के आरोपों पर अपनी मुहर लगा दी है। क्योंकि कांग्रेस ने बार-बार हरियाणा की जनता को बताया कि भाजपा ने प्रदेश को साढे चार लाख करोड रुपए के कर्ज तले दबा दिया है। अब खुद कैग की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि मार्च 2023 तक प्रदेश पर चार लाख करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ चुका था। उसके बाद भी इस सरकार ने कर्ज लेना जारी रखा, जो आज 4.50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है।

## शरद पवार की पत्नी को बारामती हाई-टेक टेक्सटाइल्स पार्क के परिसर में जाने से रोका



**बारामती , एजेंसी।** राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार की पत्नी प्रतिभा पवार को रविवार को पुणे जिले के बारामती हाई-टेक टेक्सटाइल्स पार्क के परिसर में प्रवेश करने से कथित तौर पर आधे घंटे तक रोका गया। बारामती से सांसद सुप्रिया सुले के कार्यालय ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार बारामती हाई-टेक टेक्सटाइल्स पार्क की अध्यक्ष हैं। सुप्रिया के कार्यालय की ओर से साझा किए गए एक वीडियो में प्रतिभा पवार और सुप्रिया की बेटी रेवती सुले की महिला सहायक पार्क के एक सुरक्षा गार्ड से गेट खोलने के लिए कहते हुए दिखाई दे रही हैं। प्रतिभा और रेवती पार्क में कुछ खरीदारी करने के लिए पहुंची थीं। गार्ड ने उन्हें बताया कि उसे अनिल वाघ नाम के व्यक्ति ने गेट न खोलने का निर्देश दिया है। प्रतिभा और रेवती के साथ मौजूद एक पुरुष सहायक ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में घटना की पुष्टि की और बताया कि उन्हें कम से कम 30 मिनट तक परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। टेक्सटाइल पार्क के मुख्य प्रबंधक अनिल वाघ ने संपर्क किए जाने पर बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि प्रतिभा पवार परिसर का दौरा करने वाली हैं। अनुमति नहीं थी, इसलिए मैंने गेट पर सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिया कि वे किसी को भी अंदर न आने दें। वाघ ने कहा कि जब मुझे सूचना दी गई कि प्रतिभा काकी आई हैं, तो मैंने तुरंत सुरक्षाकर्मियों से गेट खोलने और उन्हें अंदर जाने देने को कहा।

# अब छत्तीसगढ़ के कांकेड़ में मुठभेड़, डिप्टी कमांडर रैंक के दो नक्सली ढेर

**कांकेर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के कांकेर जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बड़े कैडर के नक्सली मारे गए। एक दिन पहले शनिवार को अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गए थे। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के कांकेर जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में दो बड़े कैडर के नक्सली मारे गए। यह मुठभेड़ जिले के मुसफर्सी काकुर गांव के नजदीक हुई, जहां दोनों पक्षों के बीच करीब एक घंटे तक गोलीबारी चलती रही। मारे गए नक्सलियों की पहचान रंजीत और संतोष के रूप में हुई है। दोनों डीवीसीएम (डिप्टी कमांडर) रैंक के थे। इस मुठभेड़ को सुरक्षाबलों की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।



अबूझमाड़ इलाके में शनिवार को हुई मुठभेड़ के बाद जवान इलाके में सर्चिंग कर रहे थे। मुठभेड़ की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने तत्काल क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों का एक बड़ा ग्रुप देर रात मुफरसी के जंगल में छिपा हुआ था। मौका देखते हुए नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। पहले से सतर्क पुलिस ने नक्सलियों पर जवाबी कार्रवाई की, जिससे मुठभेड़ में बड़ी सफलता मिली। इस मुठभेड़ में डिप्टी कमांडर रैंक के रंजीत और संतोष की मौत हो गई। ये दोनों लंबे समय से इलाके में सक्रिय थे और कई बड़े नक्सली हमलों में शामिल थे।

इन दोनों नक्सलियों के मारे जाने से नक्सली संगठन को एक बड़ा झटका लगा है। पुलिस ने घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और नक्सली साहित्य भी बरामद किया है। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त के बाद स्पष्ट हो पाया कि उनके खिलाफ कई संगीन अपराधों के मामले दर्ज थे। गौरतलब है कि शनिवार को छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के दो जवान भी घायल हुए थे।

## हिमाचल सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का दायरा बढ़ाया, अब इन बच्चों को भी लाभ

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का दायरा बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि वर्तमान में यह योजना प्रदेश के छह हजार अनाथ बच्चों को लाभ पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि अब यह योजना विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहे सरेंडर और परित्यक्त बच्चों की भी मदद करेगी। परित्यक्त बच्चों से तात्पर्य ऐसे बच्चों से है जिनके जैविक या दत्तक माता-पिता, अभिभावकों ने उनका त्याग कर लिया है जबकि सरेंडर बच्चों में वह बच्चे शामिल हैं जिनका माता-पिता या अभिभावकों ने शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कारणों से त्याग किया है। इन बच्चों को इस योजना के तहत लाभान्वित करने से उनका सम्पूर्ण विकास सुनिश्चित होगा। उनकी मानसिक, आर्थिक, सामाजिक एवं भावनात्मक आवश्यकताएं भी पूर्ण होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्तारित मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत जिलों में बाल कल्याण समितियां पात्र बच्चों को प्रमाण पत्र जारी करेगी। उन्होंने कहा कि अन्तिम स्वीकृति के उपरांत इन बच्चों को 14 वर्ष की आयु तक एक हजार रुपये और 18 वर्ष की आयु तक



2500 रुपये प्रतिमाह वित्तीय सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त इन बच्चों को 27 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 4 हजार रुपये का जेब खर्च दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इनकी उच्च शिक्षा के लिए व्यय भी वहन करेगी और छात्रावास उपलब्ध न होने की स्थिति में पीजी की सुविधा के लिए 3 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन बच्चों को स्टार्ट-अप शुरू करने के लिए 2 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे जिससे वे स्वावलंबी बन सके। इसके साथ घर बनाने के लिए उन्हें 3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और विवाह के लिए 2 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में अनाथ बच्चों की देखभाल और सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कानून बनाने वाला हिमाचल प्रदेश पहला राज्य है। इन बच्चों की शिक्षा, कल्याण और समग्र विकास सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रदेश सरकार इनके भ्रमण के दौरान तीन सितारा होटल में ठहरने और हवाई यात्रा अनुभव के लिए उनकी वार्षिक हवाई यात्रा को भी वित्त पोषित करेगी।

## क्या अब अपने दीन पर चलने के लिए बीजेपी से इजाजत लेनी होगी, वक्फ बोर्ड के फरमान पर भड़के ओवैसी

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड की ओर से जारी किए गए नए फरमान पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी भड़क गए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। छत्तीसगढ़ के राज्य वक्फ बोर्ड ने राज्यभर की सभी मस्जिदों के लिए नया फरमान जारी किया है। इसके तहत अब मस्जिद कमेटियों को जुमे की नमाज के दौरान तकरीर के विषयों की जानकारी वक्फ बोर्ड को देनी होगी। बोर्ड के इस फरमान ने भूचाल ला दिया है। कई मुस्लिम संगठन फैसले पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। वहीं औवेसी ने भी सरकार पर हमला किया है।

एआईएमआईएम के सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी ने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट कर सवाल किया, ÷अब भाजपाई हमें बताएंगे कि दीन क्या है? अब अपने दीन पर चलने के लिए इनसे इजाजत लेनी होगी?÷ उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के पास ऐसी कोई कानूनी ताकत नहीं। अगर होती भी तो भी वो संविधान के दफा 25 के खिलाफ होती। दरअसल, वक्फ बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने साफ किया है कि अगर कोई भी मौलाना या मुतवल्ली (प्रबंधक)



जुमे का नमाज के बाद बिना मंजूरी के भाषण देता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड का कहना है कि भले मौलवियों के अधिकतर भाषण सामाजिक होते हों, लेकिन कुछ ऐसे विषय भी होते हैं जो भड़काऊ होते हैं। इसका लोगों पर गलत असर पड़ता है और इसका परिणाम हिंसा के रूप में निकलता है।

डॉ. सलीम राज ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी सीमा का उल्लंघन नहीं किया है, क्योंकि मस्जिदें और दरगाहें वक्फ बोर्ड के अधीन आती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इमामों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कहा गया है।

# अडानी के खिलाफ होगा पहला ऐक्शन, उद्धव ठाकरे बोले- जो दिया है सब वापस लेंगे

**मुंबई, एजेंसी।**
शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कारोबारी गौतम अडानी को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से अडानी के समर्थन में लिए गए सभी फैसलों को वापस लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर बालासाहब ठाकरे के नाम पर वोट मांगने के भी आरोप लगाए हैं। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होना है। वहीं, 23 नवंबर को मतगणना होगी।

रविवार को उन्होंने आरोप लगाए हैं कि महायुति यानी भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मिलकर अडानी की सुल्तानी लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि मुंबई में अडानी समूह को जो भी दिया है वह पहली कैबिनेट मीटिंग में वापस ले लिए जाएंगे। ठाकरे ने कहा कि सत्ता में आने पर महा विकास आघाडी विश्व आर्थिक मंच और एमएमआरडीए के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को रद्द कर देगा, क्योंकि इसका उद्देश्य बीएमसी के महत्व को कम करना है।

मुंबई के बीकेसी मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि अगर एमएमआरडीए (मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण) बीएमसी के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करता है तो वह एमएमआरडीए को भंग करने में संकोच नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की साजिश महज चर्चा नहीं है, बल्कि एक गंभीर संकट है। यह साजिश वास्तविक है, लेकिन हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे।'

ठाकरे ने कहा कि अगर 23 नवंबर को महायुति जीत गई, तो गुजरात में पटाखे फोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा,



एमवीए की पहली कैबिनेट मीटिंग में, अडानी को दी गई सभी चीजें वापस ली जाएंगी। धाराविकरों को उनके घरों और उद्योगों के साथ दोबारा धारावी में बसाया जाएगा।

उन्होंने कहा, यह सरकार मुंबई की जीडीपी बढ़ाना चाहती है। नीति आयोग के पास सुझाव भी हैं। मुंबई को यूटी में नहीं बदलने दे सकते। बीएमसी चुनाव तक नहीं हुए हैं...। इस सरकार के दोस्त मुंबई को लूट रहे हैं। एमएमआर को वैश्विक आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सितंबर में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि एमएमआर विकास पर नीति आयोग की रिपोर्ट के बाद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। ठाकरे ने कहा कि एमवीए-नीत सरकार का पहला फैसला महायुति सरकार की नीतियों को खत्म करना होगा, जिसने मुंबई की जमीन अडाणी समूह को सौंप दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह 'विकास-विरोधी नहीं बल्कि विनाश-विरोधी हैं।' ठाकरे ने दावा किया कि उनके नेतृत्व वाली एमवीए सरकार (जून 2022 में) गिरा दी गई और शिवसेना विभाजित हो गई, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र को लूटने की अनुमति नहीं दी थी। ठाकरे ने कहा कि भाजपा को गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा बनानी पड़ी, जिन्होंने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था और महाराष्ट्र में बालासाहेब ठाकरे के नाम पर वोट मांगना पड़ा, जिसे उन्होंने 'समय का बदला' बताया। 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए ठाकरे ने कहा कि अगर मोदी के रहते लोग असुरक्षित महसूस करते हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, 'मोदी के रहते केवल भ्रष्ट और देशद्रोही ही सुरक्षित महसूस करते हैं।' ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र गंभीर संकट का सामना कर रहा है क्योंकि 'हवाई अड्डे, बंदरगाह, बिजली, खदानें और स्कूल अडानी को सौंपे जा रहे हैं।'

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेल: purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)